e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 189

बुधवार

12.07.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

किसी भी व्यक्ति को ये नहीं सोचना चाहिए कि वो अपनी जिन्दगी में कितना खुश है, बल्कि ये सोचना चाहिए कि उसकी वजह से कितने लोग खुश है।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेसिअलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 28°

न्युनतम 22°

## क्विक न्यूज

### पश्चिम बंगाल में 45 लोगों की हत्या: बीजेपी

**नई दिल्ली :** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के दौरान हुई हिंसा को लेकर बीजेपी ने टीएमसी, कांग्रेस समेत अन्य विरोधी दलों को आड़े हाथ लिया है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा है। संबित ने दावा किया है कि बंगाल में पंचायत चुनाव के नामांकन से लेकर अबतक कुल 45 लोगों की मौत हो चुकी है।

### इसरो ने चंद्रयान-3 का लॉन्च रिहर्सल किया पूरा, 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा से किया जाएगा प्रक्षेपण

**तिरूपति (आंध्र प्रदेश) :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को चंद्रयान-3 के लिए लॉन्च रिहर्सल को पूरा कर लिया है। बता दें कि चंद्रयान-3 मिशन को 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया जाएगा। इसरो ने ट्वीट कर बताया कि आज श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में चंद्रयान-3 वाली इनकैप्सुलेटेड असेंबली को स्क्रूस्ड के साथ जोड़ा गया है। अंतरिक्ष एजेंसी के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने पिछले महीने एएनआई को बताया था कि वे 13-19 जुलाई के बीच अपने तीसरे चंद्र मिशन के लॉन्च की योजना बना रहे हैं।

### पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा ईडी के तीन दिनों के रिमांड पर

**रांची:** ईडी ने अवैध खनन मामले में गिरफ्तार साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा की रिमांड अवधि समाप्त होने पर मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। ईडी की ओर से एक बार फिर रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत कोर्ट से मांगी गयी।ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार की बहस सुनने के बाद ईडी के आग्रह को स्वीकार करते हुए ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की तीन दिनों की रिमांड की मंजूरी प्रदान की। ईडी की ओर से पांच दिनों का रिमांड मांगा गया लेकिन अदालत ने सिर्फ तीन दिनों की रिमांड दी गयी।

### लखीमपुर खीरी कांड: आशीष मिश्रा की अंतरिम जमानत 26 सितंबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर खीरी कांड के आरोपित आशीष मिश्रा को मिली अंतरिम जमानत की अवधि 26 सितंबर तक बढ़ा दी है।सुनवाई के दौरान पीडितों की तरफ से प्रशांत भूषण ने मामले पर रोजाना ट्रायल पर सुनवाई की मांग की, जबकि आशीष मिश्रा के वकील मुकुल रोहतगी ने रोजाना सुनवाई की मांग का विरोध किया। 24 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई की गति पर संतोष जताया था ।

### बोकारो का इस्कॉन मंदिर जलकर हुआ खाक

**बोकारो** शहर के सेक्टर वन में है हंस मंडप। यह शहर का प्रीमियम बैंक्वेट हॉल है। यहां मंगलवार को भीषण आग लग गयी। आग देखते ही देखते विकराल रूप ले ली। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक पूरा मंडप जल चुका था। इसी कैंपस में इस्कॉन का मंदिर भी है। मंदिर भी आग की चपेट में आ गया। आग की चपेट में आने की वजह से मंदिर को भी भरी क्षति हुई है। मंडप कैंपस में राधा-कृष्ण का मंदिर है। आग की चपेट से केवल राधा-कृष्ण की प्रतिमा को बचाया जा सका।

### नीति आयोग की नौ सदस्यीय टीम पहुंची रांची, मुख्यमंत्री के साथ बैठक आज

**रांची।** नीति आयोग की नौ सदस्यीय टीम मंगलवार को रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंची। रांची एयरपोर्ट पर नीति आयोग के स्पेशल एडवाइजर नीरज सिन्हा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि झारखंड में चल रही केंद्र की योजनाओं की राशि के भुगतान को लेकर चर्चा की जाएगी।


**अदालत ने निदेशक संजय मिश्र के कार्यकाल बढ़ाने के केंद्र सरकार के आदेश को किया रद्द**

# ईडी निदेशक का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाना अवैध : सुप्रीम कोर्ट

**शीर्ष अदालत ने ईडी निदेशक के कार्यकाल विस्तार और 2021 के केंद्रीय सतर्कता संशोधन आयोग अधिनियम 2003 में संशोधन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान अपना फैसला सुनाया.**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल को तीसरी बार बढ़ाने को लेकर कहा कि ईडी निदेशक का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाना कानूनी रूप से अवैध जरूर है, लेकिन कार्यकाल बढ़ाने के लिए कानूनी बदलाव वैध है. शीर्ष अदालत ने संजय मिश्र के कार्यकाल को बढ़ाने के केंद्र सरकार के आदेश को रद्द कर दिया है. अब उन्हें 31 जुलाई तक ही पद पर बने रहने की अनुमति दी गई है. शीर्ष अदालत ने ईडी निदेशक के कार्यकाल विस्तार और 2021 के केंद्रीय सतर्कता संशोधन आयोग अधिनियम 2003 में संशोधन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान अपना फैसला सुनाया.न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा,17 नवंबर 2021 और 17 नवंबर 2022 के आदेश, जिसमें प्रतिवादी संख्या 2 संजय कुमार मिश्र के कार्यकाल को एक-एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया गया था, को अवैध माना जाता है. प्रतिवादी संख्या संजय कुमार मिश्र को 31 जुलाई, 2023 तक पद पर बने रहने की अनुमति दी जाती है. गौरतलब है कि 8 मई को शीर्ष अदालत ने ईडी निदेशक के कार्यकाल की अवधि को बढ़ाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रखा था. अदालत ने केंद्र से पूछा था कि क्या एक व्यक्ति के बिना, प्रवर्तन निदेशालय पूरी तरह से ठप हो जाएगा? केंद्र ने इस बात पर जोर दिया था कि मिश्र को वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) द्वारा चल रहे मूल्यांकन को ध्यान में रखते हुए कार्यकाल बढ़ाई गई थी और अदालत को सूचित किया था कि वह नवंबर 2023 से आगे पद पर बने नहीं रहेंगे. केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी थी कि एफएटीएफ द्वारा मूल्यांकन जारी थी और इसीलिए सरकार ने फैसला किया कि संजय मिश्र के पद पर बने रहने से मदद मिलेगी.बता दें संजय मिश्रा को पहली बार नवंबर 2018 में दो साल के लिए ईडी निदेशक नियुक्त किया गया था. उनका कार्यकाल नवंबर 2020 में समाप्त हो गया था. मई 2020 में वह सेवानिवृत्ति की आयु (60 वर्ष) में पहुंच चुके थे. इसी बीच 13 नवंबर, 2020 को केंद्र सरकार ने एक कार्यालय आदेश जारी कर कहा था कि राष्ट्रपति ने 2018 के आदेश को इस आशय से संशोधित किया कि दो वर्ष की अवधि को तीन वर्ष की अवधि में बदल दिया गया. इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी.



### अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई दो अगस्त से

सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ की अध्यक्षता कर रहे सीजेआई ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 2 अगस्त से शुरू होगी. मंगलवार को कोर्ट को जानकारी दी गई कि आईएएस अधिकारी शाह फैसल और कार्यकर्ता शेहला रशीद अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के खिलाफ अपनी याचिकाओं को आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं और अदालत के रिकॉर्ड से अपना नाम हटाना चाहते हैं, अदालत ने याचिकाकर्ताओं के रूप में उनके नाम हटाने के उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है. सुप्रीम कोर्ट का कहना है, अब मामले का शीर्षक इन रे: संविधान का अनुच्छेद 370 होगा.



सीएम से मिले सीसीएल के सीएमडी

## कोयला के उत्पादन व प्रेषण पर की चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में सीसीएल सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री से उन्होंने कोयला के उत्पादन एवं प्रेषण में 2023-24 के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु मार्गदर्शन का आग्रह किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उत्पादन एवं प्रेषण लक्ष्य प्राप्त होने से राज्य को राजस्व की प्राप्ति में वृद्धि भी होगी।

डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने राज्य सरकार द्वारा इस कार्य हेतु सहयोग किए जाने का विश्वास जताया। इधर झारखंड मंत्रालय में अल्पसंख्यक समुदाय रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय के समस्याओं से अवगत कराया एवं इन समस्याओं के निराकरण हेतु उनसे अनुरोध किया।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में मुस्ताक आलम, शमशेर आलम,मोख्तार अहमद, तारिक हुसैन, एस अली एवं हाजी फिरोज मौजूद थे। बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा के कुलपति डॉ. इंद्रनील मन्ना ने भी सीएम से मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

# बारिश का कहर हिमाचल में 63 मौत



एजेंसी

**नयी दिल्ली:** देश में बारिश का कहर जारी है। हिमाचल प्रदेश में हालात भयावह हो चुके हैं। बारिश, भूस्खलन और बाढ़ के चलते यहां अब तक 20 लोगों के मारे जाने की खबर है। बड़ी संख्या में लोग बेघर हो चुके हैं। 40 जगहों पर भूस्खलन की घटनाएं हुई। ब्यास नदी उफान पर है। इसके किनारे बनीं कई इमारतें ढह गई। पुल भी ढह गए। यूपी, उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश में भी हालात बेकाबू होते दिख रहे हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले 72 घंटों में देश के अलग-अलग राज्यों में 76 लोगों की जान चली गई। यूपी में 34, हिमाचल में 20, जम्मू-कश्मीर में 15, दिल्ली में पांच और राजस्थान और हरियाणा में एक-एक की मौत की खबर है।मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बरसात से कुल्लू और लाहौल में हुए नुकसान का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। इसके अलावा चंद्रताल में फंसे 300 लोगों का आज सुबह 5ः00 बजे से बचाव अभियान शुरू कर दिया है। पहली टीम मशीनरी के साथ लोसर से चंद्रताल के लिए रवाना हुई है, जबकि दूसरी टीम काजा से रवाना हुई। करीब 40 लोगों का बचाव दल जिसमें पंगमो और लोसर गांव के युवा के अलावा स्पीति के अन्य गांव से युवा शामिल हैं। मनाली-लेह, कालका-शिमला, कोकसर, लोसर, काजा, चंडीगढ़-मनाली, आनी-कुल्लू, चंबा-भरमौर, ऊना-मंडी, शिमला-हाटकोटी-रोहड़ू, दारचा-शिकुंला, समदो-काजा-लोसर हाईवे पूरी तरह से बंद हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बारिश के चलते अब तक 4,000 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है। कुल्लू-मनाली, मंडी और प्रदेश के ऊपरी इलाकों में हजारों लोग फंसे हुए हैं। अधिकतर जिलों में बिजली, फोन और इंटरनेट सेवा भी ठप है। कुल्लू में बादल फटने से 100 बीघा जमीन खड्डे में बदल गई।

**कैबिनेट : 35 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

# 28 जुलाई से 4 अगस्त तक चलेगा मानसून सत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में हेमंत मंत्रिमंडल की बैठक हुई. बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई. बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावे ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री चंपई सोरेन, मंत्री जोबा मांझी, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बेबी देवी शामिल रहे. बैठक में 35 प्रस्तावों पर मुहर लगी. बैठक में विधानसभा के मॉनसून सत्र को लेकर फैसला हुआ. इसके अलावा, बिजली संबंधित परियोजनाओं के लिए बड़ी राशि आवंटित की गई है. 28 जुलाई से 4 अगस्त तक झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र, कैबिनेट ने औपबंधिक कार्यक्रम को स्वीकृति दी है. सत्र के दौरान 6 कार्यदिवस होंगे. चतरा में ग्रिड सबस्टेशन निर्माण के लिए 302 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है.डीवीसी कमांड एरिया के लिए 579.35 करोड़ की स्वीकृति.पीटीपीएस से बिजली संचरण को लेकर आधारभूत संचरण निर्माण के लिए 2177.8 करोड़ रुपये स्वीकृत.




राज्य पर्यटन संवर्धन समिति का पुनर्गठन किया गया है.समिति के अध्यक्ष अब पर्यटन सचिव होंगे.अभी पर्यटन निदेशक अध्यक्ष हैं, उनकी जगह सचिव को अध्यक्ष बनाया गया है.निदेशक अब समिति में सदस्य सचिव होंगे.देवघर जिला अंतर्गत मधुपुर बैकुंठधाम पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूती करण के लिए 26 करोड़ 64 लाख 74 हजार की राशि की मंजूरी.झारखंड राज्य बंदोबस्त प्रारूप सेवा संवर्ग नियमावली को कैबिनेट की मंजूरी मिली है.

गिरिडीह पंडारिया लाचूरी पथ के लिए 42 करोड़ 75 लाख की स्वीकृति. झारखंड के जिलों में कैदी की मृत्यु होने पर परिजनों को मिलेगा मुआवजा.

**चतरा में ग्रिड सबस्टेशन निर्माण के लिए 302 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है.**

## भारत में 15 साल में 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले : यूएन रिपोर्ट

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र :** भारत में 2005-06 से 2019-2021 के दौरान सिर्फ 15 साल में 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं. संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में ऑक्सफोर्ड गरीबी और मानव विकास पहल (ओपीएचआई) द्वारा जारी वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) के ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश (भारत) ने गरीबी उन्मूलन के मोर्चे पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया है.इसमें कहा गया है कि भारत सहित दुनिया के 25 देशों ने पिछले 15 साल में सफलता के साथ अपने वैश्विक एमपीआई मूल्य को आधा किया है. इससे इन देशों में हुई प्रगति का पता चलता है. इन देशों में कंबोडिया, चीन, कांगो, होंडुरास, भारत, इंडोनेशिया, मोरक्को, सर्बिया और वियतनाम शामिल हैं. संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने अप्रैल में 142.86 करोड़ लोगों के साथ जनसंख्या के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है. अब भारत दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश है. रिपोर्ट में कहा गया,विशेष रूप से भारत ने गरीबी उन्मूलन के मोर्चे पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया है. सिर्फ 15 साल में 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं. रिपोर्ट कहती है कि गरीबी में कमी लाना संभव है. कोविड-19 के महामारी के दौरान के व्यापक आंकड़ों की कमी की वजह से तात्कालिक संभावनाओं का आकलन करना थोड़ा मुश्किल है. भारत में 2005-06 से 2019-21 तक 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं. 2005-06 में भारत में लगभग 64.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी में थे. 2015-16 में यह संख्या घटकर लगभग 37 करोड़ पर और 2019-21 में 23 करोड़ पर आ गई. रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में पोषण के संकेतक के आधार पर बहुआयामी गरीबी और वंचित लोगों की संख्या 2005-06 के 44.3 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 11.8 प्रतिशत पर आ गई. बाल मृत्यु दर भी इस दौरान 4.5 प्रतिशत से घटकर 1.5 प्रतिशत रह गई.रिपोर्ट के अनुसार, जो लोग गरीब हैं और खाना पकाने के ईंधन से वंचित हैं, उनकी संख्या 52.9 प्रतिशत से घटकर 13.9 प्रतिशत रह गई है. वहीं स्वच्छता से वंचित लोग 2005-06 के 50.4 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 11.3 प्रतिशत रह गए हैं.पीने के साफ पानी यानी पेयजल के मानक पर देखें, तो इस अवधि में ऐसे लोगों की संख्या 16.4 प्रतिशत से घटकर 2.7 प्रतिशत रह गई.वहीं बिजली से वंचित लोगों की संख्या इस दौरान 29 प्रतिशत से घटकर 2.1 प्रतिशत पर आ गई. आवास से वंचित लोगों का आंकड़ा भी 44.9 प्रतिशत से घटकर 13.6 प्रतिशत रह गया है.रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत उन 19 देशों में शामिल है जिन्होंने एक अवधि में अपने एमपीआई को आधा किया है.भारत के लिए यह अवधि 2005-06 से 2005-16 रही है. वर्ष 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि 110 देशों में 6.1 अरब लोगों में से 1.1 अरब काफी गरीबी में रह रहे हैं. उप-सहारा अफ्रीका में ऐसे लोगों की संख्या 53.4 करोड़ और दक्षिण एशिया में 38.9 करोड़ है.



## पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव में टीएमसी का जलवा

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद चुनाव के लिए वोटों की गिनती मंगलवार सुबह 8 बजे से जारी है. ग्राम पंचायत की कई सीटों पर तस्वीर साफ हो गई है, जिसमें टीएमसी की जीत एकतरफा है. राज्य चुनाव आयोग के मंगलवार शाम तक के आंकड़ों के मुताबिक, टीएमसी 14972 ग्राम पंचायत सीटों पर आगे चल रही है. बीजेपी 63329 सीटों में से 3421 सीटों पर आगे चल रही है. वहीं, सीपीआई (एम) 1392 सीटों पर और कांग्रेस 829 सीटों पर आगे चल रही है.अन्य दल जिनमें नवगठित आईएसएफ भी शामिल है, 1,362 सीटों पर आगे चल रहे हैं. जबकि टीएमसी के विद्रोही समेत निर्दलीयों ने 718 सीटें जीती हैं और 216 सीटों पर आगे हैं. पंचायत समिति की सीटों से जुड़े आंकड़े भी सामने आने लगे हैं। अब तक टीएमसी ने 55 सीटों पर जीत दर्ज की है और 73 सीटों पर आगे है. एसईसी के एक अधिकारी ने कहा,मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हुई और अगले दो दिनों तक जारी रहने की संभावना है.



# परिवार स्वास्थ्य मेला पखवाड़ा का उपायुक्त ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मंगलवार को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने एमएमसीएच में परिवार स्वास्थ्य मेला पखवाड़ा का उद्घाटन किया। 11 जुलाई से 25 जुलाई तक चलने वाला यह परिवार स्वास्थ्य मेला पखवाड़ा सभी प्रखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित किया जायेगा जहां महिलाओं का बंध्याकरण व पुरुषों का नसबंदी निशुल्क किया जायेगा। इस अवसपर पर उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि हर साल 11 जुलाई को पूरे विश्व में जनसंख्या दिवस मनाया जाता है जिसका उद्देश्य जनसंख्या वृद्धि के कारण की पहचान और निवारण करना है। उन्होंने कहा कि अस्पताल ऐसी जगह है जहां गरीब मरीज इलाज के लिए आते हैं यहां पर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस नियोजन पखवाड़ा में 413 पुरुष नसबंदी एवं 6190 महिला बंध्याकरण कराने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि पुरुष नसबंदी करानेवालों को सरकार की तरफ से 3 हज़ार रुपये, व महिला बंध्याकरण के लिये महिलाओं को 2 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जायेगा। उन्होंने आमजनों से जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन के संसाधनों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय, डॉ आर के रंजन, डीपीएम दीपक कुमार सहित एमएमसीएच के कई डॉक्टर्स, पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार स्वास्थ्य मेला पखवाड़ा का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में परिवार स्वास्थ्य मेला पखवाड़ा का उद्घाटन उप प्रमुख सुनील कुमार सिंह एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चमन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया एवं सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।उद्घाटन भाषण में उपप्रमुख सुनील कुमार सिंह ने कहा कि हमारे देश में जिस तरह जनसंख्या लगातार बढ़ रहा है उस पर नियंत्रण करना सभी लोगों का कर्तव्य है। आज हमारे देश जनसंख्या के मामले में पूरे विश्व में सबसे आगे हैं। इस पर सभी लोगों को चिंतन करना चाहिए। जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध साधनों का उपयोग करना ही एकमात्र उपाय है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर चमन कुमार ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए शादी के 2 साल बाद बच्चा एवं दो बच्चों के बीच 3 साल का अंतर होना जरूरी है। इससे भी जनसंख्या का नियंत्रण करने में काफी मदद मिल सकता है।

## पंडवा बीडीओ ने सुनी प्रखंड के लोगों की समस्या



**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंडवा प्रखंड कार्यालय में बीडीओ ने किया जनता दरबार का आयोजन। पलामू जिले के पंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने संयुक्त रूप से पंडवा प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया जहां पर आए हुए जनताओ का समस्या सुना गया और उस पर समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि राज्य सरकार लोगो के सहूलियत के लिए जनता दरबार लगाने का निर्देश दिए है इसके लेकर जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोगो को त्वरित समस्या का समाधान मिल सके। इस संदर्भ में पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को अनिवार्य रूप से अपने क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले थाना एवं ओपी में भूमि विवाद से संबंधित मामले को सुलझाने हेतु जनता दरबार का आयोजन करें। उन्होंने भूमि विवाद से संबंधित मामलों को संवेदनशील, अतिसंवेदनशील एवं अत्यंत संवेदनशील की श्रेणी में चिह्नित कर प्राथमिकता के आधार निष्पादन सुनिश्चित करने की बात कही। बताया की यदि अंचलान्तर्गत एक से अधिक थाना या ओपी अवस्थित होने की स्थिति में मुख्य थाना में अंचलाधिकारी स्वयं उपस्थित होकर एवं अन्य थाना व ओपी में राजस्व अधिकारी या कर्मचारी को प्रतिनियुक्त कर जनता दरबार का आयोजन कर भूमि विवाद से संबंधित मामलों का निपटारा करें।इस जनता दरबार में अधिकांश लोग मुख्य रूप से पेंशन, आवास, स्वास्थ्य तथा जमीन सीमांकन संबंधित समस्याओं को लेकर आए थे।

# थोक व्यवसाई शांति से कर रहे हैं बाजार क्षेत्र में व्यापार : रूचिर तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, आशिष पाण्डेय, चंद शेखर तिवारी, अभय कुमार भूइंया, आलोक कुमार तिवारी, ने मंगलवार को सत्तार सेठ चौक से विष्णु मंदिर रोड होते हुए बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया। जिसमें बाजार क्षेत्र के सड़क के किनारे व्यवसाय कर रहे थोक व्यापारियों एवं खुदरा व्यापारियों से मुलाकात किया तथा वहां पर स्थानीय लोगों से भी वार्तालाप किया स्थानीय लोगों ने कहा कि सुबह के समय में सभी थोक व्यापारी बिल्कुल शांति से व्यापार कर सामान बेच रहे हैं किसी प्रकार की जाम की स्थिति नहीं बनी हुई है स्थानीय लोग एवं व्यापारियों के बीच परस्पर काफी अच्छा मधुर संबंध बना हुआ है। भाकपा जिला सचिव श्री तिवारी ने कहां की कुछ चुनिंदा लोग बाजार की शांति व्यवस्था को भंग करना चाहते थे लेकिन जिला प्रशासन एवं स्थानीय लोग तथा व्यवसायियों ने उसकी इस मंशा को गलत साबित किया व्यवसायियों का कोई धर्म नहीं होता व्यवसाय का धर्म सिर्फ व्यापार करना होता है। इसके लिए सभी लोग एकजुटता दिखा रहे हैं फिर भी अगर किसी प्रकार की किसी सज्जन व्यक्ति को दिक्कत हो और तो उसका निदान अवश्य किया जाएगा। पहले सुबह बाजार भ्रमण करने में गौस मोहम्मद ,नसीम राइन, सोनू कुमार, गुड्डू कुमार, छोटू कुमार, सतेंद्र कुमार, मिथुन भूइंया सहित व्यापारी उपस्थित थे।

## पूरे संसार में उपद्रव का कारण है माया : जीयर स्वामी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** माया दो प्रकार की होती है एक जड़ माया एक चेतन माया.सोना, चांदी, रूपया पैसा, पृथ्वी, जल, आकाश, वायु, आकाश यह जड़ माया है. संसार की माताएं चेतन माया है. यही दोनो माया के कारण पुरे दुनिया में उपद्रव है. किसी का खेत दखल कर ले किसी का खलिहान दखल कर ले, कहीं राष्ट्र सीमा में दखल हो रहा है, कहीं समुद्री सीमा में, किसी का पठारी क्षेत्र दखल कर ले, किसी का पर्वतीय क्षेत्र यही जड़ माया है. एक माया जड़ होता है. दुसरा माया चेतन होती है. जिसके कारण माताओ के आबरू से खिलवाड़ होता है. इन दोनो के द्वारा दुनिया में उपद्रव है.इन दोनो के द्वारा काम भी नही चलेगा. पुरे संसार में इन दोनो के द्वारा ही उपद्रव है। **भोगवाद द्वारा जीवन जीने के कारण होता है महाप्रलय :** स्वामी जी ने कहा कि जब दुनिया में मर्यादा की कोई अस्तित्व नही रह जाती है, संस्कृति की कोई अस्तित्व नहीं रह जाती है तब महाप्रलय होता है.जब लोग केवल भोगवाद द्वारा जीवन जीने लगते हैं उस समय महाप्रलय होता है. भोगवाद का मतलब है जैसे पशु, कुता, सियार, अनेको प्रकार के पशु ये अपने को यही मानते हैं कि मेरी दिनचर्या है कि कही अपने आप में भोजन कर लें, सो जाएं, संतानोत्पत्ति करें यही भोगवाद है। केवल शरीर की प्रसन्नता, शरीर की संतुष्टि में अपने द्वारा किसी भी प्रकार का व्यवहार और वर्ताव करना मेरे शरीर और इसके आलावा दुनिया में कुछ नही होता है, इस प्रकार से जीने वाला है जीने की शैली है, प्रणाली है उसी का नाम है भोगवाद है.उन्होंने कहा कि गलत तरीके से आयी लक्ष्मी उपद्रवकारी होती हैं. इन्हें संभालना मुश्किल होता है. लक्ष्मी का सदैव सदुपयोग होना चाहिए. जिस परिवार और समाज में लक्ष्मी का उपभोग होने लगता है, वहाँ एक साथ कई विकार उत्पन्न हो जाते हैं। अंततः वह पतन का कारण बनता है.स्वामी जी ने कहा कि आषाढ़ पूर्णिमा को व्यास जी का अवतरण हुआ था, इसीलिए इस तिथि को गुरु-पूर्णिमा मनाने की परम्परा है. व्यास जी को नहीं मानने वाले भी गुरु-पूर्णिमा मनाते हैं.स्वामी जी ने कहा कि गुरु सिद्ध होना चाहिए, चमत्कारी नहीं. जो परमात्मा की उपासना और भक्ति की सिद्धि किया हो, वही गुरु है. गुरु का मन स्थिर होना चाहिए, चंचल नहीं. वाणी-में संयम भी होनी चाहिए. गुरु समाज का कल्याण करने वाला हो और दिनचर्या में समझौता नहीं करता हो, गुरू भोगी-विलासी नहीं हो. उन्होंने कहा कि गुरु और संत का आचरण आदर्श होना चाहिए. जिनके दर्शन के बाद परमात्मा के प्रति आशक्ति और मन में शांति का एहसास हो, वही गुरु और संत की श्रेणी में है. गुरु दम्भी और इन्द्रियों में भटकाव वाला नहीं होना चाहिए.गुरु सभी स्थान व प्राणियों में परमात्मा की सत्ता स्वीकार करने वाला हो।

## समदा आहर को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर सौंपा नगर आयुक्त को ज्ञापन



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर निगम के रेडमा के वार्ड नंबर सत्रह स्थित समदा आहर को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर ग्रामीणों ने जोरदार पहल की है और इस कड़ी में शहर थाना, एसडीएम सदर और नगर आयुक्त मेदनीनगर को ज्ञापन सौंपते हुए अविलंब शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। जनता का कहना है कि जिस प्रकार तेजी से भूमिगत जल स्तर नीचे जा रहा है उसमें आहर पोखरा का अतिक्रमण करके घर बना करके वार्ड में स्थित एकमात्र समदा आहर को संकुचित किया जाना सरासर गलत है। समदा आहर को संकुचित करते हुए उसमे घर बनाया जा रहा है।साथ ही रोड बनाकर उसे अतिक्रमण किया जा रहा है।पूर्व उपमुखिया सह वर्तमान वार्ड नम्बर 17 प्रत्याशी अभिषेक तिवारी ने कहा की विगत पांच वर्षों से इस मामले पर आवाज उठाते आ रहे है परन्तु कुछ कारवाई नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। परन्तु इसबार के पानी के हाहाकार को देखते हुए इस लड़ाई को आरपार तक लड़ा जाएगा और समदा आहर को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। इस पर नगर निगम संज्ञान लेते हुए आहर को अतिक्रमण मुक्त कराएं नहीं तो ग्रामीण और 17 नंबर वार्ड की जनता चुप नहीं बैठेगी आगे बढ़ने का काम करेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व उप मुखिया सह वर्तमान वार्ड नम्बर 17 के प्रत्याशी अभिषेक तिवारी उर्फ चिंटू, कमल किशोर तिवारी, अजीत तिवारी, संजीव तिवारी, प्रियरंजन तिवारी सहित काफी संख्या में वार्ड नंबर 17 की जनता उपस्थित रहे।

## अवैध संबंध में हत्या, महिला ने भाइयों के साथ मिलकर ली प्रेमी की जान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** एक महिला ने अपने भाइयों के साथ मिलकर प्रेमी की हत्या कर डाली. हत्या के बाद शव को दफना दिया और खुद छत्तीसगढ़ के रायपुर भाग गई. पुलिस ने महिला और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके बाद पूरे हत्याकांड का खुलासा हुआ है. अवैध संबंध में हत्या की बात बताई जा रही है।22 मई को पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के रुदवा के रहने वाले इन कुमार सिंह युवक के लापता होने का मामला दर्ज किया गया था. पुलिस नइन कुमार सिंह की तलाश के लिए अनुसंधान कर रही थी. तकनीकी अनुसंधान में पुलिस को पता चला कि गांव की ही महिला के साथ नईन कुमार सिंह का प्रेम संबंध है. जांच में पुलिस को यह पता चला कि महिला छत्तीसगढ़ के रायपुर में अपने पति के पास रह रही है. पलामू के छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार के नेतृत्व में एक टीम छत्तीसगढ़ के रायपुर गई और महिला को गिरफ्तार कर पलामू लाई. उसने ही इस हत्याकांड का खुलासा किया है।महिला ने पुलिस को बताया है कि नइन कुमार सिंह उसे ब्लैकमेल करता था. कई बार नइन पाटन थाना क्षेत्र स्थित मायके तक पीछा करते हुए पहुंच गया था. घटना के दिन नइन बरसैता गया था, जहां महिला के भाइयों ने उसे साथ देख लिया. छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि महिला और उसके भाइयों ने मिलकर नइन की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को गांव में ही दफना दिया।महिला और उसके भाइयों के निशानदेही पर शव का पता चल गया है, मजिस्ट्रेट के निगरानी में शव को बाहर निकाला जाएगा. उन्होंने बताया कि प्रेम संबंधों की जानकारी महिला के पति को भी हो गई थी, जिस कारण पति भी महिला को डांट फटकार करता रहता था. महिला का पति छत्तीसगढ़ में हाईवा का ड्राइवर है जबकि नइन कुमार सिंह भी हाईवा चलाता था।

# पलामू कांग्रेस ने मनाई पंडित जगनारायण पाठक की 28 वीं पुण्यतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अध्यक्षता में मंगलवार को पलामू जिला कांग्रेस मुख्यालय में पलामू कांग्रेस के भीष्म पितामह कहे जाने वाले पंडित जगनारायण पाठक की 28 वी पुण्यतिथि कांग्रेस भवन में मनाई गई ।उनके आदम कद प्रतिमा पर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया । पंडित जगनारायण पाठक का जन्म 15 जून 1910 को हैदर नगर के चौकड़ी ग्राम में हुआ था ।उन्होंने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बनकर पार्टी की लंबे समय तक सेवा की । वह इंदिरा गांधी के बेहद करीबी माने जाते थे ।वह दूसरों में भी नेतृत्व गुणों का विकास चाहते थे और लीडरशिप को प्रोत्साहित करते थे ।यही कारण है कि जब विरोधी दल का कोई नेता अच्छा कार्य करता था तो स्वर्गीय पाठक उसकी प्रशंसा करते थे ।पलामू की राजनीति में पंडित जगनारायण पाठक कई दशकों तक छाए रहे ।आज उनकी पुण्यतिथि पर हम सबको को संकल्प लेकर उनके कार्य से सीखने की जरूरत है ।मौके पर उनके बड़े पुत्र आलोक पाठक अनीश पाठक, डॉ प्रमिला पाठक, गिरीश पाठक पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक सहित सैकड़ों कांग्रेसियों ने उन्हें नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, ईश्वरी प्रसाद सिंह, विनोद तिवारी, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र कमलापुरी ,मिथिलेश सिंह, विजय अग्रवाल ,शंकर पांडे, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष इंदु भगत, महानगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया, सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, नसीम खान, सोनू खान, मुकेश सिंह, साकेत सिंह ,विद्या सिंह चेरो, मनोज अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, शैलेश मेहता, देवान शुक्ला, सौरभ पांडे ने भी स्वर्गीय पाठक को श्रद्धांजलि दी।

## परिवार नियोजन पखवाड़ा का किया गया शुभारंभ



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय ट्रॉमा सेंटर में मंगलवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर परिवार नियोजन पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया.इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये डॉ अवधेश सिंह ने कहा कि जनसंख्या की वृद्धि तेजी से हो रही है। देश मे जनसंख्या विस्फोट की स्थिति उतपन्न हो गई है, जिससे हम सबो को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लोगो मे जागरूकता लाकर परिवार नियोजन कार्यक्रम को अपनाते हुये जनसंख्या को नियंत्रित करने की दिशा में पहल की जरूरत है.उन्होंने कहा कि देश व राज्य के समग्र विकास के लिये जनसंख्या नियंत्रण आवश्यक है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुये अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने कहा कि परिवार नियोजन पखवाड़ा कार्यक्रम 11 जुलाई से आगामी 26 जुलाई तक चलेगा.इस दौरान लोगो को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया जायेगा.परिवार नियोजन पखवाड़ा अगले 15 दिनों तक मेला के रूप में मनाया जायेगा। जिसमे परिवार नियोजन से सम्बंधित सामग्री कंडोम का वितरण, महिला बन्ध्याकरण, पुरुष नसबन्दी आदि की जानकारी दिया जायेगा। कार्यक्रम को प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे ने भी सम्बोधित किया। मौके पर करुणा कुमारी, विपेश राज तमांग, प्रखंड लेखा प्रबन्धक करुणा कुमारी, एसटीटी सुभाष राम, बीटीटी सुनीता कुमारी, ए एन एम सुशीला देवी, फूलकुमारी तिर्की, अंजू कुमारी,दीप्ति कुमारी सहित अस्पताल कर्मी व बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जनप्रतिनिधियों को देख फूट-फूट कर रोने लगी छात्राएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड के पंचायत दलपतपुर स्थित झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं अपने परिजनों से ससमय भोजन मीनू के हिसाब से नहीं मिलने की शिकायत कर रहे थे. जब इस बात की सूचना प्रमुख पिपरा विक्रांत सिंह यादव को मिला तो वह विद्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए उनके साथ पूर्व मुखिया रामप्रवेश भुइया एवं अन्य सहपाठी भी मौजूद थे. सर्वप्रथम इन लोगों को देख छात्राएं फूट-फूट कर रोने लगी। पूछे जाने पर अधिकांश छात्राओं ने बताया कि ससमय भोजन नहीं मिलता है खाने की गुणवत्ता भी निम्न स्तर की रहती है एवं शिक्षकों पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि उनका व्यवहार हम लोगों के प्रति ठीक नहीं है। इन बातों को सुनने के बाद जब प्रखंड प्रमुख ने रसोई घर में जाकर देखा तो बच्चों को एक दिन पहले का खाना खिलाने की तैयारी चल रही थी। यह सब देखने के बाद जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय के शिक्षकों को व्यवस्था में सुधार लाने की कड़ी चेतावनी देने के साथ-साथ शिक्षा विभाग से जांचउपरांत उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं विद्यालय के वार्डन मौसमी रंजन से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा रसोईया का चुनाव किया जाता है। रसोईया के अनुपस्थित होने के कारण भोजन नहीं बन पाया था। स्थानीय रसोईया मीनू के हिसाब से खाना नहीं बना पाती है एवं अपना मनमानी भी करती है ।विद्यालय के खिलाफ स्थानीय लोग राजनीतिक कर शैक्षणिक माहौल भी खराब कर रहे हैं। यह एक बालिका विद्यालय हैं इस प्रकार आधे दर्जन से अधिक पुरुषों का धड़ल्ले से विद्यालय के अंदर एक साथ आना असुरक्षा का माहौल हम सभी शिक्षकों में पैदा कर रहा है। विद्यालय का गार्ड स्थानीय ही है इस बात की सूचना हम सभी शिक्षक अपने विभाग को दे चुके हैं। हम सभी शिक्षकों में डर एवं असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। वही विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष पति रामप्रवेश भुइया ने कहा कि यह विद्यालय पिछले एक साल से सुचारू रूप से संचालित हो रहा था किसी को भी किसी से शिकायत नहीं थी बच्चों को भी भोजन मिलता था रसोईया भी अपना काम करती थी। जब से विद्यालय मे वार्डन को बदला गया है तभी से इस प्रकार की परेशानियां सामने आ रही है। साथ ही कहां की इन सभी बातों को गंभीरता से शिक्षा विभाग को लेना चाहिए एवं जांच उपरांत उचित करवाई होनी चाहिए।

## प्रेमिका ने दिया धोखा तो प्रेमी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के लहर बंजारी गांव में 17 दिनों के अंदर दो युवकों ने प्रेम प्रसंग में आकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया है , आपको बता दें कि लहर बंजारी गांव निवासी कामेश्वर बैठा के इकलौते पुत्र विवेक कुमार बैठा उम्र (17) वर्ष ने देर रात्रि एक सुसाइड नोट लिख कर अपने घर में छोड़ दिया इतना ही नहीं युवक अपने जीवन लीला समाप्त करने से पहले अपनी सुसाइड नोट और एक निजी पोस्ट शोशल मीडिया पर अपडेट करने के बाद गांव के निकट स्थित एक सरकारी जर्जर भवन में फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर लिया , लोगों को युवक की आत्महत्या करने की जानकारी तब हुई जब युवक ने अपनी आत्महत्या करने की जानकारी शोशल मीडिया पर अपडेट किया था , हालाकि आत्महत्या से जुड़ी स्टेटस देखने के बाद परिजन सहित उसके दोस्तों ने रविवार के देर रात्रि तक युवक का खोजबीन किया लेकिन युवक का कहीं पता नहीं चला सुबह गांव के ही कुछ लोगों ने गांव के निकट स्थिति एक सरकारी जर्जर भवन में उसका शव एक फंदे से झूलता हुआ देखा, युवक आत्म हत्या से पहले सुसाइड नोट में लिखा है की वो गढ़वा जिले के रामबाण निवासी एक युवती के साथ उसका प्रेम प्रसंग था, लेकिन युवती ने बेवफाई कर ओ अपने गांव के ही एक लड़का के साथ प्यार करने लगी थी, युवक ने अपनी सुसाइड नोट में यह भी लिखा था की जब ओ अपने प्रेमिका के साथ अब से तीन वर्ष पूर्व बात करना सुरु किया था तो दोनों ने एक कसमें भी खाई थी जिसमें दोनों ने वादा किया था की हम दोनों के जिंदगी में अगर कोई तीसरा दाखिल करेगा तो ओ दोनों अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लेंगे , लेकिन प्रेमिका ने अपनी जीवन में एक युवक को दाखिल कर लिया जिसके बाद प्रेमी युवक ने फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया , युवक ने अपनी सुसाइड नोट में अपनी प्रेमिका का नाम उसके नए बॉय फ्रेंड का नाम और पता भी लिखा है , युवक ने सुसाइड नोट में दो स्थान बनाया है , पहली स्थान पर अपनी प्रेमिका के बारे में लिखा है तो दूसरे स्थान पर अपने मां बाप और अपने दोस्तों के लिए लिखा है , दूसरे स्थान पर युवक ने लिखा है की मुझे माफ कर दीजिएगा मम्मी पापा और मेरे सभी भईया इसमें आप लोगों का कोई गलती नहीं है , हमारा सफर यही तक था मेरे मरने के बाद किसी के ऊपर केस दर्ज मत कीजिएगा। इधर इस बाबत उंटारी रोड थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की इस मामले में उन्हें कोई सूचना नहीं मिली है।

## शिवेन्द्र कुमार ने क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के पद पर पदभार ग्रहण किया



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक शिवेन्द्र कुमार ने पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे माध्यमिक शिक्षा में उपनिदेशक के पद पर कार्यरत थे। विदित हो कि 31 जनवरी 2023 को शिव नारायण साह की सेवानिवृत्ति के उपरांत पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी को क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। विभागीय अधिसूचना के आलोक में शिवेन्द्र कुमार ने अनिल कुमार चौधरी से क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के पद पर पदभार ग्रहण किया।पदभार के बाद क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त को जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार सहित कार्यालय कर्मियों ने स्वागत किया। मौके पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी, कार्यालय कर्मी शीतलेश कुमार सिंह, महेंद्र कुमार सिंह, ज्ञानेश्वर पाठक, नीरज कुमार सिन्हा, रवि रंजन पाठक, राजीव रंजन पांडेय, रंजीत कुमार सिंह, मनीयश राज आदि कर्मी उपस्थित थे। उन्होंने अपने कार्यालय का भी निरीक्षण किया और कार्यो की जानकारी ली।

## संक्षिप्त खबरें

### लाह कारोबारी को अपराधियों ने मारी गोली

**रांची।** बुंडू थाना क्षेत्र से बारूहातू केचोर बाजार में मंगलवार को अपराधियों ने लाह के कारोबारी रौशन भगत को गोली मार दी, जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। बताया जा रहा है कि रोशन भगत को दो गोलियां लगी हैं, बेहतर उपचार के लिए मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुंडू एसडीपीओ अजय कुमार ने मीडिया को बताया कि पुलिस को सुबह 9:30 बजे गोलीबारी की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर पुलिस पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी। सबसे पहले गोली लगने से घायल रौशन भगत को मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि बाइक से तीन अपराधी आए व पैसे की मांग करने लगे। इसके बाद अपराधियों के साथ रौशन का बकझक हुआ। फिर अपराधियों ने गोली चला दी व उनका गल्ला लूटकर भाग गए। घटनास्थल से एक पिस्टल व खोखो बरामद किया गया है।

### पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश की रिम्स में मौत

**रांची:** जिले के कोलीमारन गांव में पिछले दिन एनकाउंटर के दौरान पुलिस की गोली से घायल अपराधी दुर्गा महतो का रिम्स में इलाज के क्रम में सोमवार की देर रात मौत हो गयी। नोडल अधिकारी सह डीएसपी संजय राणा ने भी बताया कि उसके मौत की सूचना मिली है। फिलहाल जानकारी जुटाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि मृतक दुर्गा महतो और उसके गिरोह के साथ बीते सात जुलाई के देर रात गिरिडीह के कोलीमारन गांव में गश्ती पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई थी।

# बेटी के जन्म पर पौधारोपण का ले प्रण : बन्ना गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि बेटा हो या बेटी दोनों को समान दृष्टि से देखने की मानसिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें प्रण लेना चाहिए कि किसी घर में जैसे ही बच्ची का जन्म हो, तो वह पौधा लगायें और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। गुप्ता मंगलवार को 35वें विश्व जनसंख्या दिवस पर रांची में होटल बीएनआर चाणक्या के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए जागरुकता रथ को भी रवाना किया। कार्यक्रम में सीएचओ मैन्युअल, सहिया बुकलेट एवं ब्रोशर का भी विमोचन किया गया। साथ ही नव दम्पतियों के बीच नई पहल किट वितरित किये गये। इसके अलावा स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे डॉक्टर, एनएचएम, सहिया आदि को भी सम्मानित किया गया। मंत्री ने कहा कि झारखंड जनसंख्या नियंत्रण के क्षेत्र में राष्ट्रीय औसत के करीब है। उन्होंने कहा कि जो मामूली अंतर है, उसे भी जल्द ही खत्म कर दिया जाएगा। साथ ही कहा कि राज्य में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी आयी है। परिवार नियोजन के तहत पांच वर्षों में पांच लाख से अधिक महिलाओं का बंध्याकरण कराया गया है लेकिन पुरुष नसबंदी की संख्या बहुत कम है। हमें इस दिशा में लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। 1951 में जहां भारत की आबादी लगभग 36 करोड़ थी, वहीं आज 35वें विश्व जनसंख्या दिवस यह बढ़कर 140 करोड़ के आस पास हो गयी है। यह बढ़ती जनसंख्या दर गंभीर चिंता का विषय है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, अपर अभियान निदेशक विद्यानंद पंकज शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बिरसा उरांव के साथ हुई मारपीट जमीन पर है दलालों की नजर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के ग्राम कमडे, ऊपर टोला, का रहने वाला बिरसा उराँव थाना में लिखित शिकायत की है कि हमारे परिवार की ग्राम कमड़े में पुश्तैनी जमीन है, जो पूर्व में पारिवारिक बंटवारे के तहत बंटवारा की गई थी। मेरे पिता के भाईयों का भरा-पूरा परिवार है, परन्तु मेरा कोई बाल बच्चा नहीं होने के कारण सभी की नजर मेरे हक वो हिस्से की जमीन पर है और सभी उसे हड़पना चाहते हैं।

मेरे हक वो हिस्से की 21 दिसमील भूमि के पास मुख्य सड़क पर स्थित है। जिसका खाता संख्या-102, प्लॉट संख्या-495 है। इस प्लॉट का 21 डीसमील का एक हिस्सा मेरे पिता के एक भाई द्वारा पूर्व में बिक्री किया जा चुका है, जबकि शेष 21 डीसमील भूमि मेरे हक वो हिस्से की बची हुई है। मेरे भाईयों के वंशजों की वजर उस पर काफी दिनों से और वे उस



पर जबरन दावा करते थे, जबकि उन्हें दूसरी जगह सुखा सड़या पर ही हमसे ज्यादा जमीन दी गई । बीते 07.07.2028 को अपनी जमीन पर चारदिवारी का निर्माण कराया था तो ,उनलोगों ने जिनमें संजय उरांव, सुजीत उरॉव, दोनों के पिता स्वर्गीय यूथ संदीप उरांव, दोनों के पिता स्वर्गीय सोलन उरॉव, जुगल उरोध, जुगनू उद दोनों के पिता स्वर्गीय राजू उरॉव, मीनू उराईन, पति प्रवेश उरॉव, नागी उदाईन, पति-स्वर्गीय गुधू उहाँद, सीता उराईन, सातालागी राई, नेहा तराई, पति-शुग सावित्री उराई, पति अनी उ दुखानी उराईन, पति सोमार उराँव, इसके अलावे और भी अन्य अज्ञात व्यक्ति शामिल थे, जिनका नाम मैं नहीं जानता । सभी लोग दिन में आकर जब काम रोकने की भरसक कोशिश किये, लेकिन ये सफल नहीं हो सके । उनलोगों ने पहले तो मेरे पर पर आकर मुझे काम बंद करने की धमकी दी और नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी। मेरे द्वारा काम रोकने से इनकार करने पर उन्होंने लाठी और धारदार हथियार से मेरे ऊपर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया और मुझे बुरी तरह मारने लगे और मेरे जेब में रखे करीब 6500/- रुपये भी निकाल लिए एवं मेरे गले से सोने का चेन तोड़ लिए। उनमें से एक मे मुझपर देशी कट्टा से गोली भी चलाई, लेकिन गोली नहीं लगी। किसी सरह भागकर अपनी जान बचा पाई और साथ ही इनलोगों ने चाहरदिवारी ध्वस्त कर दी है।

## रांची में जमीन विवाद में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार को जमीन विवाद में दो लोगों के बीच मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। एक पक्ष से मोहम्मद वसीम रजा ने जमीन हड़पने और जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप लगाया है। दर्ज प्राथमिकी में वसीम ने बताया है कि बड़गाईं मौजा के खाता संख्या 54 प्लॉट संख्या 1089 का 6.74 डिसमिल जमीन उनका है लेकिन जमीन हड़पने के लिए अनसुल अंसारी बार-बार मारपीट और जान मारने की धमकी देता है। इसके अलावा नौ लोगों के खिलाफ मारपीट, जबरन जमीन पर कब्जा करने की नीयत से जमीन पर चहारदीवारी का निर्माण कराने का आरोप लगाया है। दूसरे पक्ष से अनसुल अंसारी ने मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने का प्रयास करने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने बताया कि पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

# अवैध खनन से जुड़े मनी लांड्रिंग केस में ईडी के गवाह का बयान दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अवैध खनन से जुड़े मनी लांड्रिंग केस में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को ईडी के गवाह विनोद जायसवाल का बयान कोर्ट के समक्ष दर्ज करवाया गया। विनोद जायसवाल साहिबगंज जिले के खनन व्यवसायी हैं। उन्होंने अपनी गवाही में कोर्ट को बताया कि उन्हें क्रशर का लाइसेंस मिला जरूर था लेकिन उनका क्रशर पंकज मिश्रा ने जबरदस्ती ले लिया और उसे पंकज मिश्रा के लोग ही चलाते थे। क्रशर चलाने के एवज में चार लाख रुपये गैरकानूनी तरीके से लिए जाते थे, जिसमें से दो लाख रुपये पंकज मिश्रा को




दिया जाता था। रोजाना साहिबगंज जिले से करीब 1500 ट्रक पत्थर दूसरे राज्यों और अन्य जिलों में भेजा जाता था। इसके लिए ट्रक वालों से पैसे लिए जाते थे। इस पैसे में भी पंकज मिश्रा को कमीशन मिलता था।। ईडी की ओर से गवाही पूरी होने के बाद अब बुधवार को विनोद जायसवाल से बचाव पक्ष यानी पंकज मिश्रा की ओर से क्रॉस एग्जामिनेशन (प्रतिप्रेक्षण) किया जाएगा। गवाही के दौरान ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार और पंकज मिश्रा की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा मौजूद थे।

## प्रांतीय यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष मुकेश व महासचिव रामबिलास बने

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रांतीय यादव महासभा के खलारी प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव व रांची जिला महासचिव रामबिलास गोप चुने गये। समाज के प्रबुद्धजनों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी। 9 जुलाई दिन रविवार को वाईबीएन विद्यालय धुर्वा रांची परिसर में प्रांतीय यादव महासभा की एक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में मुख्य रूप से महासभा के झारखण्ड राज्य प्रदेश अध्यक्ष पीताम्बर दास उपस्थित थे। बैठक में अहीर रेजिमेंट की मांग पर बल दिया गया।

साथ ही प्रांतीय यादव महासभा के सौ वर्ष पूरे होने पर 24 सितंबर को शताब्दी समारोह के आयोजन पर सहमति बनी। तत्पश्चात रांची जिला व प्रखंड कमिटी के चयन किया गया। जिसमे रांची जिला संरक्षक नारायण यादव, उपाध्यक्ष जगरनाथ यादव, महासचिव रामबिलास गोप, खलारी प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव का चयन कर प्रभार दिया गया।सभी नवचयनित समाज के पदाधिकारियों को अतिथि महासभा के झारखण्ड राज्य प्रदेश अध्यक्ष पीताम्बर दास ने माला पहनाकर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

वहीं समाज के प्रबुद्धजनों ने सभी चयनित लोगों को बधाई दी है. जिसमे रोहित यादव, सुनील यादव, भूषण यादव, रूबी यादव, सुरेन्दर यादव, भोला यादव, मेघनाथ यादव, लालेश्वर यादव, राकेश सिंह, बिगन, दिनेश, नरेश सहित अन्य शामिल है।

# निकाह के लिए आधार कार्ड भी जरूरी है : मौलाना बरकाती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला जामा मस्जिद के इमाम ओ खतीब मौलाना मंजूर हसन बरकाती ने बताया कि (शादी) निकाह के लिए आधार कार्ड बहुत ही जरूरी है । उन्होंने बताया कि मुस्लिम धर्मावलंबी में निकाह के लिए लड़का और लड़की दोनों का आधार कार्ड जरूरी है, ताकि यह पता चल सके कि वह लड़का या लड़की किस राज्य, जिले , गांव, बस्ती का रहने वाला है , उसके माता पिता कौन है और उसका पता क्या है ? यह जानकारी हर किसी के लिए



जरूरी होता है। जब कोई भी मौलाना निकाह पढ़ा रहा हो , तो इस बात की जानकारी लड़के वाले एवं लड़की वाले दोनों के परिवार को पहले दे दें कि निकाह के वक्त आधार कार्ड ओरिजिनल और उसका दो फोटो कॉपी अपने साथ जरूर रखें । एक पंचायत, संगठन, एसोसिएशन जो भी एदारा हो उसमें जमा किया जाएगा, और एक इमाम के पास रहेगा , ताकि भविष्य में किसी भी तरह का कोई मामला हो तो यह प्रमाण के रूप में यह साबित कर सके , कि इस लड़की और इस लड़के का निकाह हो चुका है, और इस आधार कार्ड के जरिए हुआ है । जहां तक हो आधार कार्ड में जो नंबर अंकित है , उसका वेरिफिकेशन तो बहुत जरूरी है। पता चला कि आधार कार्ड किसी और का है और उसमें नंबर किसी और का दर्ज है। यह धोखाधड़ी का मामला हो सकता है। इन सब चीजों की जानकारी हर मुसलमान, मोआज्जीन, इमाम, संगठन के जिम्मेदारों को होनी चाहिए, ताकि किसी तरह की किसी को कोई परेशानी न हो सके।

# बैंक ऑफ इंडिया ने लगाया स्वयं सहायता समूह शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल द्वारा ग्राम पंचायत सपारोम, नगड़ी रांची में मेगा स्वयं सहायता समूह शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक सुब्रत कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि देशभर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए इस तरह के शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि समाज में कंधे से कंधा मिलाकर चल रही महिलाओं को वित्तीय मदद की जा सके। मनोज




कुमार, महाप्रबंधक, राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड ने बताया कि संपूर्ण झारखंड राज्य में इस वित्त वर्ष में अभी तक 2814 नया क्रेडिट लिंकेज किया गया जिसमें 148 करोड़ ऋण स्वीकृत किया और नए तथा पुराना खाता मिलाकर कुल 37,048 खातों में 356 करोड़ ऋण स्वीकृत किया गया। उन्होंने जोर देकर कहा कि झारखंड को हम महाजन से मुक्ति दिलाने के संकल्प को लेकर चल रहे हैं और निश्चित रूप से इसमें सफल होंगे। संजीव कुमार सिंह, आंचलिक प्रबंधक, राँची अंचल ने सभी ग्राहकों से आवाह्न किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ केवल अपने तक सीमित न रखें और इसे गांव-गांव तक जन-जन तक पहुंचाएं। बैंक के हर योजना का भरपूर लाभ लें। नरेंद्र कुमार दास, उप आंचलिक प्रबंधक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संयोजन अनुराग वर्मा और मंच संचालन राजेश यादव द्वारा किया गया।

# सत्यानंद भोक्ता ने दोबारा कोर्ट में प्रस्तुत किये साक्ष्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के श्रम मंत्री और पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद भोक्ता से जुड़े बीज खरीद घोटाला मामले में एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में मंगलवार को डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अपने ऊपर लगे आरोपों के बचाव में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अदालत में दोबारा साक्ष्य प्रस्तुत किये।

मंत्री ने अधिवक्ता के माध्यम से आरटीआई से मिले दस्तावेज कोर्ट में प्रस्तुत किया। इसके बाद अदालत ने डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई के लिए 22 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व मामले में एक जुलाई को सुनवाई हुई थी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 से 2007 के बीच 46.10 करोड़ रुपये से अधिक का बीज घोटाला हुआ था। इस दौरान कुछ संस्थाओं से गेहूं, चना और दूसरे अनाज के बीज की खरीद के नाम पर कथित तौर पर गबन हुआ था। बीज घोटाला में जब आरोप पत्र दायर किया गया था, तब सत्यानंद भोक्ता कृषि मंत्री थे। मामले में कृषि विभाग के पूर्व निदेशक निस्तार मिंज, पूर्व मंत्री नलीन सोरेन और पूर्व कृषि निदेशक वी जयराम सहित अन्य लोग भी आरोपित बनाये गये हैं। एसीबी में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## राज्यपाल से मिले भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी



**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को राजभवन में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। राज्यपाल ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे राष्ट्रहित में सदैव कुशलतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन करें।

# योजनाओं को ससमय पूरा करते हुए धरातल पर लाने के दिए निर्देश

**प्रभात मंत्र सांददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त राँची, दिनेश कुमार यादव, निदेशक डीज़आरज़डीज़एज़ राँची, रामवृक्ष महतो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी राँची, वीरेंद्र चौबे, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा राँची, रवि शंकर मिश्रा, राँची जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला समन्वय समिति की विस्तार से समीक्षा करते हुए जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं संबंधित सभी




अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

**प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण):** उपायुक्त द्वार प्रधानमंत्री आवास योजना वर्ष 2016-17 से 2021-22 में तेजी लाते हुए इसे जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश देते हुए सभी प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को ससमय पूरा करने के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया एवं जिन प्रखंडो में कार्य प्रगति कम हैं, वैसे प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को विशेष ध्यान देने को कहा और वैसे लोगों की भी पहचान करें जो गलत तरीके से लाभ लिए हैं, उनपर नियम संगत कार्रवाई करने को कहा गया।

**बाबा भीम राव अंबेडकर आवास योजना:** उपायुक्त ने बाबा भीम राव अम्बेडकर आवास योजना को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को इसपर बधाई देते हुए इसपर संतोष जाहिर किया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन प्रखंडो में बाबा भीम राव अम्बेडकर आवास योजना लंबित हैं, उसे जल्द से जल्द पूरा कराने को कहा गया।

# जनसंख्या स्थिरता अभियान को लेकर जागरूकता जरूरी : डा लाल मांझी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जनसंख्या स्थिरता अभियान के तहत सिविल सर्जन कार्यालय में जन जागरूकता के लिए रैली का आयोजन किया गया ।

इसमें स्काउट एण्ड गाइड, एनएसएस राज्य स्तरीय परामर्शी , पदाधिकारी, समन्वयक एवं निदेशक एवं जिला स्तर से सिविल सर्जन, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकरी सह नोडल पदाधिकारी, जिला आरसीएच पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्तरीय अन्य कर्मी उपस्थित थे। रैली सिविल सर्जन कार्यालय से मेन रोड होते हुए अल्बर्ट एक्का चैक तक गई। डा लाल मांझी,नोडल पदाधिकारी परिवार नियोजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने कहा कि जनसंख्या स्थिरता सूचकांक एक आँकड़ा है जो मापता है कि समय के साथ एक चर कितना बदल गया है , और इसका उपयोग वर्तमान जनसंख्या के लिए एक सांख्यिकीय मॉडल की प्रयोज्यता की निगरानी के लिए किया जाता है।जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा दो चरणों में आयोजित किया जाएगा प्रथम चरण के अंतर्गत जिले में



मोबिलाइजेशन पखवाड़े ( दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा ) का संचालन किया जा रहा है। जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के दूसरे चरण के तहत जिला एवं ब्लॉक स्तर विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर नसबंदी के लिए विशेष परिवार कल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। चिकित्सा संस्थानों पर जिसमें नसबंदी, आईयूसीडी एवं पीपीआईयूसीडी निवेशन की सेवाएं दी जाएंगी।

जिसका थीम होगा आजादी के अमृत महोत्सव में हम लें ये संकल्प, परिवार नियोजन को बनाएंगे, खुशियों का विकल्प। इस दौरान दिनांक 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर दंपती सम्पर्क पखवाड़ा एवं परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा।

# निलंबित आईएएस पूजा के पति ने ईडी कोर्ट में किया सरेंडर, मिली जमानत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जेल में बंद निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा ने मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में सरेंडर किया। साथ ही नियमित जमानत देने का आग्रह कोर्ट से किया। कोर्ट ने अभिषेक झा को एक-एक लाख के दो निजी मुचलके पर नियमित जमानत प्रदान कर दी। इससे पूर्व पांच जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने बेटी के इलाज के लिए अभिषेक झा को अग्रिम जमानत दी थी। इसके बाद उनकी ओर से सरेंडर कर कोर्ट से जमानत आग्रह किया गया। साथ ही अपना पासपोर्ट भी कोर्ट में जमा किया गया। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते वर्ष छह मई को तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सरकारी निजी आवास उनके पति अभिषेक झा और उनके सीए सुमन सिंह सहित कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। सीए सुमन सिंह के



आवास से ईडी को 19.31 करोड़ रुपए मिले थे। यह मामला मनरेगा घोटाला और मनी लांड्रिंग केस से जुड़ा है। इस मामले में अभिषेक झा के खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल हुआ है।

## ओप्पो ने टेलीफोटो कैमरा सेटअप के साथ रेनो10 सीरीज़ लॉन्च की

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अग्रणी ग्लोबल डिवाईसेज़ ब्रांड, ओप्पो ने भारत में अपनी रेनो सीरीज़ में नई पेशकश दी है। ओप्पो के नए स्मार्टफोंस रेनो10 प्रो+ 5जी, रेनो10 प्रो 5जी, और रेनो 10 5जी में ओप्पो के टेक्नॉलॉजिकल इनोवेशंस जैसे बैटरीज़ के लिए बीएचई है, जो सालों तक चलती है, फास्ट चार्जिंग के लिए सुपरवूक है, और डाईनैमिक कंप्यूटिंग इंजन है, जो बैकग्राउंड में 40 से ज्यादा ऐप्स सुगमता से चला सकता है। रेनो10 प्रो+ 5जी और रेनो10 5जी का मूल्य क्रमशः 54,999 रु. और 39,999 रु. है।ओप्पो ने अपने लेटेस्ट टीडब्ल्यूएस, एनको एयर3 प्रो की घोषणा भी की, जिसका मूल्य 4,999 रू. है।इस लॉन्च के बारे में दमयंत सिंह खनोरिया, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, ओप्पो इंडिया ने कहा, 'ओप्पो टेक्नॉलॉजिकल प्रगति की सीमाएं बढ़ा रहा है, और खुद को इस उद्योग में अग्रणी इनोवेटर के रूप में स्थापित कर रहा है। रेनो10 सीरीज़ के साथ हम अपना अत्याधुनिक टेलीफोटो कैमरा और होमग्रोन सुपरवूक टेक्नॉलॉजी लेकर आए हैं, जो जबरदस्त पोर्ट्रेट फोटोग्राफी के साथ यूज़र्स को सबसे बेहतर अनुभव प्रदान करेंगे। यह स्लीक और स्टाईलिश सीरीज़ यूज़र्स को शानदार परफॉर्मेंस के साथ बेहतरीन वैल्यू प्रपोज़िशन भी देती है।




## विश्व जनसंख्या दिवस पर सदर अस्पताल में परिवार कल्याण दिवस कार्यक्रम आयोजित

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मंगलवार को सदर अस्पताल सरायकेला में विश्व परिवार कल्याण दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा एवं सिविल सर्जन डॉक्टर विजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार द्वारा परिवार नियोजन की विधियों इसके लाभ इत्यादि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा परिवार नियोजन कार्यक्रम 11 जुलाई से लेकर 24 जुलाई तक चलेगा जिसमें सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी किया जाना है।इसी क्रम में विगत वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डॉक्टर एवं पाराकर्मियों को पुरस्कृत किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आगे आना होगा।




## कांग्रेस नेता फुलकान्त ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय को दिया बधाई

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय को झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित किए जाने पर जिले के कई कांग्रेसी नेताओं ने उन्हें बधाई दिया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता फुलकान्त झा ने पूर्व मंत्री सहाय को आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित किए जाने पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि झारखंड अलग राज्य के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने राज्य सरकार से सहाय का नाम झारखंड सरकार के गजट में भी प्रकाशित करने और आंदोलनकारी के रूप में विशेष सम्मान देकर उन्हें सम्मानित करने की मांग किया है। इसके अलावा पार्टी नेता राजू रजक, अनिल ठाकुर, मोनू झा आदि नेताओं ने भी उन्हें बधाई दिया है।

## फ्रैंक एंथोनी मेमोरियल अखिल भारतीय अंतर-स्कूल वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुलमोहर हाई स्कूल ने पूर्वी क्षेत्र के ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए 10 जुलाई, 2023 को फ्रैंक एंथोनी मेमोरियल अखिल भारतीय अंतर-स्कूल वाद-विवाद प्रतियोगिता चरण 1- श्रेणी एक की मेजबानी की। इसमें पटना, बोकारो, धनबाद, भागलपुर और जमशेदपुर के आईसीएसई स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। वाद-विवाद का विषय था सोशल मीडिया हमें वास्तविक साथियों के लिए कोई गुंजाइश नहीं देता है इस कार्यक्रम की मॉडरेटर विद्या भारती चिन्मया स्कूल की तानिया दास थीं। कार्यक्रम के निर्णायक शिक्षा निकेतन स्कूल की देवोश्री बनर्जी, के.पी.एस. बर्मामाइंस की अनुराधा बोस और वैली व्यू स्कूल के तमल सेन थे। सेक्रेड हार्ट स्कूल की शिंजिनी मजूमदार को सर्वश्रेष्ठ वक्ता चुना गया, प्रथम रनर अप वक्ता केरेला पब्लिक स्कूल, कदमा, जमशेदपुर की मौपी सरकार थीं। सेक्रेड हार्ट स्कूल, जमशेदपुर को इस आयोजन की सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित किया गया और प्रथम रनर अप टीम का पुरस्कार हिल टॉप स्कूल, जमशेदपुर को दिया गया। विजेता टीम और प्रथम उपविजेता टीम प्रतियोगिता के अगले स्तर तक आगे बढ़ेगी। यह कार्यक्रम प्रिंसिपल प्रीति सिन्हा और प्रक्रिया मालिकों गार्गी मुखर्जी, बैशाली दास गुप्ता और जसविंदर कौर के कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।



## बोड़ाम पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार चालक को भेजा जेल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने मंगलवार को दुबराजपुर में हुई दुर्घटना में शामिल कार संख्या डब्लूबी 56 टी 5230 के चालक पश्चिम बंगाल के बड़ाबाजार थाना क्षेत्र के लखनपुर निवासी बृहस्पति महतो को जेल भेज दिया। मालूम हो कि सोमवार शाम 5 बजे माधवपुर - बोड़ाम मुख्य सड़क पर कार चालक ने अनियंत्रित होकर दुबराजपुर की रहने वाली 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला अष्टमी महतो को जोरदार टक्कर मार दिया था। इसके बाद कार चालक ने बोड़ाम थाना में सरेंडर कर दिया था। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार गिरफ्तार करते हुए दुर्घटना में शामिल कार को भी जब्त कर लिया था। घायल महिला को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई थी। इस संबंध में मृतक के पुत्र ने कार चालक के विरुद्ध बोड़ाम थाना में मामला दर्ज कराया है।

# जिले के एसपी आनंद प्रकाश ने क्राइम मीटिंग कर सभी थाना प्रभारियों को दिए कड़े निर्देश, बोले

## क्राइम कंट्रोल करें या थानेदारी छोड़ दें



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** जिले के एसपी आनंद प्रकाश ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में क्राइम मीटिंग कर सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारियों से स्पष्ट तौर पर कहा कि फरार अभियुक्तों की सूची तैयार कर गिरफ्तार करें, अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी करें। कहा कि हर हाल में जिले की विधि व्यवस्था शांतिपूर्ण रहनी चाहिए। एसपी ने थाना प्रभारियों से स्पष्ट रूप से कहा कि क्राइम कंट्रोल करें या थानेदारी छोड़ दें। उन्होंने जिले में अपराध की घटनाओं में कमी लाने और अपराध नियंत्रण के लिए सभी प्रभारियों के साथ वरीय पुलिस पदाधिकारियों को भी कड़े निर्देश दिए। प्रभारियों से उन्होंने रात्रि गश्ती तेज करने और मामलों का त्वरित गति से निष्पादन करने को कहा। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक थाने में घटित आपराधिक घटनाओं, लूटपाट, हत्या सहित अन्य घटनाओं में अबतक की गई प्रशासनिक कार्रवाई और उपलब्धि के बारे में भी बारी-बारी से जाना। थाना क्षेत्रों में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए जल्द अनुसंधान कार्य पूर्ण करने का निर्देश एसपी ने दिए। उन्होंने पुलिस कर्मियों की समस्याएं भी सुनीं और निस्तारण का भरोसा दिया। एसपी ने अपराध नियंत्रण में लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारी पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही, विभागीय अधिकारियों को लंबित शिकायतों की समय सीमा में जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। क्राइम मीटिंग में सरायकेला एसडीपीओ हरविंदर सिंह, चांडिल एसडीपीओ संजय सिंह, आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार, गम्हरिया थाना प्रभारी सुषमा कुमारी, कांड्रा थाना प्रभारी पास्कल टप्पो, सरायकेला थाना प्रभारी नीतीश कुमार, राजनगर थाना प्रभारी चंदन कुमार यादव, इचागढ़ थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा, चांडिल थाना प्रभारी अजित कुमार समेत जिले के सभी थाना के प्रभारी और इंस्पेक्टर मौजूद थे।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन ने किया नेंगटासाई स्कूल में कार्यक्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन संस्थान की ओर से गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत नेंगटासाई ग्राम के महुलडीह टोला स्थित शिशु शिक्षा निकेतन में विश्व जनसंख्या दिवस पर बच्चों के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने जनसंख्या नियंत्रण पर रंग-बिरंगे पोस्टर बनाकर इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने का सराहनीय प्रयास किया। ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन के झारखंड राज्य प्रभारी आकाश महतो ने अपने संबोधन में कहा कि हमें भावी पीढ़ियों को भी ध्यान में रखते हुए संसाधनों का उपयोग करना चाहिए। हमें जनसंख्या नियंत्रण पर बल देना होगा। मौके पर उपस्थित फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य अजय कारुवा ने बच्चों का ध्यान पर्यावरण संरक्षण की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण वर्तमान समय की मांग है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रभारी गोपाल महतो द्वार धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस मौके पर रंजीत कैवर्त, जयराम महतो, अंभो कैवर्त, सविता महतो, संजय मंडल, आकाश महतो, प्रवीण गोराई, सूरज पात्र, प्रियंका महतो, मनीष महतो, तनु महतो, उमा कालिंदी, रंजन महतो, राखी महतो समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चे उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक सम्पन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त अरवा राजकमल के अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के नीमडीह अंचल अंतर्गत वन अधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक वन पट्टा हेतु प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र के तीन आवेदनों (मौजा- गुंडा, तिलक, कुसपुतुल) पर विचार करते हुए सर्वसम्मति से 12.43 किलोमीटर क्षेत्र अंतर्गत समुदायिक वनपट्टा को स्वीकृत किया गया। मौके पर उपायुक्त ने जिले के सभी अंचल अंतर्गत वनपट्टा से संबंधित प्राप्त आवेदन का प्रस्ताव बनाकर मांग करते हुए योग्य लाभुकों को वनपट्टा प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त के साथ परियोजना निदेशक आईटीडीए संदीप कुमार दुराइबुरु, कल्याण पदाधिकारी लक्ष्मण हरिजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कु. सिंह एवं अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## श्रीराम अनमोल रत्न और श्रीकृष्ण बहुआयामी व्यक्तित्व हैं : शास्त्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर तुलसी भवन में चल रहे सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथावाचक सीताराम शास्त्री ने व्यास पीठ से वामन अवतार, श्रीराम जन्म, श्री कृष्ण प्राकट्य एवं नंद महोत्सव के प्रसंग का सुंदर व्याख्यान किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम अनमोल रत्न है तो श्रीकृष्ण बहुआयामी व्यक्तित्व हैं। राम की लीला अनुकरणीय है तो कृष्ण लीला चिंतनीय हैं। राम जैसी मर्यादा का पालन होने पर ही कृष्ण रूप आनन्द की प्राप्ति होती हैं।इसलिए भागवत में कृष्ण कथा से पहले राम कथा का वर्णन हैं। गजेन्द्र की कथा का प्रसंग सुनाते हुए महाराज जी ने कहा कि भगवान की प्राप्ति में देरी नही हैं, यदि देरी हो रही हैं तो भगवान की ओर से नही हमारी ओर से हो रही हैं। गजेन्द्र और द्रोपदी ने भगवान को पुकराने में विलम्ब किया, किन्तु प्रभु ने आने में विलम्ब नहीं किया। साधक की पूर्ण शरणगति परमात्मा को प्रकट होन में विवश कर देती हैं। मंगलवार को कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान दिन बाल विकास प्रकल्प के तहत एक स्कूल के जरूरतमंद 100 बच्चों को कथावाचक सीताराम शास्त्री ने अपने हाथों स्कुल बैग, पठन-पाठन की सामग्री एवं मिठाई दिया। मंगलवार की सुबह 11 यजमान क्रमशः मंजु अग्रवाल, मंजु सावा, सीमा दोदराजका, मधु सावा ने संयुक्त रूप से पूजा करायी।

## सहरबेड़ा स्कूल में बाल संसद का हुआ पुनर्गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय शहर बेड़ा में मंगलवार को बच्चों एवं शिक्षकों के बीच एक आम सभा का आयोजन कर विद्यालय स्तर पर बाल संसद का पुनर्गठन किया गया। बाल संसद के पुर्नगठन को लेकर आयोजित आमसभा की नेतृत्व सहायक अध्यापक अर्जुन महतो ने की। बाल संसद के पुनर्गठन के पूर्व सहायक अध्यापक ने बच्चों के बीच विस्तार से बाल संसद के कार्यों एवं गठन की प्रक्रिया पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। स्कूल की साफ-सफाई, ससमय प्रार्थना सभा का आयोजन, सुचारू व नियमित ढंग से मध्याह्न भोजन का संचालन, खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए छात्राओं को छह समूह में बांटा गया है। प्रत्येक समूह से दो-दो प्रतिनिधि चुने गए। योग्यता को देखते हुए मंत्रीमंडल के सदस्यों के बीच विभागों का बंटवारा किया गया।

# सुलतानगंज के गंगाजल से साकची बाजार शिव मंदिर में हुई सहस्त्रघट जलाभिषेक पूजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सावन माह के शुभ अवसर पर लगातार दूसरे साल मंगलवार 11 जुलाई को साकची बाजार स्थित श्री श्री साकची शिव मंदिर में सुलतानगंज से आये हुए गंगाजल से भोले बाबा का सहस्त्रघट जलाभिषेक पूजा की गयी। इसका आयोजन शिव मंदिर कमिटी के लालचंद अग्रवाल एंव बबलु अग्रवाल द्वारा अपने पिता (स्व. विनोद कुमार अग्रवाल) की याद में किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल होकर गंगाजल से भोले बाबा का सहस्त्रघट जलाभिषेक किये। मंगलवार सुबह 10 बजे से शिव पूजन तथा दोपहर एक बजे से सुलतानगंज से टैंकर में आये हुए 12 हजार लीटर गंगाजल से भोले बाबा का सहस्त्रघट जलाभिषेक किया गया। संध्या 5 बजे से भोले बाबा का विशेष श्रृंगार एवं महाआरती की गयी। फूलों की लड़ियों से सजे भोले बाबा का विशेष श्रृंगार श्रद्धालुओं को काफी आकर्षित कर रही थी। इसके बाद प्रसाद ग्रहण किया गया। आयोजकों द्वारा एक लीटर का एक हजार बोतल में गंगाजल भरकर श्रद्धालुओं के बीच निःशुल्क वितरण किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में प्रमुख रूप से अग्रवाल परिवार, साकची शिव मंदिर कमिटी, मंदिर के आस-पास के बाजार के दुकानदारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौके पर प्रमुख रूप से समाजसेवी उमेश साह, विजय आनन्द मूनका, शंकर सिंघल, मुकेश मित्तल, संदीप मुरारका, कमल किशोर अग्रवाल, ललित डांगा, आशीष खन्ना आदि उपस्थित थे।



## तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट यूसीलकर्मियों को मिला खूबसूरत खेलकूद मैदान का तोहफा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जादूगोड़ा :** एक अदद खूबसूरत खेल के मैदान को लेकर बीते कई सालो से तरस रहे तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट के यूसीलकर्मियों का सपना पूरा हो गया। कंपनी के महाप्रबंधक एस एस राव, खेल सचिव के नागराजू, अध्यक्ष मैथीवनन की पहल रंग लाई। इस कार्य में सिविल इंजीनियर यशवंत ने बीते 15 दिनों के अंदर इसे तैयार कर कंपनी को सौप दिया। मैदान के तैयार होने के बाद यूसील की तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट में भी अब डीएई स्तर का खेलकूद का प्रतियोगिता का आयोजन आसानी से संभव हो पाएगा।

## जेएससीपी का शौर्य शर्मा बना झारखंड राज्य सब-जूनियर तैराकी चैंपियनशिप का सर्वश्रेष्ठ तैराक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क के शौर्य शर्मा को रांची में आयोजित 13वीं झारखंड राज्य सब-जूनियर तैराकी चैंपियनशिप 2023 में सर्वश्रेष्ठ तैराक ग्रुप3 (बालक) घोषित किया गया।शौर्य ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल, 100 मीटर फ्रीस्टाइल, 200 मीटर फ्रीस्टाइल, 50 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले और 4 गुना 50 मीटर फ्री स्टाइल रिले में छह स्वर्ण पदक जीते। शौर्य शर्मा ने ग्रुप3 (बालक) में सर्वश्रेष्ठ तैराक घोषित होने पर ट्रॉफी जीती।स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने शौर्य को बधाई दी और कहा कि समर्पण, उत्साह के साथ कड़ी मेहनत से सफलता मिलती है।

## सोनारी जाहिरा बस्ती में नाई समाज के भवन का हुआ शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज नगर विकास एवं आवास विभाग निधि से जमशेदपुर अक्षेस अंतर्गत सोनारी जाहिरा बस्ती में नाई समाज के दो मंजिला भवन (उपरी तल्ला) का शिलान्यास किया गया। जिसकी कुल लागत राशि 17,29,946 रूपये है।जमशेदपुर के सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, पश्चिम विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि चितरंजन वर्मा, एवं झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सह पश्चिम विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि बब्बन शुक्ला, मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, सोनु ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से शिलन्यास किया गया।मौके पर भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, रवि ठाकुर, नारायण प्रसाद, किशोर साहू, संजय रजक, कृष्णा यादव, सतेन्द्र सिंह यादव,अभिषेक दे, रमेश प्रसाद साहू, नाई समाज के अध्यक्ष विजय कुमार, तिर्थ ठाकुर, एस एन ठाकुर, एवं समाज के अन्य सम्मानित गण शामिल थे।

# भाजपा के कद्दावर नेता जयनारायण सिंह एवं किशोरी लाल पंचतत्व में हुए विलीन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जनसंघ काल से भारतीय जनता पार्टी को सींचने वाले एवं जमशेदपुर में भाजपा के आधार स्तंभ जयनारायण सिंह एवं भाजपा गोविंदपुर मंडल के पूर्व अध्यक्ष किशोरी लाल मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। बिरसानगर निवासी जयनारायण सिंह एवं गोविंदपुर निवासी किशोरी लाल का भुइयांडीह स्थित बर्निंग घाट पर उनके सुपुत्र के द्वारा मुखाग्नि दी गयी। अंतिम संस्कार में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, मंडल अध्यक्ष बबलू गोप, पवन सिंह समेत पार्टी के सभी वरीय नेतागण, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इससे पूर्व, बिरसानगर जोन नंबर 1 बी एवं गोविंदपुर एल आई जी हाउसिंग कॉलोनी स्थित आवास पर अंतिम दर्शन को भाजपा नेताओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व सीएम रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, जिलाध्यक्ष गुंजन यादव समेत पार्टी के अन्य नेताओं ने दिवंगत नेताओं के पार्थिव शरीर पर सम्मानपूर्वक पार्टी का ध्वज ओढ़ाकर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान आवास पर अंतिम दर्शन को आने वाले सभी लोगों की आंखें नम थी। इस दौरान पूर्व सीएम रघुवर दास ने बिरसानगर में दिवंगत जयनारायण सिंह के घर जाकर एवं गोविंदपुर में दिवंगत किशोरी लाल के घर जाकर शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया।स्वर्णरेखा बर्निंग घाट पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, देवेंद्र सिंह, मनोरंजन दास, राजहंस तिवारी, मिथिलेश सिंह यादव, चंद्रशेखर मिश्रा, रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, कुलवंत सिंह बंटी, खेमलाल चौधरी, पंकज सिन्हा, विकास सिंह, राकेश सिंह, पप्पू सिंह, मुकेश राय, पवन अग्रवाल, राजकुमार सिंह, संजीव सिंह, कमलेश सिंह, अमित अग्रवाल, कमलेश सिंह, बबलू गोप, पवन सिंह, हेमंत सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, मनीष पांडेय, इंदरजीत सिंह समेत सैकड़ों अन्य कार्यकर्ताओं ने नमन किया।

# सिंहभूम बंगीय एसोसिएशन के गौतम गांगुली बने अध्यक्ष व विश्वनाथ घोष सचिव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** सिंहभूम बंगीय एसोसिएशन की आयोजित वार्षिक आम सभा में एसोसिएशन के नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अरुप घोष को चेयरमैन, गौतम कुमार गांगुली को अध्यक्ष, पलाश कांति हाजरा, उत्पल दत्त व डॉ0 जेके गांगुली को उपाध्यक्ष, विश्वनाथ घोष को सचिव, दिलीप कुमार मंडल, सुशांत साहा, बिप्लव दलाल व जाय चक्रवर्ती को सह सचिव, रंजन कुमार डे को कोषाध्यक्ष, चेताली दास को सह कोषाध्यक्ष, सुजाता हाजरा को सांस्कृतिक सचिव तथा बापी चटर्जी को प्रेस प्रवक्ता बनाया गया। इसके अलावा विकास विश्वास, पार्थ प्रतिम घोष, तापस सरकार, पल्लव चौधरी, सुदीप्त दास, श्रीदाम मंडल, डॉ एनके पाल व चिन्मय पात्रो को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रखा गया है। बैठक की अध्यक्षता एसएस राय ने किया। इस मौके पर सर्वप्रथम एसोसिएशन के सचिव विश्वनाथ घोष द्वारा वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए आगामी कार्यक्रमों के रुपरेखा की जानकारी दी गई। बैठक में सभी सदस्य उपस्थित थे।

## संपादकीय

### आसमानी कहर

**खबरें** मौसम की उत्पात मचा रही हैं, हमारे करीब आपदाग्रस्त हिमाचल की तस्वीर बना रही हैं। मकान, सडक़ और राज्य का विकास कांप रहा है, पहाड़ों पर जल्लाद मौसम का यह रुख बदनाम कर रहा है। हम नहीं चाहते इस मौसम में कोई पर्यटक यहां आए। यह भी नहीं चाहते कि हमारी मंजिलों पर कोई खलल आए, लेकिन फिर एक साथ कई परीक्षाओं में बारिश ने हमें चुन लिया और बादलों ने कहर से हमें डराने का सबब बुन लिया। हिमाचल में यात्राएं ही कठिन नहीं, बल्कि जीने की हर राह पर आसमानी मंजर का भयावह परिदृश्य उभर आता है हर बार। पिछले एक हफ्ते से हिमाचल का दर्द बढ़ता जा रहा है। यह पीड़ा सिर्फ हिमाचल की है जिसे हम वर्षों से झेलते आ रहे हैं अकेले। हो सकता है कुछ गलतियां हो गई हों, लेकिन इतने भी गलत नहीं कि पर्वतीय राज्य को हमेशा मौसम की बेरुखी में अकेला छोड़ दिया जाए। बहरहाल पिछले पंद्रह दिनों ने करीब पांच सौ करोड़ का नुकसान इस राज्य की प्रगति, प्रवृत्ति और प्रासंगिकता को सुना दिया। कोटगढ़ के मधावनी गांव के उस परिवार का क्या कसूर, जिसके अस्तित्व को ही छीन लिया गया या श्रीखंड यात्रा में आस्था का क्या दोष जहां एक यात्री की ईहलीला गुम हो गई। शिमला के मौसम की वीभत्स तस्वीर में मधावनी के ढहते मकान में दबे पति-पत्नी और बेटे की मौत सता रही है, तो दरकते पहाड़ों के नीचे जोखिम जिस तरह बढ़ रहा है, उसे देखते हुए बरसात का यह कहर मापा नहीं जा सकता। दोष किसे दें, मानवीय प्रगति या पहाड़ के विकास में आदतन सुराख कहां खोजें। ऊना में डूबने का मंजर, पंडोह के बाजार से कम नहीं और न ही चंबा के रास्तों में दूरी कम हो रही। खड्डें या नदियां जिस तरह के उफान पर हैं, उसे देखते हुए सिर्फ आपदा प्रबंधन की घंटियां ही बजाई जा सकती हैं या अब बाढ़ जैसी स्थिति के इतिहास से बहुत कुछ सीखना होगा। प्रदेश की प्राथमिकताओं में कहीं हम मौसम के खूंखार पहलुओं को नजरअंदाज तो नहीं कर रहे। कहीं प्रकृति के नियमों के विरुद्ध विकास तो नहीं कर रहे। हम इस आफत में यूं ही नहीं फंसे, राष्ट्रीय मानकों के फलक पर पर्वतीय आवरण से यह तकरार मानी जानी चाहिए। दरअसल जलनिकासी की प्राकृतिक भूमिका से जहां-जहां छेड़छाड़ हुई या विकास की हिदायतों को नजरअंदाज किया गया, वहां-वहां मौसम के खंजर उभर आए हैं। ऐसे में राष्ट्रीय चेतना में पहाड़ को केवल पर्यावरण का मसौदा मानकर हिफाजत नहीं होगी, बल्कि विकास के विकल्पों में माकूल अनुदान चाहिए। हिमाचल में या हिमाचल से निकलते जल की निकासी को उच्च दर्जे का प्रबंधन और विकास के मानदंडों में नया सृजन चाहिए ताकि मानव बस्तियों को राष्ट्र का इंसाफ मिले। तमाम नदियों, नालों, खड्डों और कूहलों को इनके प्राकृतिक प्रारूप में संरक्षण देने के लिए चैनलाइजेशन की राष्ट्रीय परियोजना तैयार करनी होगी जबकि पर्वतीय विकास की जरूरतों के समर्थन में राष्ट्रीय अवधारणा तय होनी चाहिए। शहरी एवं ग्रामीण विकास के पर्वतीय मानदंड केंद्र सरकार की नीतियों से न मुकम्मल आर्थिक मदद हासिल कर पा रहे और न ही ऐसा मॉडल तय हो रहा है जहां मौसम की बेरुखी के बीच विकास और जनजीवन का संतुलन सुरक्षित रूप से बना रहे। बहरहाल मौसम के साथ पैदा होते दृष्टांत को समझने की जरूरत आम नागरिक को भी है। जल निकासी के पारंपरिक तरीकों पर बढ़ते अतिक्रमण तथा पहाड़ों पर निर्माण की गतिविधियों को जिस तरह आगे बढ़ा रहे हैं, उससे भी अकसर हमें आपदा के समय पछताना पड़ रहा है।


बहरहाल पिछले पंद्रह दिनों ने करीब पांच सौ करोड़ का नुकसान इस राज्य की प्रगति, प्रवृत्ति और प्रासंगिकता को सुना दिया। कोटगढ़ के मधावनी गांव के उस परिवार का क्या कसूर, जिसके अस्तित्व को ही छीन लिया गया या श्रीखंड यात्रा में आस्था का क्या दोष जहां एक यात्री की ईहलीला गुम हो गई। शिमला के मौसम की वीभत्स तस्वीर में मधावनी के ढहते मकान में दबे पति-पत्नी और बेटे की मौत सता रही है, तो दरकते पहाड़ों के नीचे जोखिम जिस तरह बढ़ रहा है, उसे देखते हुए बरसात का यह कहर मापा नहीं जा सकता। दोष किसे दें, मानवीय प्रगति या पहाड़ के विकास में आदतन सुराख कहां खोजें। ऊना में डूबने का मंजर, पंडोह के बाजार से कम नहीं और न ही चंबा के रास्तों में दूरी कम हो रही।


## कुछ अलग

### खूनी पंचायत चुनाव

**पश्चिम** बंगाल में खूंरेजी का आलम है। बीती 8 जुलाई को पंचायत चुनाव के लिए मतदान का दिन था। लोकतंत्र में चुनाव को 'उत्सव' मानते हैं, क्योंकि जनादेश के जरिए ही हम अपनी सत्ताएं चुनते हैं, लेकिन मतदान के दिन ही 15 नागरिक मार दिए गए। पोलिंग अधिकारी को ही पीट दिया गया। मतदान केंद्र लूट लिए गए और फूंक दिए गए। 1990 के दशक के बिहार की यादें ताजा हो गईं। कार्यकर्ता मतपेटियां लूट कर भाग गए। मतपत्र फाड़ दिए गए अथवा नहर में फेंक दिए गए। यानी जो जनादेश मतपेटियों में बंद किया गया था, उसे नष्ट करके खारिज कर दिया गया। क्या यही लोकतंत्र है? क्या ऐसी हिंसा और हत्याओं को ही 'लोकतंत्र का पर्व' मान सकते हैं? बंगाल में गोलियां चलीं, बम फोड़े गए, पत्थरबाजी की गई और जब से पंचायत चुनावों की घोषणा हुई थी, तब से करीब 35 कार्यकर्ताओं या आम लोगों की हत्याएं की जा चुकी हैं। सवाल है कि बंगाल में लोकतंत्र की बुनियाद-पंचायत-के चुनाव ही इतने रक्त-रंजित क्यों होते हैं? राज्य की ममता बनर्जी सरकार का कानून-व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं है अथवा सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के 'गुंडे' ही यह निरंकुश खून-खराबा करते रहे हैं? हम पहले भी ऐसी स्थितियों के विश्लेषण कर चुके हैं कि लोकतंत्र में राजनीतिक हिंसा और हत्याओं की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। जो जनादेश देना है, वह मतपेटियों के जरिए दिया जाए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस संदर्भ में खामोश क्यों रहती हैं? उनकी पार्टी के प्रवक्ता टीवी बहसों के दौरान मात्र कुतर्क करते हैं अथवा भाजपा पर मुलम्मा चढ़ाते रहे हैं। वे पार्टी कार्यकर्ताओं को ही 'शहीद' मान कर गौरवान्वित होते रहे हैं। कार्यकर्ता तृणमूल, भाजपा, कांग्रेस या वामदलों का मारा जाए, अंततः राज्य का गरीब आदमी ही मारा जाता है, जो देश का बुनियादी नागरिक होता है। गरीब और आम फटेहाल कार्यकर्ता ही राजनीतिक हिंसाओं में क्यों झोंके जाएं? बड़े नेता का परिजन क्यों नहीं मारा जाता? यदि यह हिंसा बड़े, अमीर, खनकदार नेताओं तक पहुंच जाती, तो शायद कम भी होने लगती! बंगाल में वाममोर्चा की सत्ता के दौरान 55,000 से ज्यादा राजनीतिक कार्यकर्ताओं की हत्याएं की गईं। ममता सरकार के दौरान भी यह सिलसिला जारी है, बेशक आंकड़े कम हैं या कम दिखाए जा रहे हैं। दरअसल हालिया हिंसा बंगाल के किसी एक क्षेत्र-विशेष में नहीं हुई, बल्कि यह तांडव मुर्शिदाबाद, कूचबिहार, बीरभूम, नंदीग्राम, मालदा, पुरुलिया, नॉर्थ-साउथ 24 परगना, हुगली, नदिया आदि इलाकों में भी लोकतंत्र को लहूलुहान करता रहा। यह तब हुआ, जब राज्य को करीब 65,000 केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवान दिए गए और करीब 70,000 पुलिस बल था। सवाल है कि ममता बनर्जी के इशारे पर केंद्रीय बलों को रिजर्व क्यों रखा गया? दरअसल उनकी तैनाती राज्य चुनाव आयोग के आदेश पर की जाती है, लेकिन राज्य के निर्वाचन आयुक्त राजीव सिन्हा के आधार पर वकीलों ने सर्वोच्च अदालत में कहा कि हमें केंद्रीय बलों की जरूरत नहीं है। हम खुद ही चुनावों को देख लेंगे। अब राज्य चुनाव आयोग का क्या जवाब है? क्या चुनावों को खाक देखा गया? जिन इलाकों में लोकतंत्र का चीरहरण और आगजनी की गई है, उस पर चुनाव आयोग क्या जवाब देगा? दरअसल राजीव सिन्हा राज्य के मुख्य सचिव रहे हैं और मुख्यमंत्री की अनुशंसा पर ही राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उनकी नियुक्ति की थी। दरअसल अनुशंसा समेत सब कुछ ही संदेहास्पद और सवालिया था। बंगाल में रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, राममोहन राय, ईश्वरचंद विद्यासागर, रवींद्र नाथ टैगोर सरीखे महानुभावों ने जो संस्कृति और सामाजिकता दी थी, आज वह खून-खराबे में तबदील हो गई है। 2011 से ममता की तृणमूल कांग्रेस पार्टी सरकार में है और तभी से हिंसा और हत्याओं का खेल जारी है। लोकसभा में कांग्रेस के संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी का बेहद गंभीर आरोप है कि ममता बनर्जी के हाथ और उनकी सरकार खून में सनी है। दरअसल यह बंगाल के इतिहास में, लोकतंत्र में, एक बेहद 'काला दिन' के तौर पर याद किया जाता रहेगा। केंद्र सरकार को कुछ कराना है, तो ग्राम पंचायतों में निहित व्यापक भ्रष्टाचार की गहन जांच कराए, क्योंकि मात्र 6000 रुपए की मासिक पगार के लिए कोई इतने बड़े स्तर की खूंरेजी में लिप्त नहीं हो सकता। सभी दलों को राज्य में हिंसा पर रोक के लिए मिलजुल कर काम करना होगा। केंद्र और राज्य सरकार के बीच तालमेल भी बहुत जरूरी है।

## बड़ी खाद्यान्न भंडारण क्षमता के निर्माण से जहां भारत में खाद्यान्न की बर्बादी कम होगी और खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी

# मजबूत खाद्य सुरक्षा का नया परिदृश्य

डा. जयंतीलाल भंडारी


पैक्स के स्तर पर भंडार गृह, प्रसंस्करण इकाई आदि कृषि व्यवस्थाएं निर्मित करके पैक्स को बहुउद्देश्यीय बनाया जाएगा और खाद्यान्न भंडारण में विविधता लाई जा सकेगी। ऐसे में अब खाद्य सुरक्षा को और मजबूत बनाने में नई भंडारण क्षमता की भूमिका महत्त्वपूर्ण है, वहीं खाद्य सुरक्षा के लिए जिन कई और बातों पर भी ध्यान देना होगा, उनमें पोषण, सतत कृषि उत्पादन के लिए जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकियां, कृषि प्रणाली मॉडल पर केंद्रित जलवायु स्मार्ट दृष्टिकोण, हरित तथा जलवायु अनुकूल कृषि के लिए वित्तपोषण, छोटे और सीमांत किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए अवसंरचना को मजबूत करने और प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए अधिक निवेश, समावेशी कृषि मूल्य श्रृंखलाएं, कृषि बदलाव हेतु डिजिटलीकरण, कृषि-खाद्य क्षेत्र को बदलने के लिए नई उभरती डिजिटल तकनीकों का लाभ आदि शामिल है।




**इन** दिनों खाद्यान्न संकट की चुनौतियों से संबंधित विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों और वैश्विक सम्मेलन में भारत को मजबूत खाद्य सुरक्षा वाले देश के साथ-साथ खाद्यान्न संकट का सामना करने वाले देशों के लिए आदर्श मददगार के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। हाल ही में हैदराबाद में आयोजित जी-20 कृषि मंत्रियों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस समय जब दुनिया के सामने खाद्य सुरक्षा की चिंताएं उभरकर दिखाई दे रही हैं तब भारत बैक टू बेसिक्स एंड मार्च टू फ्यूचर की नीति के साथ देश की खाद्य सुरक्षा मजबूत बनाते हुए दुनिया की खाद्य सुरक्षा में भी मदद कर रहा है। इस सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि देश में कृषि-विविधता को बढ़ावा, कृषि क्षेत्र में प्रभावी नीतियों, डिजिटल कृषि आदि से किसानों को लाभ मिल रहा है और देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। ऐसे में निश्चित रूप से इस परिप्रेक्ष्य में पिछले दिनों 31 मई को भारत सरकार के द्वारा स्वीकृत सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण क्षमता बनाने की योजना भारत ही नहीं, दुनिया की खाद्य सुरक्षा में भी मील का पत्थर साबित होगी। यह कोई छोटी बात नहीं है कि विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष सहित दुनिया के विभिन्न सामाजिक सुरक्षा के वैश्विक संगठनों के द्वारा भारत की खाद्य सुरक्षा की जोरदार सराहना की जा रही है। भारत में जहां कोरोना काल में 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को मुफ्त अनाज दिया गया, वहीं इस वर्ष जनवरी 2023 से वर्षभर गरीबों की खाद्य सुरक्षा तथा आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए मुफ्त अनाज वितरित किया जा रहा है। वर्ष 2023 में वर्षभर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत आने वाली देश की दो-तिहाई आबादी को राशन प्रणाली के तहत मुफ्त में अनाज देने की यह पहल दुनिया भर में रेखांकित की जा रही है। निःसंदेह एक ऐसे समय में जब दुनिया के कई देशों में खाद्यान्न की कमी बनी हुई है, तब भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था इंटरनेशनल फंड ऑफ एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट के मुताबिक पिछले साल 2022 में भारत ने गेहूं की भारी कमी झेल रहे दुनिया के 18 देशों को गेहूं भेजा है। भारत आज दुनिया में जहां चीन गेहूं का सबसे बड़ा उत्पादक देश है, वहीं भारत गेहूं का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है, रूस तीसरे नंबर पर है। भारत दुनिया का 9वां सबसे बड़ा खाद्यान्न निर्यातक देश भी है। देश में लगातार बढ़ता हुआ रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन भारत की खाद्य सुरक्षा को मजबूती प्रदान कर रहा है, साथ ही इसी आधार पर भारत से दुनिया की अपेक्षाएं भी लगातार बढ़ रही हैं। चालू कृषि वर्ष 2022-23 में 3305.34 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान है, जो देश में अब तक रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन है। कृषि वर्ष 2022-23 में चावल का कुल उत्पादन (रिकॉर्ड) 1355.42 लाख टन होने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 60.71 लाख टन अधिक है। देश में गेहूं का उत्पादन (रिकॉर्ड) 1127.43 लाख टन अनुमानित है जो पिछले वर्ष के उत्पादन की तुलना में 50.01 लाख टन अधिक है। न्यूट्री/मोटे अनाज का उत्पादन 547.48 लाख टन अनुमानित है जो पिछले वर्ष के उत्पादन से 36.47 लाख टन अधिक है। 2022-23 के दौरान कुल दलहन उत्पादन 275.04 लाख टन अनुमानित है जो पिछले वर्ष के 273.02 लाख टन के उत्पादन से 2.02 लाख टन अधिक है। साथ ही इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष (इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर) 2023 जिस तरह उत्साहवद्र्धक रूप से आगे बढ़ रहा है तथा उत्पादन बढ़ाने के विशेष प्रयास हो रहे हैं, अधिक धन आबंटन तथा विशेष कार्ययोजनाएं लागू की गई हैं, उनसे भी मोटा अनाज का उत्पादन छलांगे लगाकर बढ़ेगा और इन सबके कारण अधिक खाद्य सुरक्षा का विश्वास बढ़ेगा। गौरतलब है कि नई खाद्यान्न भंडार क्षमता योजना लगभग एक लाख करोड़ रुपए के खर्च के साथ शुरू होगी। इस समय देश का खाद्यान्न उत्पादन लगभग 3100 लाख टन है, जबकि भंडारण क्षमता कुल उत्पादन का केवल 47 प्रतिशत ही है। यद्यपि भारत दुनिया का प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक देश है, लेकिन खाद्यान्न भंडारण में बहुत पीछे है। अनाज के अन्य बड़े उत्पादक देशों चीन, अमेरिका, ब्राजील, यूक्रेन, रूस और अर्जेन्टीना के पास खाद्यान्न भंडारण क्षमता वार्षिक उत्पादन की मात्रा से कहीं अधिक है। ऐसे में देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पाने के लिए प्रत्येक प्रखंड में 2000 टन क्षमता का गोदाम स्थापित किया जाएगा। इस योजना के क्रियान्वयन में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) की अहम भूमिका होगी। देश में अभी करीब एक लाख पैक्स हैं। पैक्स के स्तर पर भंडार गृह, प्रसंस्करण इकाई आदि कृषि व्यवस्थाएं निर्मित करके पैक्स को बहुउद्देश्यीय बनाया जाएगा और खाद्यान्न भंडारण में विविधता लाई जा सकेगी। ऐसे में अब खाद्य सुरक्षा को और मजबूत बनाने में नई भंडारण क्षमता की भूमिका महत्त्वपूर्ण है, वहीं खाद्य सुरक्षा के लिए जिन कई और बातों पर भी ध्यान देना होगा, उनमें पोषण, सतत कृषि उत्पादन के लिए जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकियां, कृषि प्रणाली मॉडल पर केंद्रित जलवायु स्मार्ट दृष्टिकोण, हरित तथा जलवायु अनुकूल कृषि के लिए वित्तपोषण, छोटे और सीमांत किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए अवसंरचना को मजबूत करने और प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए अधिक निवेश, समावेशी कृषि मूल्य श्रृंखलाएं, कृषि बदलाव हेतु डिजिटलीकरण, कृषि-खाद्य क्षेत्र को बदलने के लिए नई उभरती डिजिटल तकनीकों का लाभ आदि। हम उम्मीद करें कि भारत में सरकार के द्वारा सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण क्षमता के निर्माण से जहां भारत में खाद्यान्न की बर्बादी कम होगी और खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी, वहीं भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा में भी बड़ा मददगार होगा।

# विद्यार्थियों पर दबाव कम करने के उपाय


स्कूलों से वापस आने के बाद उन्हें निजी शिक्षण कक्षाओं में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्हें फुर्सत ही नहीं मिलती। इसी तरह विश्वविद्यालयों सीटों की संख्या कम होने के कारण छात्रों को प्रवेश पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है और कड़ी प्रतिस्पर्धा से गुजरना पड़ता है। इससे छात्रों पर भारी दबाव भी पड़ता है। इसके अलावा, यह छात्रों के लिए बिल्कुल भी फायदेमंद नहीं है। जब पढ़ाई और प्रतियोगिता का दबाव बढ़ता है तो इसका प्रभाव छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। इस दबाव को कम करने के लिए माता-पिता को यह समझना चाहिए कि उनके बच्चे भी अवकाश के समय के हकदार हैं, प्रतियोगिता को कम करने के लिए अधिक विश्वविद्यालयों का भी निर्माण किया जाना चाहिए। स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव छात्रों में तनाव और चिंता को बढ़ाता है, जिससे शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक स्वास्थ्य खराब होता है। छात्र उच्च ग्रेड और अकादमिक सफलता प्राप्त करने के लिए अपने माता-पिता, स्कूल, शिक्षकों, समाज या खुद से दबाव महसूस कर सकते हैं।


**व्यक्ति** के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण चीज है, लेकिन आजकल अच्छे नंबर लाने का बहुत दबाव है। छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा कठिन होती जा रही है। ऐसे में छात्रों के दबाव को कम करने के लिए कुछ कदम उठाने की जरूरत है। सबसे पहले जब बच्चे स्कूल जाते हैं तो माता-पिता उनसे अच्छे रिजल्ट की उम्मीद करते हैं। स्कूलों से वापस आने के बाद उन्हें निजी शिक्षण कक्षाओं में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्हें फुर्सत ही नहीं मिलती। इसी तरह विश्वविद्यालयों सीटों की संख्या कम होने के कारण छात्रों को प्रवेश पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है और कड़ी प्रतिस्पर्धा से गुजरना पड़ता है। इससे छात्रों पर भारी दबाव भी पड़ता है। इसके अलावा, यह छात्रों के लिए बिल्कुल भी फायदेमंद नहीं है। जब पढ़ाई और प्रतियोगिता का दबाव बढ़ता है तो इसका प्रभाव छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। इस दबाव को कम करने के लिए माता-पिता को यह समझना चाहिए कि उनके बच्चे भी अवकाश के समय के हकदार हैं, प्रतियोगिता को कम करने के लिए अधिक विश्वविद्यालयों का भी निर्माण किया जाना चाहिए। स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव छात्रों में तनाव और चिंता को बढ़ाता है, जिससे शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक स्वास्थ्य खराब होता है। छात्र उच्च ग्रेड और अकादमिक सफलता प्राप्त करने के लिए अपने माता-पिता, स्कूल, शिक्षकों, समाज या खुद से दबाव महसूस कर सकते हैं। हमारे छात्रों में तनाव और चिंता के लक्षणों को पहचानना, व्यावहारिक मुकाबला करने के कौशल विकसित करने में उनकी मदद करना, माता-पिता के साथ साझेदारी में काम करना, संतुलन के महत्व को मजबूत करना और यथार्थवादी अपेक्षाएं स्थापित करना सभी सहायक दृष्टिकोण हैं जो स्कूल उन छात्रों का समर्थन करने के लिए अपना सकते हैं जो ऐसा करने का दबाव महसूस करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिन अपने वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने भी कहा कि विद्यार्थियों के लिए परीक्षा एकमात्र पड़ाव है, तनाव नहीं, इसलिए विद्यार्थियों को परीक्षा के दिनों को मानसिक दबाव में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि वे बच्चों पर अंकों को लेकर दबाव न बनाएं, हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने भी हाल ही में एग्जाम वॉरियर्स में बच्चों को प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं माता-पिता से आग्रह करता हूं कि वे अपने बच्चों पर दबाव न डालें। लेकिन साथ ही, छात्रों को भी अपनी क्षमताओं को कम नहीं आंकना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'परिवार के सदस्यों की बहुत सारी उम्मीदें होना बहुत स्वाभाविक है और इसमें कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन अगर सामाजिक स्थिति के कारण परिवार के सदस्यों को ये उम्मीदें हैं तो यह चिंता का विषय है।' पीएम मोदी ने कहा, 'जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं, उनका जीवन निश्चित रूप से धन्य होता है, रंगों से भरा जीवन। आपके और आपके साथियों के बीच परीक्षा में 2-3 अंकों का अंतर लंबे समय में जीवन में मायने नहीं रखता। जो समर्पित हैं वे निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करेंगे।' पीएम मोदी ने अपने सत्र के दौरान कहा, 'आलोचना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भविष्य को बढ़ाने और आकार देने में मदद करती है। माता-पिता आलोचना नहीं करते वे बाधित करते हैं। उन्हें अपने बच्चों को बीच में रोकना चाहिए। ऐसे लोग हैं जो बहुत मेहनत करते हैं। कुछ के लिए कड़ी मेहनत उनके जीवन के शब्दकोश में भी मौजूद नहीं है। कुछ मुश्किल से स्मार्ट काम करते हैं और कुछ स्मार्ट कड़ी मेहनत करते हैं! हमें इन पहलुओं की बारीकियों को सीखना चाहिए और वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए उसी के अनुसार काम करना चाहिए।' पीएम मोदी ने जोड़ा, तनाव एक छोटा सा नहीं बल्कि बहुत ही गहरा एवं बड़ा विषय है जबकि तनाव की प्रतिक्रिया समान हो सकती है, व्यक्तियों द्वारा रिपोर्ट किए गए तनाव के स्रोत अलग-अलग होते हैं। ये अंतर तनाव के कारणों, स्रोतों और परिणामों में देखे जा सकते हैं। ट्रिगर के कारण की परवाह किए बिना प्रत्येक व्यक्ति द्वारा प्राप्त तनाव प्रतिक्रिया समान है। उदाहरण के लिए वैवाहिक तनाव, परीक्षा की चिंता, काम का तनाव आदि शरीर से समान शारीरिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त करेंगे। यह मुख्य रूप से एड्रेनो-मेडुलरी सिस्टम के कारण होता है, जो हमारे तंत्रिका तंत्र के अनुकंपी विभाजन का हिस्सा है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में विद्यार्थियों और बच्चों को मानसिक तौर से मुक्त करना एक बहुत अहम कार्य है। कक्षा कार्य, परीक्षा और आकलन के लिए स्पष्ट और यथार्थवादी अपेक्षाएं निर्धारित करें। सहायता प्राप्त करने की रणनीतियों को साझा करें, यदि छात्र अभिभूत महसूस करते हैं तो उनका उपयोग कर सकते हैं। अपने छात्रों को याद दिलाएं कि एक विकास मानसिकता, जहां विफलता को विकास और सीखने के अवसर के रूप में देखा जाता है, माध्यमिक विद्यालय में सफलता का एक प्रमुख पहलू है। अपने छात्रों के साथ व्यावहारिक स्व-प्रबंधन रणनीतियों को साझा करें, जिनका उपयोग वे तनाव और चिंता को प्रबंधित करने के लिए कर सकते हैं, जैसे कि श्वास और सूक्ष्म व्यायाम, सकारात्मक आत्म-चर्चा और कृतज्ञता का अभ्यास। अपने छात्रों को यथार्थवादी और प्राप्त करने योग्य लघु, मध्यम और दीर्घकालिक सीखने के लक्ष्य निर्धारित करने के अवसर प्रदान करें। इस प्रक्रिया में माता-पिता को शामिल करने से उनकी उम्मीदों को उनके बच्चे के साथ संरेखित करने में मदद मिल सकती है। स्कूल के काम और अध्ययन के तनाव के प्रबंधन के बारे में अपने छात्रों के साथ खुली और ईमानदार बातचीत करें। माध्यमिक विद्यालय में समय प्रबंधन, अध्ययन और परीक्षा के दबाव के आसपास प्रभावी संरचनाएं विकसित करना छात्रों के दीर्घकालिक कल्याण में बड़ा अंतर ला सकता है। ज्यादा से ज्यादा नंबर लेने की होड़ में सृजनात्मक शक्ति कमजोर हो सकती है। इसलिए ज्यादा अंकों की अपेक्षा सृजनात्मक क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया जाना चाहिए।

## देश दुनीया से

### आपका डाटा कितना सुरक्षित, नया विधान साबित हो सकता है महत्वपूर्ण

**प्रधानमंत्री** की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक को मंजूरी दी है, जिसे सरकार 20 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में कानून की शक्ल दे सकती है। देश में व्यक्तिगत डाटा और निजता की सुरक्षा को लेकर कानून की लंबे समय से मांग को देखते हुए यह अहम कदम होगा। भारत आंकड़ों की सुरक्षा के मुद्दे पर यूरोप और अमेरिका से काफी पीछे चल रहा है। डाटा संरक्षण और गोपनीयता पर यूरोप में 2018 से ही कानून लागू है, लेकिन इंटरनेट जिस तेजी से दुनिया बदल रहा है, उससे नया बहुत जल्दी पुराना होता जा रहा है। कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी आधारित भाषा मॉडल के बढ़ते इस्तेमाल से भारत में आ रहे व्यक्तिगत डाटा और निजता सुरक्षा कानून में कई अन्य नए मुद्दों को शामिल किए जाने की आवश्यकता है, क्योंकि इस भाषा मॉडल में मुख्य भूमिका इंटरनेट पर उपलब्ध डाटा की ही है। ओपन एआई और गूगल के चैटजीपीटी ने आंकड़ों के खेल को दिलचस्प बना दिया है। ध्यान रहे कि भारत इंटरनेट का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। इसी बीच, गूगल ने अपनी गोपनीयता नीति में परिवर्तन किए हैं, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि गूगल हर उस सामग्री को पढ़ने में सक्षम है, जो आपने गूगल के किसी उत्पाद पर पोस्ट की है, और वह सारी सामग्री अब कंपनी की संपत्ति है, और उन सारी सामग्रियों को वह एक चैटबॉट को भी भेज रही है। यह नीति आगे बताती है कि गूगल सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी का उपयोग एआई मॉडल्स को प्रशिक्षित करने और गूगल ट्रांसलेट, बार्ड और क्लाउड एआई क्षमताओं से लैस उत्पादों और सुविधाओं को बेहतर बनाने में कर सकता है। गूगल अपनी निजता नीति को समय-समय पर परिवर्तित करता रहता है। यह वाक्यांश स्पष्ट करता है कि इंटरनेट की दिग्गज कंपनी का एआई सिस्टम अपनी पिछली नीति में संशोधन करते हुए आपके ऑनलाइन पोस्ट किए गए विचारों का उपयोग कर सकता है। यह नया वाक्यांश हमें बताता है कि पिछली नीति में जहां ऑनलाइन पोस्ट की गई सामग्री का उपयोग केवल गूगल अनुवाद, बार्ड और क्लाउड एआई के लिए ही था, लेकिन अब यह उल्लेख किया गया है कि डाटा का उपयोग एआई मॉडल के बजाय भाषा मॉडल के लिए किया जाएगा। गोपनीयता नीति में यह प्रावधान थोड़ा विचित्र है। आमतौर पर ये नीतियां बताती हैं कि कोई कंपनी आपके द्वारा ऑनलाइन पोस्ट किए गए डाटा का उपयोग कैसे करती है। पर इस मामले में ऐसा लगता है कि गूगल को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डाटा को इकट्ठा करने और उसका उपयोग कृत्रिम मेधा परीक्षण क्षेत्र में करने का एकाधिकार मिला हुआ है। यद्यपि नीति कई मामलों को स्पष्ट करती है, लेकिन यह कुछ रोचक सवाल भी उठाती है। जब हम इंटरनेट पर कुछ पोस्ट या लेखन करने के लिए सक्रिय होते हैं, तो हम यह मानकर चलते हैं कि जो कुछ सार्वजनिक रूप से पोस्ट होता है, वही सार्वजनिक रूप से उपलब्ध भी होता है। लेकिन अब हमें यह भी समझना होगा कि प्रश्न केवल एक सार्वजनिक पोस्ट के बारे में नहीं है, बल्कि यह है कि ऑनलाइन कुछ भी लिखने का क्या अर्थ है। अब यह भी संभव है कि आपके द्वारा दस साल की उम्र में लिखी गई लंबे समय से विस्मृत कर दी कोई पोस्ट या शायद आपके द्वारा की गई किसी रेस्तरां की समीक्षा का इस्तेमाल भी बार्ड और चैट जीपीटी जैसे बड़े एआई मॉडल भाषा मॉडल्स को विकसित करने में कर रहे हों। अब यहां यह प्रश्न उठना भी लाजिमी है कि ये मॉडल अपनी जानकारी कहां से प्राप्त करते हैं। इसका जवाब यह है कि गूगल के बार्ड या ओपनएआई के चैटजीपीटी ने अपनी भाषा मॉडल्स को प्रशिक्षित करने के लिए इंटरनेट पर ऑनलाईन पोस्ट की गई विशाल सामग्री का इस्तेमाल किया है।


भारत आंकड़ों की सुरक्षा के मुद्दे पर यूरोप और अमेरिका से काफी पीछे चल रहा है। डाटा संरक्षण और गोपनीयता पर यूरोप में 2018 से ही कानून लागू है, लेकिन इंटरनेट जिस तेजी से दुनिया बदल रहा है, उससे नया बहुत जल्दी पुराना होता जा रहा है। कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी आधारित भाषा मॉडल के बढ़ते इस्तेमाल से भारत में आ रहे व्यक्तिगत डाटा और निजता सुरक्षा कानून में कई अन्य नए मुद्दों को शामिल किए जाने की आवश्यकता है, क्योंकि इस भाषा मॉडल में मुख्य भूमिका इंटरनेट पर उपलब्ध डाटा की ही है।


## नागरिक बोध

# शरद पवार के पहले भी कई पार्टियो में हुई थी राजकीय लड़ाइयां

**राजनैतिक** रंगमंच में तरह तरह विचार धारा वाला व्यक्तित्व होता है। कोई व्यक्ति जिस ऐंगल की सोच रखता है, वह सोच पार्टी को नागवार गुजरती है, लेकिन उस व्यक्ति के लिए सही है तो उस व्यक्ति की सोच ही राजकीय दलों में विवाद का कारण बनता है। शरद पवार के पूर्व राजकीय युद्ध हुए थे जिसकी लाइव स्टोरी दुनिया ने देखी थी। शरद पवार की 25 वर्ष की पुरानी पार्टी चाचा भतीजे के बीच अनबन से बिखर गई। दोनों पक्ष अपने हक की लड़ाई के सामाधन को लेकर चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया।जबकि देश मे यह पहली लड़ाई नही है। इस विवाद के पूर्व भी अनेक पार्टियो में विवाद हुआ है। बिहार में लोकजनशक्ति पार्टी में अधिकार की लड़ाई जून 2021 में सामने आई थी।रामविलास पासवान की मृत्यु के बाद राजकीय निर्णय पशुपति पारस लेते थे। भाई की मृत्यु के बाद पशुपतिकुमार पारस सक्रिय हूआ। पांच सांसदों को उनके पक्ष में करके भतीजे चिराग पासवान का तख्ता पलट दिया। पशुपति ने पार्टी पर कब्जा कर लिया।समाजवादी पार्टी के संस्थापक दिवंगत मुलायमसिंह यादव का अपने पुत्र अखिलेश यादव और चाचा शिवपाल के बीच राजकीय लड़ाई में दोनों भाई को पार्टी में से निकाल दिया था। अखिलेश विशेष अधिवेशन में पार्टी के रास्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। पंजाब में शिरोमणि अकाली दल में भी विभाजन हुआ था। पार्टी संरक्षक प्रकाशसिंह बादल के भतीजे मनप्रितसिह बादल ने बगावत कर अलग पीपल्स पार्टी ऑफ पंजाब बनाई थी। सत्ता की महत्वकांक्षा थी। मनप्रितसिह 1995 में पहली बार चुनाव जीते थे। 2007 में बादल सरकार में मंत्री थे। 2010 में अकाली दल से अलग हो गए थे। तमिलनाडु के पूर्व सीएम और द्रविड़ मुन्नेत्र कजगम डीएमके के मुखिया थे। करुणानिधि की 2018 में मृत्यु के बाद राजकीय विरासत के लिए लड़ाई लग गई थी। इस विवाद में अलागिरी और स्टालिन के बीच बहुत समय तक विवाद छिड़ा रहा। जबकि इस लड़ाई में स्टालिन हमेशा बड़े भाई को दबाने में सफल हुए थे। 2014 में दोनों भाइयों के बीच विवाद छिड़ा था। अलागिरि को पार्टी से निष्कासित कर दिया। उद्धव और राज ठाकरे के विवाद भी बाला साहेब ठाकरे की मृत्यु के बाद दोनों काका भतीजे में बड़ी लड़ाई छिड़ी थी। उत्तराधिकारी की लड़ाई में बहुत समय तक घमासान हुआ था।जोकि बालासाहेब का सिंहासन उद्धव ठाकरे को मिला। शिवसेना से अलग होकर राज ठाकरे ने महारास्ट्र में नवनिर्माण सेना नाम की पार्टी बनाई थी।जबकि बहुत सफल नही हुए। हरियाणा के चौटाला परिवार में चाचा भतीजे की लड़ाई टॉक ऑफ टाउन बन गई थी।बहुत दिनों तक वारिस की लड़ाई चली थी। देवीलाल चौटाला की मौत के बाद चौटाला परिवार में अविश्वास का वातावरण खड़ा हो गया था। ओमप्रकाश और अजय जेल में गए थे। इंडियन नेशनल लोकदल की कमान अभय चौटाला को सौंपी थी।दुष्यंत चौटाला संसद बने थे। पार्टी में दो भाग पड़ने के एक भाग अजय और दूसरा भाग दुष्यंत चौटाला के नाम रखा था। ग्वालियर पर राज करने वाले सिंधिया परिवार में घमासान हुआ था। विजयराज सिंधिया और माधवराज सिंधिया के बीच घरेलू विवाद रास्ट्रीय राजनीति में चर्चा का विषय बना था। राजमाता और राजकुमार के बीच बहुत विवाद हुआ था।

# उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आए हुए आमजनों की समस्याएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। आवास योजना ग्राम आरा की रहने वाली महिला जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त से मिल बताया कि मेरा घर बहुत ही जर्जर हालत में है और हमारे छोटे छोटे छः बच्चे हैं। बरसात के मौसम में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आवेदन देते हुए अनुरोध किया है कि आवास योजना के तहत उन्हें आवास मुहैया कराया जाए जिससे कि बरसात में हो रही तकलीफों से निजात मिल सके। उपायुक्त ने आवेदन का अवलोकन करते हुए महिला को अस्वस्त किया कि नियमानुसार आपको आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। उक्त मौके पर स्बंधित पदाधिकारी के समक्ष आवेदन को प्रेषित करते हुए जल्द से जल्द लाभान्वित करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार एक एक कर सभी फरियादियों ने उपायुक्त से मिल समस्या सुनाया। इसमें मुख्य रूप से राशन कार्ड संबंधित, भूमि संबंधित, तालाब निर्माण मामले समेत अन्य मामले शामिल थे।ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु छात्राओं का चयन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** मंगलवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान लातेहार के निर्देश के आलोक में प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सभागार कक्ष में 2023-24 के लिए कक्षा छठवीं के 75 सीटों पर नामांकन को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने की।बैठक में प्रखंड स्तरीय चयन समिति के शीतल सिंह ,प्रमुख सुशीला देवी, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, कन्हाई सिंह बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ,सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ,विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेन्द्र प्रसाद सिंह, कस्तूरबा वार्डन रूबी कुमारी शामिल रहे । इस दौरान कक्षा छठवीं में 75 सीटों पर छात्राओं के नामांकन को लेकर समिति के द्वारा चर्चा की गई जिसमें नामांकन के लिए उम्र की तय सीमा 11 वर्ष से 13 वर्ष के बीच प्राथमिकता के आधार पर सबसे पहले अनाथ छात्राओं को जगह दी गई। उसके बाद आदिम जनजाति, नक्सल प्रभावित इलाकों के बीपीएल परिवारों के छात्राओं का नामांकन कराने का निर्णय लिया गया। जिसमें कैटेगरी वाइस छात्राओं के नामांकन के लिए चयनित किया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कामेश्वर सिंह लेखापाल मुकेश कुमार भारती संजय कुमार सिन्हा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## पीओ कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अम्रपाली चंद्रगुप्त परियोजना क्षेत्र के पीओ कार्यालय में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मगध एवम् आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के संवेदक संघ के द्वारा कनिय अभीयंता सुजीत कुमार को भाव भीनी विदाई दी गई। आपको बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व ही परियोजना के कनिय अभीयंता का स्थानतरन आम्रपाली कोल परियोजना से कठारा कोल परियोजना हो गया था। आयोजित विदाई सभा में उपस्थित भाजपा नेता सह संवेदक विनय सिंह ने बताया कि सुजीत कुमार एक कुशल स्वभाव के व्यक्ति हैं, इनके कार्यकाल में परियोजना क्षेत्र में कार्यों का निष्पादन बहुत ही सहज और सरल तरीके से किया जाता था। मौके पर मुख्य रूप से स्टाफ ऑफिसर (सीवील), परियोजना अभीयंता रामभजु कुमार, विधायक प्रतिनिधी शशि चौरसिया, विनय कुमार सिंह, बैजनाथ पाण्डे, विकास मालाकार, नरेश यादव, सरोज पाण्डे, देवकी रजक , एवम् कई अन्य संवेदक उपस्थित थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर बैठक



**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बीडीओ अमरेग डांग व प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो के द्वारा संयुक्त बैठक कर फाइलेरिया उनुमुलन को स्वास्थ्य सहिया व आंगनबाड़ी बहनों से चर्चा कि। बैठक में डॉक्टर ने बताया कि रात्रि को राष्ट्रीय फाइलेरिया उनुमुलन कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित कर रक्त पट संग्रह किया गया। 19 लोग पॉजिटिव पाये गये। जिससे लेकर पुरे प्रखंड में 10 अगस्त से 25 अगस्त तक दवा खिलाने का अभियान चलेगा। इस अभियान में स्वास्थ्य सहिया व आंगनबाड़ी बहनों को पूरा सहयोग करने की बात कही गई। मौके पर एमटीएस भुषण, एमपीड्ब्यू यसवत सह कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# राशन डीलर पर अनियमितता का आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लावालौंग :** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत मंधनीया पंचायत के सीकनी गांव के ग्रामीणों ने जन वितरण प्रणाली के दुकानदार पर लगातर अनियमितता का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है, कि जनवितरण प्रणाली दुकानदार (डीलर) किरकी देवी राशन कार्डधारी को1 से 2 किलो अनाज कम देती है। वहीं राशन डीलर किरकी देवी के पति भरोसी गंझु से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा एक - एक किलो राशन लाभुकों को एक से दो किलो काटा जाता है। जो हम राशन रास्ते में गिर जाने वजह से करते हैं। पीडीएस गोदाम से जब राशन आता है ( झर जाता) है, तो बहुत सा राशन रास्ते में गिर जाता है जिसकी भरपाई के लिए हम प्रति कार्ड एक किलोग्राम राशन कम देते हैं। एक ग्रामीण (नाम नहीं छापे जाने की शर्त) पर बताया कि मेरे नाम पर आवंटित राशन कार्ड कि डीलर किरकी देवी ही है, लेकिन विगत 3 महीनों से मुझे आवंटन नहीं होने का बात बता कर राशन नहीं दिया जा रहा है। जबकि ऑनलाइन प्रज्ञा केंद्र से जांच करवाने पर मुझे पता चला है कि मेरे नाम पर राशन का आवंटन हर महीने हो रहा है। एक और ग्रामीण रेवा गंझु ने कहा कि आज तक मैंने अपना राशन कार्ड नहीं देखा है। मेरा राशन कार्ड डीलर के पती भरोसी गंझु के पास ही है। मुझे हर महीने केवल 5 किलो चावल यहां से दे दिया जाता है। इस बाबत बीडीओ अमित कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ऐसी सूचना मुझे भी मिली है इसकी जांच के उपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी। **पूर्व में भी लगता रहा है, राशन कम देने का आरोप :** ग्रामीणों के अनुसार राशन डीलर किरकी देवी पर पूर्व में भी राशन गबन करने का आरोप लगता रहा है। इससे पूर्व भी मामला ग्राम पंचायत में लाया गया था । लेकिन पैसे के खेल से मामले को रफा-दफा कर दिया गया। वहीं कुछ ग्रामीणों ने कहा है कि जो तराजू सरकार के द्वारा दीया गया है, उसे न देकर अपनी तराजू से दीया जाता है। पूर्व में बीडीओ अमित कुमार के द्वारा किरकी देवी को राशन गबन का मामला पाए जाने पर सस्पेंड करने का भी बात कहा गया था।

# शिक्षा विभाग अन्तर्गत सभी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अन्तर्गत सभी योजनाओं (कस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय सहित) से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से कुल विद्यालयों की संख्या, बीआरसी, सीआरसी, बीईईओ, बीआरपी, सीआरपी, शिक्षक, मध्याह्न भोजन, कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय समेत अन्य सभी संबंधित को लेकर समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय में शिक्षकों कि उपलब्धता, पठन पाठन की व्यवस्था, नामांकन प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि नियमानुसार छात्र-छात्राओं का नामांकन कर शत प्रतिशित रिक्त सीट को भरें। उन्होंने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा विद्यालय भ्रमण रिपोर्ट की समीक्षा पीपीटी के माध्यम से करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया कि इन सभी की समीक्षा अपने स्तर से करें और विद्यालयों में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। साथ ही कहा कि जिले के सभी विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा आवयश्कता आधारित विद्यालयों में डीप बोरिंग कराने का निर्देश दिया। जिले के विद्यालयों में संचालित मध्याह्न भोजन को लेकर निर्देशित किया गया कि समय समय पर इसकी निगरानी रखते हुए बच्चों के बीच समय पर मध्याह्न भोजन का वितरण करना सुनिश्चित किया जाए।उक्त बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, जिला मध्याह्न भोजन कोषांग प्रभारी, सभी प्रखण्ड के सहायक अभियंता समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## अखिल झारखंड बिरसा मुंडा कामगार यूनियन की बैठक हुई संपन्न

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर स्थित भोला सिंह के आवास में दिलेश्वर कुमार यादव केन्द्रिय अध्यक्ष झारखण्ड कि अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुआ। बदलते परिवेश में श्रम कामगार यूनियन निर्धारण और उनके दशा एवं दिशा पर विचार- मंथन पर एक दिवसीय कार्यक्रम रखा गया। जिसका संचालन सेलेस्टीन कुजूर के द्वारा किया गया।सत्येन्द्र प्रसाद भादव अध्यक्ष, झारखण्ड खनीज मजदूर संघ के द्वारा डी.वी.सी के तमाम कार्यक्रम को उद्धेदन करने का प्रस्ताव लाया।उन्होंने ये बात कहा कि हम संवैधानिक एवं कानूनी रूप से उनके साथ बात- चीत के माध्यम से समस्या का निदान करेंगे।सी.एस.आर के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य बिजली, पानी सड़क तथा अन्य बुनियादी बातों को जनहित में करने की आवश्यकता है।यहाँ तक मजदूर और पलायन की है,तो साथ मिल-बैठकर - मजदूरों को हित में ठोस रूप रेखा तैयार करें ताकि दूसरे राज्यों को पलायन करने से रोका जा सके।तृतीया एवं चतुर्थ श्रेणी के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर डी.वी.सी के द्वारा नियुक्ति सुनिश्चित किया जाय, रैयत जो की जमीन डी.वी.सी को दिया है उनको उचित मुवावजा दिया जाय। उन्हें पुनर्वास का भी व्यवस्था किया जाय। स्थानीय लोगों की सांस्कृतिक मूल्यों उनके भाषा तथा सरना मशना का भी ख्याल रखा जाए ताकि धार्मिक सौहार्द बना रहे।

## महुआडांड़ में खाद की कालाबाजारी को लेकर छापामारी



प्रभात मंत्र संवाददाता


**महुआडांड :** प्रखंड में डीएपी, यूरिया खाद एवं उर्वरकों की काला बाजारी पर लगाम लगाने के लिए सोमवार व मंगलवारको एसडीओ नीत निखिल सुरीन एवं बीडीओ अमरेन डांग ने कई खाद की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानों की जांच कर स्टॉक की उपलब्धता एवं वितरण की प्रक्रिया की जानकारी ली।इस दौरान एसडीएम सुरीन ने सभी खाद विक्रेताओं को निर्देश दिया कि वह अपनी-अपनी पीओएस मशीनों में खाद के फिजिकल स्टाक का मिलान करें तथा किसी भी प्रकार कि लापरवाही न करें साथ सभी नियमों का भी पालन करें। उन्होने सभी खाद विक्रेताओं को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि प्रकार की कालाबाजारी न करें, यदि उपरोक्त निर्देशों का किसी भी खाद विक्रेता ने उल्लंघन किया तो उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। वही एसडीओ ने खाद बीज से संबंधित दर तालिका दुकान के बाहर लगाने का निर्देश दिया।

## नए उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में नवीं कक्षा में नामांकन शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** मुख्यालय के तीन मध्य विद्यालय से उत्क्रमित किए गए उच्च विद्यालयों में चंदनडीह करकट आश्रम में मंगलवार से नवीं कक्षा में नामांकन शुरू हो गया है। पहले दिन उत्क्रमित उच्च विद्यालय करकट में जिया कुमारी एवम ज्योति कुमारी का नामांकन एडीपीओ अनूप केरकेट्टा द्वारा लिया गया। साथ ही उन्होंने सभी नागरिकों से अनुरोध किया की वो अपने अपने पाल्यो का अपनी सुविधा के मुताबिक नामांकन कराना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहन प्रसाद,उमा कुमारी, जितेंद्र प्रसाद, सुचिता मिंज, ज्ञान प्रभा मिंज, सईदा बीबी, किरण देवी, माला देवी, संजय सोनी, सुजीत प्रसाद समेत अन्य अभिभावक उपस्थिति थे।

## कब्रिस्तान गार्डवाल को महज खाना पूर्ति कर किया गया वारे न्यारे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड के केंदू गाँव में कल्याण विभाग से बनाए जा रहे कब्रिस्तान गार्डवाल बनाए जाने के बाद हल्की बारिष में गार्डवाल धाराशाही हो गया था। जिसे लेकर सभी अखबारों में प्रमुखता से खबर को प्रकाशित की गयी थी। जहां खबर के आलोक में कल्याण विभाग से लेकर अन्य कई पदाधिकारी उक्त स्थल पहुंच बारीकी से जांच पड़ताल कर उक्त सवेंदक को गार्डवाल तोड़ पुनः बनवाने की निर्देश दिया था। किंतु सवेंदक द्वारा केवल टूटे हुए स्थान को हीं मरम्मती करवा कर मामले को वारे न्यारे कर दिया गया है। बता दें कि केंदू गाँव में कब्रिस्तान गार्डवाल निर्माण में पत्थर का गार्डवाल तो दिया गया है किंतु केवल दिखाने के लिए एक तरफ सीमेंट का मशाला चिपका दिया गया था। वहीं दुशरी ओर मिट्टी डाल कर साक्ष्य को छुपा दिया गया था। आज भी एक तरफ मिट्टी डाल कर छुपाया गया है। और रूपये की निकाशी के लिए वारे न्यारे कर दिया गया है। वहीं सवेंदक द्वारा पदाधिकारियों को भी ठेंगा दिखाया जा रहा है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**SPECIAL WORKS DIVISION**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, RANCHI.**

**SHORT INVITING QUOTATION NOTICE NO-10/2022-23**

Sealed quotations from Reputed Firms/Experienced registered agencies are invited for Annual maintenance of "Jharkhand Bhawan" New Delhi (Period August 2023 to July 2024) will scope of works and term and conditions as mentioned below to be sent under registered Cover to the undersigned on or before 1:00 P.M from 25.07.2023 to 26.07.2023 at the office of Executive Engineer, Special Works Division, BCD Ranchi Positively which will be opened on the last day 26.07.2023 at the time 3.30 P.M of receipt of quotations Preferably in presence of authorized representation of quotations if present at the fixed date and time conditional tender how so ever will not be entertained and will be Summarily rejected. The rates quoted must be both in figures and words preferably in English language.

Quotations must be under two envelops system i.e. financial bid and technical bid. The financial bid envelop will be comprised with separate rates for each system of work whereas the technical bid envelop will cover the certificate of registration of firms/appreciation if any/past performance certificate and certificate of technical know-how etc.

The quotationers who will qualify technically, only their financial envelopes will be opened. The successful quotationer will be required to deposit 5% amount of quoted rates as earnest money in shape of Bank Guarantee or in any approved shape of deposit duly pledged in the name of Executive Engineer, Special Works Division, Building Construction Department, Ranchi (Jharkhand). The successful quotationer will be required to execute an agreement comprising with details of scope of work/system of working with payment systems etc. Quotationers must have minimum two years Experience of day to day maintenance work of any Guest House of Govt./Govt. undertaking department in Delhi NCR Region. Only those quotioners will be authorized to purchase tender paper/bid, who qualify all the above mentioned terms & conditions. Cost of Bid Group "A" Rs 5000/- & Group "B" Rs. 10,000.00 of Demand draft on any state bank payable at SBI main Branch Ranchi in favour of The Executive Engineer, Special Works Division, Building Construction Department, Ranchi (Jharkhand). Two year experience for same nature works in Jharkhand Bhawan New Delhi, Other office in Delhi.

**Scope of Work:-**
1. Air Conditioning System
2. D.G Set
3. Electrical Panels
4. Electrical Wiring
5. Plumbing
6. Lift
7. Fire control system
8. Security

Staff required for performance of Works:-

| Sl. No | System | Description | No | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| Group- A | | | | |
| 1 | Air Conditioning System | A.C Operator | 3 | One A.C Operator with one helper to be present round the clock |
| | | Helper | 3 | |
| Group-B | | | | |
| 1 | Fire System of Water Supply | Fire Control Panel Operator | 3 | Fire pump operator to be present round the clock. |
| | | Fire Pump Operator | 3 | |
| 2 | D.G. Set | Operator | 3 | One operator with one helper in morning an evening shift one operator in night shift. |
| | | Helper | 1 | |
| 3 | Electrical Panels | Electrician | 3 | One Electrician With helper in morning and evening shift one Electricians in night. |
| | | Helper | 2 | |
| 4 | Plumbing | Plumber | 3 | One Plumber with helper in morning and evening shift and one plumber in night. |
| | | Helper | 1 | |
| 5 | Lift | Lift Machine of Operator | 2 | One operator in morning and one in evening shift . |
| 6 | Supervision | | 3 | One Supervision round the Clock. |
| 7 | Security | Guards | 9 | Duty as per direction of RC/ARC/CAO |

The work as shown above have been allocated under Two Group:-
1. Group "A" will comprise only "Air Conditioning " whereas.
2. Group "B" will cover all the rest works except Air Conditioning"

The quotationer will tender their rates separately for each group of work.
The details of scope of work can be obtained from the undersigned office on any working day from 25.07.2023 to 26.07.2023 upto 1:00 P.M.

The department reserves the absolute right to cancel the entire quotations/Part quotation without assigning any reason and no any claim from any quotationer will be entertained.

**Executive Engineer**
Special Works Division
BCD, Ranchi

PR 302024 (Building) 23-24 (D)


# विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** मंगलवार को बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चिकित्सा प्रभारी आशीष रंजन की अध्यक्षता में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, बीससुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।मौके पर डॉ आशीष रंजन ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 जुलाई को मनाया जा रहा है जिसे लेकर 11 जुलाई से 31 जुलाई तक नसबंदी और बंध्याकरण पखवाड़ा चलेगा। जिसमें बेहतरीन तकनीकी के माध्यम से बांध्याकरण, नसबंदी जिसमें सफल ऑपरेशन कर महज तीन घंटे में रिलीज कर दिया जाएगा साथ ही प्रावधान के मुताबिक 2 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके अलावा अंतरा, छाया इजी पिल कंडोम कोपर टी तकनीकी के माध्यम से जनसंख्या पर नियंत्रण किया जा सकता है ऐसे में हम सभी लोगों को जिम्मेदारी है कि जनसंख्या नियंत्रण को लेकर जागरूकता फैलाएं ताकि अधिक से अधिक लोगों को नसबंदी और बांध्याकरण कराया जा सके। वहीं बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि विश्व में भारत जनसंख्या के मामले में अव्वल दर्जा प्राप्त कर चुका जो बहुत ही सोचनीय विषय है। लगातार बढ़ती जनसंख्या एक तरह से विकास में बाधक है। जहां ग़रीबी, भुखमरी, अशिक्षा, बेरोजगारी का जिम्मेदार काफी हद तक जनसंख्या वृद्धि है, इसपर नियंत्रण करना,कराना हम-सब की जिम्मेदारी है। वहीं जिप सदस्य ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि के कारण हमारे देश और व्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए हम-सब को जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगाने को लेकर चलाए जा रहे सरकार के कार्यक्रम को समर्थन करते हुए उसे व्यापक तरीके से प्रचार प्रसार करने की जरूरत है। वहीं इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि ने जनसंख्या नियंत्रण पर अपनी बात रखी। मौके पर दीपक सिंह, बबलू, लालमणि देवी, राजेन्द्र कुमार सिन्हा, प्रतिमा कुमारी, सरिता कुमारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार स्वास्थ मेला का शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को 15 दिनों तक चलने वाले परिवार स्वास्थ्य मेला का उदघाटन बालूमाथ चिकित्सा पदाधिकारी सुरेश राम, डॉक्टर अमरनाथ कुमार, मुखिया नरेश लोहरा, पत्रकार सुरेन्द्र गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुवे डॉक्टर सुरेश राम ने कहा कि मेले का मुख्य उद्देशय है कि आज देश में जनसंख्या की लगातार वृद्धि हो रही है उसे रोकने के लिए यह परिवार नियोजन मेला लगाया गया ताकि लोग छोटा परिवार सुखी परिवार रह सके। 15 दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम में,फैमिली प्लानिंग के तहत महिला बंध्याकरण, पुरुष नसबंदी किया जाएगा एवं लाभुकों को सरकार द्वारा निर्धारित प्रोत्साहन राशि एवं प्रेरकों को भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। वही इस मेले में कोपर्टी, अंतरा समेत कई तरह की तकनीकी उपयोग से फैमिली प्लानिंग के लाभ की जानकारी दी जाएगी एवं सरकार द्वारा उपलब्ध की गई सामग्री का वितरण किया जाएगा। वहीं डॉ अमरनाथ प्रसाद ने कहा कि बालूमाथ में पुरुष नसबंदी प्रत्येक दिन की जाती है आप कभी भी आकर पुरुष नसबंदी करा सकते हैं। वैसे इस मेला की जानकारी गांव ग्रामीणों को देकर इसका लाभ उठावे।

## संक्षिप्त खबरें

### शिव मंदिर बरही के प्रांगण में बिनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने किया प्रसाद वितरण

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्लॉक परिसर स्थित मनोकामेश्वर शिव मंदिर बरही के प्रांगण में सावन महीना के पहले सोमवारी पर विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के सौजन्य से शिव भक्तों के बीच



प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर बरही के समाजसेवी व कांग्रेस नेताओं ने पूरे उत्साह और गर्मजोशी के साथ बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप ने कहा शिव पुराण के अनुसार जो कोई व्यक्ति इस माह में सोमवार का व्रत करता है, भगवान शिव उसकी समस्त मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। वही विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव ने कहा है की इस संस्था के माध्यम से आने वाला समय में कई जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जाएगी। प्रसाद वितरण कार्यक्रम में फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव के साथ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, कुणाल कतरियार, यमुना यादव, नरेश सिंह, मनोहर यादव, सुशील केसरी उर्फ नुनु, देवचंद यादव, मास्टर शरीफुल हक, दिनेश यादव, द्वारका रविदास, मोहन प्रजापति, दिलीप यादव, प्रमोद सिंह, श्याम सिन्हा, फाउंडेशन सदस्यों में टेकलाल यादव, मनीष यादव, राजू यादव, गणेश यादव, सागर यादव, जय यादव, महेंद्र कुमार, सूरज कुमार, विरेंद्र साहू, पंकज सिंह, अभिषेक कसेरा, सुनील केसरी, विकास केसरी, राहुल सिंह, पिंटू यादव, रोहित यादव, विशाल यादव, बबलू यादव, प्रवीण यादव, सोनू यादव, राजेश यादव, डब्लू यादव, अभिषेक यादव, सौरभ कुमार, सनी कुमार, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### झारखंड प्रदेश के जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष संघ का हुआ गठन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश के जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष संघ के सदस्यों की आवश्यक बैठक जिला परिषद कार्यालय रांची में की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला



परिषद अध्यक्ष दुमका जॉयस बेसरा व संचालन किशुन यादव ने किया।बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के हक व अधिकार को लेकर चर्चा व परिचर्चा किया गया।बैठक में संगठन की मजबूती के साथ साथ अपने-अपने जिला परिषद क्षेत्र में विकास संबंधी योजनाओं के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन पूर्ण करने हेतु चर्चा की गई इस बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया।जिसमें जिला परिषद अध्यक्ष दुमका जॉयस बेसरा को अध्यक्ष,उपाध्यक्ष संघ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव को अध्यक्ष,उपाध्यक्ष संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया।दूसरे राज्यों की अपेक्षा अपने झारखंड राज्य में नियम की मांग किया जाएगा इसके लिए जल्द ही हम सभी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष राज्यपाल से मिलेंगे।

### जेएसएफ के प्रदेश पदाधिकारियों ने रामगढ़ उपायुक्त माधवी मिश्रा को सौंपा ज्ञापन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश मे बढ़ती जनसंख्या को कम करने के लिए सरकार को कड़ा कानून बनाने हेतु बाध्य करने के लिए जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं




कार्यकर्ताओं ने देशव्यापी अभियान छेड़ रखा है।इसी को आगे बढ़ाते हुए आज विश्व जनसंख्या दिवस पर जेएसएफ़ के एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सह शिक्षिका सिंधु झा एवं महासचिव अर्चना महतो एवं यशोदा देवी ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ रामगढ़ जिले की उपायुक्त माधवी मिश्रा की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जनसंख्या नियंत्रण हेतु मजबूत कानून बनाने हेतु एक ज्ञापन सौंपा । इस मौके पर सिंधु झा ने कहा की देश में बढ़ती जनसंख्या का विकराल रूप आने वाले भविष्य में हमारे देश की आर्थिक स्थिति को कमजोर करने के साथ देश के विकास में बाधक बनेगा। भविष्य में देश की संसाधनों पर दबाव पड़ने के साथ समाज ने भी इसका नकारात्मक असर देखने को मिलेगा जिससे बचने के लिए हम सभी देशवासियों को इसके पक्ष में एक मजबूत कानून बने इसके लिए प्रधान मंत्री तक अपनी बात पहुचानी जरूरी है।अर्चना महतो ने इस मौके पर कहा की जनसंख्या दर को कम करने की जिम्मेवारी किसी एक संगठन अथवा नेता की नही है बल्कि ये एक ऐसा यज्ञ है जिसको सफल बनने में सभी के सहयोग की जरूरत है।

# रामगढ़ सदर अस्पताल राष्ट्रीय पुरस्कार से हुआ सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के लिए बेहद खुशी की खबर है। भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा रामगढ़ सदर अस्पताल को राष्ट्रीय स्तर के पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरुस्कार सदर अस्पताल को 13 विभागों में पिछले 3 वर्षों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है। ज्ञात हो कि सांसद हजारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हजारीबाग व रामगढ़ में स्वास्थ्य



व्यवस्थाओं को हर मोर्चे पर बेहतर बना रहे हैं। क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी सभी सेवाएं उपलब्ध व सशक्त हों, उनका यही प्रयास है। वे माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से निरंतर संपर्क बनाए रखते हुए क्षेत्र में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवा रहे हैं।हजारीबाग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का निर्माण उनका ही स्वप्न था, जिसे उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धरातल पर उतारा है।

जयंत सिन्हा रामगढ़ सदर अस्पताल में डीएमएफटी मद से हर सुविधा मुहैया करवा रहे हैं। उन्होंने बीते दिनों सदर अस्पताल को लगभग 100 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध करवाए, जिन्हें क्षेत्र के सभी सामुदायिक व उप सामुदायिक केंद्रों में वितरित किया जाएगा। उन्होंने सिविल सर्जन समेत सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इन सभी कार्यों का परिणाम ही है कि आज रामगढ़ सदर अस्पताल झारखंड में नंबर 1 पर है। झारखंड में रामगढ़ सदर अस्पताल को ही सिर्फ यह पुरुस्कार मिला है।

इस सुअवसर पर जयंत सिन्हा ने कहा कि हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हों, हमारा यही लक्ष्य है। रामगढ़ को यह उपलब्धि मोदी सरकार की सेवा के संकल्प से मिली है। क्षेत्र में मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया करवाया जा रहा है। मैं सभी स्वास्थ्य कर्मियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई व धन्यवाद देता हूं। हम रामगढ़ वासियों की सेवा में पूरी निष्ठा व समर्पण से सदैव जुटे रहेंगे।

## सीसीएल वर्कशॉप सिरका से हजारों के सामानों की हुई चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** थाना रामगढ़ क्षेत्र के सीसीएल सिरका पुराना ईएंडएम वर्कशॉप से हजारों रुपए के सामानों की चोरी होने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया हैं। इस संदर्भ में प्रबंधन ने कुल चोरी गए सामानों का आंकलन 34 हजार 30 रुपये कागजातों पर दिखाया हैं। इसमें कॉपर केबल लीड (7म6) 21 मीटर, कॉपर केबल लीड (2म 3) 3 मीटर, कॉपर केबल 15 मीटर, चैनल 70केजी, एमएस रोलर 40 केजी को दर्शाया हैं। इस संबंध में सुरक्षा विभाग ने रामगढ़ पुलिस को आवेदन द्वारा सूचित किया हैं। बताया जाता है कि सीसीएल सिरका के कलपुर्जे वर्कशॉप के बाहर पड़े थे। जबकि रात्रि पाली सुरक्षा प्रहरी व पेट्रोलिंग पार्टी के सक्रियता की जांच आरंभ कर दिया हैं। इधर प्रबंधन चोरी गए कंपनी के कलपुर्जे को पुराने होने का हवाला देते हुए, कीमतों का अनुमान लगाया हैं।

## चार हजार रुपये घूस लेते पंचायत झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार चढ़े निगरानी ब्यूरो के हत्थे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार को आज भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग कि टीम ने मनरेगा योजना से डोभा निर्माण कार्य में लाभूक मुकेश कुमार पिता मनी महतो ग्राम+पो0-झुरझुरी थाना-बरकट्ठा,प्रखंड-बरकट्ठा जिला हजारीबाग के भूमी ग्राम-गंगटीयाही में डोभा निर्माण कार्य का आवंटित वित्तीय वर्ष 2021-22 में किया गया था।जिसकी प्राक्कलित राशि 4,76,569? है।डोभा निर्माण कार्य लाभूक के द्वारा पूर्ण किया जा चुका है और 1,60,080?भुगतान भी मिल चुका है।शेष राशि भुगतान करने के लिए स्थानीय मुखिया सुमन कुमार से मास्टर रोल पर हस्ताक्षर



करने के लिए मिले तो मुखिया के द्वारा बोला गया कि मास्टर रोल पर हस्ताक्षर के ऐवज में 5,000? घूस देना पडेगा।ओर लाभूक घूस देना नहीं चाहता था व लाभूक के द्वारा पुलिस अधीक्षक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग को लिखित आवेदन दिए थें।उक्त आवेदन पत्र के सबंध में सत्यापनकर्ता के द्वारा सत्यापन किया गया।तथा सत्यापन प्रतिवेदन में रिश्वत मांगने की बात सत्य पाया गया।वादी के आवेदन एवं सत्यापनकर्ता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग थाना कांड संख्या 06/2023 दिनांक 10/07/2023 पंजीकृत किया गया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग के दंडाधिकारी एवं दो स्वतंत्र साक्षी के उपस्थित में भ्र0नि0ब्यूरो हजारीबाग ट्रेप टीम के द्वारा आज दिनांक 11/07/2023 को प्राथमिक अभियुक्त सुमन कुमार मुखिया ग्राम पंचायत झुरझुरी प्रखंड-बरकट्ठा जिला-हजारीबाग को 4,000? रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी के पश्चात अग्रतर कार्रवाई कि जा रही है।

## भागीदारी पार्टी ने सात सूत्री मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भागीदारी पार्टी जिला शाखा हजारीबाग के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर माँग पत्र सौंपा है।जिसमे कोरोना काल में बसों एवं वाहनों मे यात्रियों की भाडा दुगुनी की गई थी कोरोना खत्म हो गया डीजल का मूल्य भी वही रहा परन्तु भाडा वृद्धि को वापस नही लिया गया। सरकार विशेष पहल कर भाडा वृद्धि को घटाने का काम करे। राज्य सरकार के द्वारा गाड़ी मालिकों का रजिस्ट्रेशन के समय 15 साल तक का रोड टैक्स किया जाता है परन्तु इसके बावजूद भी फास्टट्रैक के नाम पर वसूली को बंद किया




जाय।किसानों को सही समय पर मुआवजा दिया जाए। जिले में जिन वंचितों का शौचालय नहीं बना है उनका बनवाया जाय। शौचालय उपलब्ध कराया जाए। मौके पर जिला अध्यक्ष गोपाल पंडा, राष्ट्रीय, अध्यक्ष प्रेमचन्द्र प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष - श्याम बिहारी प्रजापति , प्रदेश सचिव तुलेश्वर पंडित, रामाशिश प्रजापति, केन्द्रीय कार्यालय प्रभारी दीपक प्रजापति , सुरेंद्र कुमार, देवधारी प्रजापति, राहुल, प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, प्रदेश महासचिव रविन्द्र पंडित, प्रदेश सचिव विष्णु प्रजापति एवं गौरव कुमार उपस्थित थे।

## प्रमुख जैबुन निशा ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत बेड़ा हरियारा पंचायत में स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय का विष्णुगढ़ प्रमुख जैबुन निशा, मध्य जिप शेख तैयब तथा बीस सूत्री उपाध्यक्ष छोटे लाल बेसरा ने औचक निरीक्षण किया। जाँच के दौरान विद्यालय में अन्य कमियों के पता चला। वर्ग 11वीं 12 वीं के छात्राओ को अभी तक पुस्तिका नहीं मिल पाया है।इस बाबत वार्डन ने बताया कि 11 वीं तथा 12वीं वर्ग छात्राओ को पुस्तिका का पैसे बालिकाओं के खाते में ही जाता है,परंतु अभी तक



पुस्तिका का पैसा नहीं आया है,हमने क्लास में 4/5 सेट पढ़ाई के लिए उपलब्ध कराया है।बदले मौसम की वजह से कई बालिकाएं सर्दी खासी से बीमार भी पाई गई ।प्रमुख जैबुन निशा ने चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अरुण कुमार से बातचीत कर तत्काल डॉक्टर टीम भेजने की बात कही,साथ ही वार्डन से परिसर तथा छात्राओ के स्वच्छता पर ध्यान देने की बात भी कही ।

# जलवायु एवं वन पर्यावरण का 74 वां वन महोत्सव मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** मंगलवार को बहेरा पंचायत भवन परिसर के जलवायु एवम वन पर्यावरण द्वारा 74 वॉ वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वन प्रमंडल पदाधिकारी रामगढ़ नीतीश कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण तथा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान कार्यक्रम में अंग वस्त्र भेंट कर कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि को सम्मानित किया गया। बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो के द्वारा कहा गया कि हमारे आसपास के वातावरण तथा हमारे जीवन के लिए पेड़ पौधों का सबसे अधिक महत्व है इसके बिना



जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। वहीं इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि मांडू विधानसभा के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि हमें समझना होगा और हमें अपना कर्तव्य मानते हुए पेड़ पौधा लगाना होगा साथ ही पेड़ पौधों की रक्षा को अपना दायित्व समझे। वही वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने कहा की पंचायत की जनता तथा सभी जनप्रतिनिधि वृक्षारोपण के लिए तत्पर रहें वर्तमान में हिमाचल जैसी स्थिति हमने भी झेलनी पड़ सकती है इसलिए पेड़ पौधों के महत्व को समझें। वही चुरचू प्रमुख ने अपनी बात को रखते हुए कहा कि हम शुरू से सुनते आ रहे हैं और सत्य भी है कि एक वृक्ष 10 पुत्र के समान होता है आप इसी से समझ सकते हैं कि पेड़ पौधों का क्या महत्व होता है। आपको बता दें की वन विभाग द्वारा 50 हेक्टेयर भूमि में लगभग 80000 वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल रामगढ़ वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार मांडू रेंजर विनोद नंदराय कुज्जू रेंजर केदार राम चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिवलाल महतो बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो विधायक प्रतिनिधि आरिफ अंसारी विधायक प्रतिनिधि चोलेश्वर महतो पंचायत समिति सदस्य आशा राय मंडल अध्यक्ष भाजपा मुरारी सिंह आमिर अंसारी ,उप मुखिया शिव चंद्र मुरमू मोहम्मद मुमताज भानु सिंह मनोज कंचनी सीनियर मैनेजर टाटा कंपनी संजय कुमार सुरेश महतो वनरक्षी विकास कुमार, अजय कुमार,सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### श्रीदस में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल में विश्व जनसंख्या दिवस पर निबंध, लेखन, चित्रांकन,भाषण एवं वाद- विवाद आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। मौके पर स्कूली बच्चों ने जनसंख्या पर रोक लगाएं, देश को प्रगति पथ पर लाएं का संदेश दिया। वहीं निदेशक रोहित सिंह ने बताया कि इस दिवस को मनाने के पीछे कारण हर सेकेंड बढ़ रही आबादी के मुद्दे पर लोगों का ध्यान खींचना है। बढ़ती हुई जनसंख्या ने हर एक क्षेत्र को प्रभावित किया है। चिकित्सा व शिक्षा की सुविधाएं और सेवाएं घट रही है, बिजली और पीने योग्य पानी की कमी बढ़ती जा रही है, सरकार की कर्ज में वृद्धि हो रही है, जिस कारण महंगाई बढ़ती जा रही है, रोजगार के अवसर घट रहे हैं, विकास का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है, साथ ही वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। जनसंख्या विस्फोट से प्राकृतिक संसाधनों की कमी हो रही है वही ग्लोबल वार्मिंग का असर बढ़ने से प्रकृति का ऋतु चक्र बिगड़ गया है। उत्तराखंड जैसी प्राकृतिक आपदाएं इसका एक प्रत्यक्ष उदाहरण है। इस बढ़ती हुई जनसंख्या को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना बहुत ही आवश्यक है इसके लिए हम सभी भाषण, चित्रकारी , निबंध लेखन, पोस्टर , वाद विवाद प्रतियोगिता और सरकार के द्वारा दिए गए जनसंख्या नियंत्रण निर्देशों को अपनाकर इस बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रण कर सकते हैं। ताकि आने वाले दिनों में हम अपने देश की जनसंख्या को काफी हद तक नियंत्रण कर सके।

### अनुमंडलीय अस्पताल बरही में कार्यक्रम आयोजित

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता व संचालन डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने किया। वहीं कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किसुन यादव, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, कोनरा मुखिया यासमीन तबस्सुम, अस्पताल के सदस्य सुरेंद्र रजक, स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि रिजवान अली आदि ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर डीएस ने बेतहाशा बढ़ रही जनसंख्या पर चिंता जाहिर करते हुए समाजसेवियों से अपील किया की अपने-अपने पंचायतों में जागरूकता फैलाएं ताकि इस बढ़ती जनसंख्या को रोका जा सके। वहीं उपस्थित अतिथियों ने भी बताया कि बढ़ती जनसंख्या देश के विकास को प्रभावित कर रही है, इस पर रोक लगाना बहुत ही जरूरी है। वही लोगों से अपने परिवार को दो बच्चों के बाद सीमित रखने का भी अपील किया। कार्यक्रम में बीपीएम नारायण राम, प्रधान लिपिक पंकज कुमार आजाद, एमपीडब्ल्यू संतोष कुमार, विजेंद्र कुमार, मो. जावेद, सुनीता विश्वकर्मा, नरेश प्रजापति, अब्दुल्लाह अंसारी, पहलाद कुमार, सुधांशु सुमन, अमित विश्वकर्मा, बीटीटी रीमा पांडे, निशि रानी समेत अस्पताल कर्मी मौजूद थे।

### भूमि पर जबरन कब्जा करने के आरोप में सीओ को दिया आवेदन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पंचमाधव पंचायत के ग्रामीण कार्तिक यादव, लखन यादव दोनों के पिता स्व. भातु महतो, डीलों यादव, महेंद्र यादव दोनों के पिता स्व. नुनु महतो, बिट्टू यादव, नागेश्वर यादव, विपिन यादव तीनों के पिता स्व. मेघु यादव व अजीत कुमार पिता स्व. सुभाष यादव ने मंगलवार को बसरिया पंचायत के पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, रघुनंदन गोप के नेतृत्व में डीवीसी के द्वारा तिलैया जलाशय के विस्थापित पुनर्वासी भूमि पर जबरन कब्जा करने के संबंध में बरही सीओ को आवेदन देकर जांचों उपरांत उचित कार्रवाई का मांग किया है। आवेदन के माध्यम से बताया गया है कि 1951-52 में डीवीसी के द्वारा तिलैया जलाशय के अंतर्गत विस्थापित कर पुनर्वासी भूमि पर हरिला के कुछ ग्रामीणों ने पिछले 9 जुलाई को सुबह करीब 9 बजे छः ट्रेक्टर के साथ 50 से 60 संख्या में लोग हरवे हथियार के साथ हमारे मौजा हरिला की भूमि जोतने लगे। जब हमलोग ने विनती करते हुए कहा कि क्यों हमारे भूमि को इतने लोग के साथ आकर जबरन जोत रहे हो। इस बात पर उनलोगो ने कहा कि यह डीवीसी की भूमि है, हमलोग जोतेगें। जबकि यह जमीन तिलैया जलाशय के निर्माण के समय में विस्थापित कर पुनर्वास किया गया है।

## कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव को नैक से मान्यता मिली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.कीर्तिनाथ महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव को नैक (नेशनल एक्रीडिटेशन एसेसमेंट ऑफ काउंसिल ) बेंगलुरु भारत से मान्यता मिल गई है । अब कर्णपुरा महाविद्यालय नेक एग्रीगेटेड कॉलेज हो गया। नैक टीम के सदस्य कश्मीर, पंजाब तथा उड़ीसा राज्य से आए हुए थे, उन्होंने महाविद्यालय का निरीक्षण कर सफलतापूर्वक मान्यता प्रदान किया। कर्णपुरा महाविद्यालय परिवार सहित बच्चे - बच्चियों को मिठाइयां बांटकर तथा पटाखे फोडकर खुशियां मनाई गई। यह कार्य 35 वर्षों के बाद प्रथम बार सफल हो पाई है । सफलता के लिए प्राचार्य के द्वारा सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी, सचिव टुकेश?वर प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, डा .बालेश्वर महतो, नैक टीम एवं जीबी के सभी सदस्य सहित सभी छात्र छात्राओं एवं पत्रकार बंधुओं को बधाई दिया। मौके पर प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो, सचिव टुकेश्वर प्रसाद, प्रो. निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो. सुरेश महतो, प्रोफेसर ज्योति जलधर, प्रोफ़ेसर फजरूद्दीन, प्रोफेसर डॉक्टर चंद्रशेखर राणा, प्रोफ़ेसर नरेश कुमार दांगी, प्रोफ़ेसर पवन कुमार, प्रोफ़ेसर अनु कुमारी, प्रो. रंजीत प्रसाद, प्रोफेसर राम किशोर प्रसाद दांगी, प्रोफेसर रितु राज दास, प्रोफ़ेसर ललिता कुमारी, सनवीर कुमार नेमधारी राम, धनुनाथ प्रसाद सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।

## झामुमो जिलाध्यक्ष पर महिला ने लगाया यौन शौषण आरोप, मामला दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** हज़ारीबाग झामुमो जिलाध्यक्ष पर एक महिला ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण व रुपये लेने का आरोप लगाया ।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला ने थाने में लिखित आवेदन दिया है,जिसमे पीड़िता द्वारा हज़ारीबाग झामुमो जिलाध्यक्ष शम्भू लाल यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया,कि शम्भू लाल यादव ने कुछ वर्षों पूर्व से हमारी जान पहचान राँची बिरसा कृषि विभाग में मुलाकात हुई और जान पहचान बढ़ती गई, जिसका फायदा उठाकर शंभूलाल यादव ने झूठ बोलकर कि मैं अविहाहित हूँ और मेरे से पति-पत्नी जैसा संबंध बनाया कभी-कभी मेरी इच्छा नही होने पर भी बाजबरन सम्बन्ध बनाया गया । इस दौरान शंभूलाल यादव द्वारा मुझ से कहा गया कि मैं एक बिजनेस शुरू कर रहा हूँ जिसमे मुझे 30 लाख रुपये की जरूरत है,इस पर मैने कर्ज लेकर 11लाख



नकद और अपने जेवरात बेचकर उनको राशि दी और हमलोगों ने इटखोरी में शादी भी की । इसके पश्चात शंभूलाल यादव द्वारा मेरा नंबर ब्लैक लिस्ट में डाल दिया मैं तंग आकर विष्णुगढ़ स्थित इनके आवास पर 09 जुलाई 2023 को गई, जहाँ इनके द्वारा एवं इनके परिवार के सदस्यों द्वारा मुझ से मारपीट की गई ।इस बाबत हज़ारीबाग झामुमों जिलाध्यक्ष शंभूलाल यादव ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि ये सब राजनीति से प्रेरित झूठे आरोप मुझ पे लगाया जा रहा,मेरी बढ़ती लोकप्रियता से कुछ लोगो को परेशानी हो रही जिसकी वजह से महिला को ढाल बनाकर मुझ पर आरोप लगाया गया है। बीते 09 जुलाई 2023 को महिला अपने चार -पाँच लोगो के साथ मेरे घर पर आकर बाहर बैठी मेरी पत्नी आशा देवी जो मुखिया है, गैड़ा से कुछ लोग आए हुए थे जिनकी समस्या सुन रही थी,इसी बीच मेरा नाम लेकर गाली गलौज करने लगी मेरी पत्नी ने उठकर बात जाननी चाही तो महिला और उसके साथियों द्वारा मेरी पत्नी का बाल पकडकर लात-घुसो से मारने लगे और मेरी पत्नी का सोने का चैन भी चीन लिया ,हो हंगामा सुनकर जब मैं घर से निकला तो महिला समेत सभी लोग गाड़ी में बैठकर पहले से जाकर थाने में मनगढ़ंत आरोप लगाया ।मेरी पत्नी ने भी उपरोक्त पूरी घटना की लिखित शिकायत थाने दर्ज की है ।इधर घटना की सूचना पर झामुमो जिला कार्यकारिणी ने तत्काल प्रभाव से जिलाध्यक्ष पद से निलंबित कर एक जांच कमिटी गठित कर दी गई है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र



## ओप्पो ने टेलीफोटो कैमरा सेटअप के साथ रेनो 10 सीरीज लॉन्च की




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अग्रणी ग्लोबल डिवाईसेज़ ब्रांड, ओप्पो ने भारत में अपनी रेनो सीरीज़ में नई पेशकश दी है। ओप्पो के नए स्मार्टफोंस रेनो 10 प्रो + 5G, रेनो 10 प्रो 5त्न, और रेनो 10 5त्न में ओप्पो के टेक्नॉलॉजिकल इनोवेशंस जैसे बैटरीज़ के लिए BHE है, जो सालों तक चलती है, फास्ट चार्जिंग के लिए SUPERVOOCTM है, और डाईनैमिक कंप्यूटिंग इंजन है, जो बैकग्राउंड में 40 से ज्यादा ऐप्स सुगमता से चला सकता है। रेनो प्रो प्रो+ 5G और रेनो 10 5G का मूल्य क्रमशः INR 54,999 रु. और INR 39,999 है।रेनो 10 सीरीज़ के अलावा, ओप्पो ने अपने लेटेस्ट TWS, Enco Airx Proकी घोषणा भी की, जिसका मूल्य INR 4,999 है।इस लॉन्च के बारे में दमयंत सिंह खनोरिया, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, ओप्पो इंडिया ने कहा, ''ओप्पो टेक्नॉलॉजिकल प्रगति की सीमाएं बढ़ा रहा है, और खुद को इस उद्योग में अग्रणी इनोवेटर के रूप में स्थापित कर रहा है।रेनो 10 सीरीज़ के साथ हम अपना अत्याधुनिक टेलीफोटो कैमरा और होमग्रोन SUPERVOOC ञ्जरू टेक्नॉलॉजी लेकर आए हैं, जो जबरदस्त पोर्ट्रेट फोटोग्राफी के साथ यूज़र्स को सबसे बेहतर अनुभव प्रदान करेंगे। यह स्लीक और स्टाईलिश सीरीज़ यूज़र्स को शानदार परफॉर्मेंस के साथ बेहतरीन वैल्यू प्रपोज़िशन भी देती है।''रेनो 10 प्रो + 5G रेनो 10 प्रो + 5G में 2772×124®p& के साथ 120ॉं का 6.74 इंच OLED 10-बिट कलर डिस्प्ले, 93.9% का स्क्रीन टू बॉडी अनुपात और मजबूत सुरक्षा के लिए Dragontrail Star 2 ग्लास है।

## सांकुल बारवाटोला में ग्रामीणों की बैठक कई निर्णय लिए गए

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू प्रखंड अंतर्गत मंगलवार को सांकुल पंचायत के बरवाटोला स्थित शिव मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमे में पंचायत मुखिया सुमन भारती भी शामिल हुई। बैठक में बरवाटोला में कम्युनिटी हॉल सहित पूरे सांकुल पंचायत में पीवीयूएनएल के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो को लेकर संतोष व्यक्त किया गया। एवं कंपनी को धन्यवाद प्रेषित किया गया। ग्रामीणों ने आशा व्यक्त की कि पीवीयूएनएल के द्वारा और भी विकास कार्य पंचायत के अंदर में किया जाएगा। कुछ दिन पूर्व कम्युनिटी हॉल शिलान्यास कार्यक्रम के दिन किसी की कोई उपेक्षा नहीं हो इसका ख्याल रखा गया था। सिर्फ समय एवं दिन के तालमेल नहीं बैठने के कारण कुछ कमियां रह गई।आगे ग्रामीणों ने कहा कि सांकुल पंचायत के ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों में कोई भी किसी तरह कोई गलतफहमी नहीं है। हम सभी मिलजुल कर पंचायत को विकास की सर्वोच्च शिखर पर ले जाएंगे। बैठक में पीवीयूएनएल से बरवाटोला में प्राथमिक विद्यालय खोलने की मांग की गई। मौके पर बबीता देवी,सारिका देवी,उमा देवी,चिंता देवी,द्रौपदी देवी,परमानंद राजीव,भूपेंद्र सिंह,गीता देवी,अनीता देवी,तालेश्वर सिंह,धोनी दास सिंह,रामचंद्र सिंह,सकलदीप सिंह सहित अन्य दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## 11 से 31 तक पतरातु में परिवार स्वास्थ्य मेला का हुआ उद्घाटन

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को 11 जुलाई से 31 जुलाई तक संचालन किए गए परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन डॉक्टर मिठू हलधर द्वारा विधिवत फीता काटकर किया गया। इस मौके पर परिवार स्वास्थ्य मेला के बैनर तले सहिया दीदीयों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान प्रखंड परिसर में छोटा परिवार सुखी परिवार व परिवार के स्वास्थ्य को लेकर अन्य नारे लगाए गए। साथ ही विश्व जनसंख्या थीम पर हस्ताक्षर अभियान चलाए गए। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मनीष कुमार द्वारा परिवार कल्याण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी के साथ अस्थाई एवं स्थाई विधि पर भी दी गई। वही मौके पर एएनएम रिंकी देवी,सुधारानी,रेखा कुमारी,निहारिका एक्का,सरोज मछुआ,विजय कुमार एलटी,प्रवीण कुमार,रामदयाल मिस्त्री,राधा कुमारी डब्ल्यूएचपी,विवेक मिश्रा,एवं अन्य सहिया दीदी व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित हुए।

## राय रेलवे स्टेशन के दो नंबर प्लेटफार्म निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राय रेलवे स्टेशन के दो नम्बर प्लेटफार्म का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है।दो नंबर प्लेटफार्म के उच्चीकरण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को विधिवत पूजा पाठ के साथ स्टेशन अधीक्षक द्वारा नारियल फोड़कर किया गया।इस मौके पर संवेदक द्वारा पंडित बुलाकर पुजा पाठ कर कार्य का शुभारंभ किया गया।इस संबंध में जानकारी देते हुए राय के स्टेशन अधीक्षक संजीव कुमार एवं संवेदक विजय सिंह ने बताया कि इस प्लेटफार्म के उच्चीकरण का कार्य नवंबर में दिवाली के पहले पुरा कर लिया जाएगा।स्टेशन मे दो नंबर प्लेटफार्म के बन जाने से डाउन लाइन पर आने वाले यात्रियों को काफी सहुलियत मिलेगी।प्लेटफार्म का शिलान्यास होने से स्थानीय जनता में खुशी की लहर दौड़ गई है।लोगों का कहना है कि इतने लंबे समय से जनता की मांग पुरी होने एवं प्लेटफार्म उंचा हो जाने से बच्चे,बुढ़े एवं महिलाओं को ट्रेन पर चढ़ने एवं उतरने में आसानी होगी।दो नंबर प्लेटफार्म नहीं होने के कारण लोगों को उतरने चढ़ने में काफी दिक्कत होती थी,जिसके कारण कभी कभी लोग ट्रेन से गिर कर घायल भी हो जाते थे। गौरतलब है कि इस प्लेटफार्म के निर्माण को लेकर स्थानीय जनता द्वारा बार बार रेलवे अधिकारियों के साथ जन प्रतिनिधियों को भी पत्र भेजा जा चुका है।इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक संजीव कुमार,अमलेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार,दुलारचंद महतो,सोनु झा,दिनेश प्रसाद, टिकट अभिकर्ता निखिल सिंह,संवेदक विजय सिंह, मोहन यादव,उपेन्द्र कुमार, कैलाशपति मिश्र सहित राय रेलवे स्टेशन के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## बचरा गुरूद्वारा में मनाया गया गुरु हरकृष्ण साहब का प्रकाश उत्सव

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा गुरूद्वारा मे सिखों के आठवें गुरु, गुरु हरकृष्ण साहब का प्रकाश उत्सव मनाया गया।इस मौके पर बचरा गुरुद्वारा में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में सिख समुदाय के लोग शामिल हुए।जानकारी के अनुसार गुरु हरकृष्ण साहब का प्रकाश उत्सव के मौके पर गुरुद्वारा परिसर में शब्द कीर्तन और अरदास का आयोजन किया गया,जिसके बाद गुरु हरकृष्ण साहब के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।वही प्रकाश उत्सव के मौके पर लंगर का आयोजन किया गया,जिसमें सभी लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।बचरा गुरुद्वारा कमेटी के सरदार निर्मल सिंह ने गुरु हरकृष्ण साहब के जीवनी पर प्रकाश डाला,साथ ही उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।इस अवसर पर सरदार कुलदीप सिंह,सेवा सिंह, निर्मल सिंह,इंदल सिंह,प्रताप सिंह,अमन मेहरा,हरप्रीत सिंह,सुखदेव सिंह,सतनाम सिंह,गुरुमुख सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय जूनियर वुशु प्रतियोगिता में कोयलांचल के बच्चों ने लहराया परचम

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के वुशु खिलाड़ियों ने धनबाद में संपन्न हुए 19वीं राज्य स्तरीय जूनियर वूशु प्रतियोगिता बेहतर प्रदर्शन कर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र सहित चतरा जिला का नाम रोशन किया है।जानकारी के अनुसार इस प्रतियोगिता में कोयलांचल क्षेत्र के कुल 18 खिलाड़ी चतरा जिला वुशु संघ की ओर से खेल का प्रदर्शन किया,जिसमे कोयलांचल के खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक और 5 कांस्य पदक के साथ कुल 15 पदक प्राप्त कर चतरा जिला को पूरे झारखंड में दूसरे स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाया।ताऊलू स्पर्धा में शीतल कुमारी,रोशनी कुमारी, तनु कुमारी,ईभा कुमारी, शिवम उरांव,विक्रम कुमार गंझू ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।वही सोमु कुमारी ने रजत पदक,सांसऊ स्पर्धा में राज कुमार,अमन अंसारी ने स्वर्ण पदक,विवेक गंझु ने रजत पदक अपने नाम किया।छोटु कुमार गंझु,रोहित कुमार,लक्ष्मण कुमार महतो, अंकित कुमार और आशा कुमारी ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

# कल्याणपुर के मंडेर में हाइवा डंपर की चपेट में आने से एक बच्चा घायल

## घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश आंदोलन की चेतावनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर पंचायत के अंतर्गत मण्डेर पेट्रोल पम्प के समीप एक तेज रफ्तार हाईवा डम्पर की चपेट में आने से एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल बच्चे की पहचान सात वर्षीय प्रिंस कच्छप पिता राजु करछप के रूप में की गई है। घटना में घायल बच्चे को नाक,गाल मे चोट आया है और उनका दायां पैर फैक्चर हो गया है।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पिपरवार पुलिस ने घायल बच्चे को कल्यानी नर्सिंग होम कल्याणपुर में उपचार के लिए पहुंचाया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया गया है।वही सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार और अवर निरीक्षक रूपेश महतो ने मामले की जांच के बाद आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया।इधर घटना के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।कल्याणपुर पंचायत के मुखिया महेश मुंडा ने कहा कि टंडवा के आम्रपाली से पिपरवार तक कोल वाहनों के तेज रफ्तार से आए दिन दुर्घटना हो रही है।कई लोगों की जान जा चुकी है।घनी आबादी वाले क्षेत्र में बेलगाम वाहनों के रोकथाम के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है,जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है तो आने वाले दिनों में स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## वाहन मालिक ने फाइनेंस कंपनी पर प्रताड़ना का लगाया आरोप



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के ग्राम कोतो निवासी आनंद कुमार ओझा ने फाइनेंस कंपनी चोलामंडलम के खिलाफ आर्थिक,शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। इस संबंध में आनंद कुमार ओझा ने बताया कि फाइनेंस कंपनी चोलामंडलम रांची के द्वारा 28 नवंबर 2022 को रांची कार्यालय बुलाकर सेकंड हैंड हाईवा ट्रक फाइनेंस कराने का ऑफर दिया गया। जिसे आनंद कुमार ओझा द्वारा इनकार करने के बाद कंपनी द्वारा कई ऑफर देते हुए बहला-फुसलाकर हाइवा ट्रक जेएच 13 एच 0506 व जेएच 13 एच 0224 फाइनेंस कर दिया। बाद में षड्यंत्र के तहत 31 मई 2023 को कंपनी द्वारा असामाजिक तत्वों के सहयोग से उक्त वाहन को सीज कर लिया गया। साथ ही घटनास्थल पर पहुंचने के बाद आनंद कुमार ओझा के साथ मारपीट करते हुए उनके जेब से रुपए की छीनतई कर ली गई।इस पूरे मामले में आनंद कुमार ओझा द्वारा पांच लोगों को आरोपित बनाया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि फाइनेंस कंपनी चोलामंडलम द्वारा कई वाहन मालिकों के साथ इस तरह का षड्यंत्र रच कर उनका शोषण किया जा रहा है।


**कार्यालय :–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी।**

विज्ञापन संख्या–**13/2023** साक्षात्कार की तिथि– **20.07.2023**

**Walk in Interview**

शहरी क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे **अटल मुहल्ला क्लिनिक** के लिए जिला स्तर से Part Time चिकित्सक एवं आयुष चिकित्सकों की सेवा प्राप्त करने हेतु निजी चिकित्सकों/आयुष चिकित्सकों को सूचीबद्ध किया जाना है। निजी चिकित्सक एवं आयुष चिकित्सकों को सूचीबद्ध करने हेतु निम्नलिखित शर्तों पर आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क्रम | पद का नाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | पद संख्या | मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सक (एम0बी0बी0एस0) | MBBS degree from institutions recognized by Medical Council of India | 01 | रू0 36,400.00 (रू0 1400.00 प्रतिदिन X 26 दिन) |
| 2 | कार्य का समय :– सुबह 08:00 बजे से 12:00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 3 | सूचिबद्ध किये गये चिकित्सक एवं आयुष चिकित्सक द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | | | |
| 4 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | | | |

इच्छुक उम्मीदवार Walk-in-Interview में भाग लेने के लिए अपना फोटो सहित बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ समाहरणालय सभागार, खूँटी में दिनांक–20.07.2023 के पूर्वाहन 11:30 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

**नोट** :– निर्धारित तिथि में आयोजित Walk-in-Interview के पश्चात् आवेदक के आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,खूँटी।

PR 302048 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)



**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी**

विज्ञापन संख्या–**12/2023** साक्षात्कार की तिथि– **20.07.2023**

**Walk in Interview**

जिले के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निमित **"चलन्त ग्राम क्लीनिक"** के संचालन हेतु आयुश चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक की Walk in Interview के आधार पर अनुबंध आधारित सेवाएँ प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर निजी आयुश चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक को सूचीबद्ध किया जाना है। इच्छुक निजी आयुश चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क्रम | पद का नाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | पद संख्या | मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आयुष चिकित्सक | Bachelor in Ayurved/ Homoeopath/ Unani with working knowledge of Computer. | 02 | रू0 21,000.00 (कुल 26 कार्य दिवस) |
| 2 | कार्य का समय :– प्रातः 09:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक। | | | |
| 3 | सूचिबद्ध किये गये आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | | | |
| 4 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | | | |
| 5 | "चलन्त ग्राम क्लीनिक" के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के आवागमन के क्रम में परिवहन इत्यादि हेतु व्यय चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के द्वारा मिलकर स्वयं व्यवस्था की जायेगी। | | | |

इच्छुक उम्मीदवार Walk-in-Interview में भाग लेने के लिए अपना फोटो सहित बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ समाहरणालय सभागार, खूँटी में दिनांक–20.07.2023 के पूर्वाह्न 11:30 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

**नोट** :– निर्धारित तिथि में आयोजित Walk-in-Interview के पश्चात् आवेदक के आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी

PR 302045 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D



**Office of the Executive Engineer,**
**Drinking Water and Sanitation Division,Ranchi West, Ranchi.**
**Email id – eedwsd.ranchiwest@gmail.com**

**(3rd Call)**
**PR. No. 284695 (Drinking Water and Sanitation (2022-23)**
**EOI FOR IMPLEMENTING AGENCIES**

Expression of Interest (EoI) for inviting of Technical Support Agencies under GOBARDHAN Scheme (Swachh Bharat Mission Grameen), Jharkhand to Installation of Bio-Gas Plant in selected villages/ Community/Goushala in District of Ranchi, Jharkhand through Community approach (Capacity Building, Hand Holding Support and Community Mobilization)

On behalf of the Government of Jharkhand, the **Drinking Water and Sanitation Department** invites sealed tender offers (Eligibility and Price) for **"Hiring of Agency for Implementation of Gobardhan project in Ranchi West, Ranchi Jharkhand".**

**The summary of tender details is as below:**

| Sr. No | Item Details | Particulars |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | SBMG/DWSD/RW/Gobardhan/01/2022-23 |
| 2 | Tender Fee | Rs. 5,000/- (Rupees Five thousand only) |
| 3 | BID Security (EMD) | Rs. 50,000/- (Rupees Fifty thousand only) |
| 4 | Pre-Bid Conference (Address) | Office Of The Executive Engineer Swachh Bharat Mission (Grameen) Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi 834002, Phone: - 9204931335,Email: eedwsd.ranchiwest@gmail.com |
| 5 | Bid Submission Address | Office Of The Executive Engineer Swachh Bharat Mission (Grameen) Drinking Water & Sanitation Division Ranchi West, Ranchi Phone: - 9204931335,Email: - eedwsd.ranchiwest@gmail.com |
| 6 | Mobile Number | 9204931335 |
| 7 | Contact Person | Sri Anand Kumar Singh |
| 8 | Email Contact | eedwsd.ranchiwest@gmail.com |

**Tender Calendar:**

| Item Details | Target Date |
|---|---|
| Date of commencement of availability of the tender document. | 12.07.2023 at. 05.00 PM |
| Last date to send requests for clarifications on the Tender. | 14.07.2023 at. 05.00 PM |
| Project briefing & Pre-bid meeting. | 15.07.2023 at. 03.00 PM |
| Last date and time for submission of bids. | 19.07.2023 at. 04.00 PM |
| Opening of Eligibility/Technical Bids. | 20.07.2023 at. 03.00 PM |

**Note: -** Eligible bids will be opened in the presence of bidders on the specified date. Details & Notice of any changes will be notified on the official website of **www.daa.jharkhand.gov.in** Further, the Price bid/Financial bid Opening Date, Time & Venue will be intimated to the qualified Bidders on a later date.
The **Executive Engineer, D.W. & S. Division Ranchi West, Ranchi** reserves the right to accept, reject any tender offer or cancel he entire process without assigning any reason thereof.

**Executive Engineer,**
**D. W & S. Division,Ranchi West, Ranchi.**

**PR 302027 Drinking Water and Sanitation(23-24).D**


## जनसेवकों के आंदोलन के समर्थन में (झारोटेफ) के सदस्यों ने लगाया बिल्ला



**गोड्डा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के सभी जनसेवक 09 मई से बेमियादी हड़ताल पर हैं और 11 वर्षों की सेवा के बाद ग्रेड पे घटाए जाने के विरोध में तथा अपने 11 सूत्री मांगों के समर्थन में लगातर आंदोलनरत हैं।हड़ताल के 64वें दिन मंगलवार को जनसेवकों के आंदोलन को समर्थन देने के लिए राज्य में कार्यरत कुल 1.25 लाख पदाधिकारियों , शिक्षकों एवम् कर्मचारियों का प्रतिनिधत्व करने वाला सबसे बड़ा संगठन NMOPS (एनएमओपीएस)/JHAROTEF (झारोटेफ) के आह्वान पर मंगलवार को गोड्डा के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने ÷मैं जनसेवक के साथ हूं सहित वेतन पेंशन पर कोई प्रहार, नहीं सहेगा कर्मचारी परिवार लिखित बिल्ला लगाकर कार्यों का निष्पादन किया। एनएमओपीएस के गोड्डा जिला संयोजक डा. सुमन कुमार ने कहा कि 11 वर्षों की सेवा के बाद जनसेवक साथियों का ग्रेड वेतन घटाया जाना अन्याय है। यदि सरकार शीघ्र जनसेवकों का ग्रेड पे रिस्टोर नहीं करती है तो एनएमओपीएसके अन्तर्गत सभी कर्मी जनसेवकों के साथ प्रत्यक्ष आंदोलन में उतर जायेंगे।कृषि सचिवालय (नेपाल हाउस) में चल रहे धरना प्रदर्शन में शामिल होने रवाना हुए 65 जनसेवक 12 जून से कृषि सचिवालय (नेपाल हाउस) में चल रहे धरना प्रदर्शन में शामिल होने हेतु गोड्डा से 65 जनसेवक रांची रवाना हुए।

## दीवार काटकर किराना दुकान से हजारों की चोरी

**मधुपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के सीताराम डालमिया रोड स्थित किराना दुकान विनायक भंडार का दीवार काटकर अज्ञात चोर के द्वारा बीते रात को नकदी समेत हजारों रुपए का सामान चुराल चोरी कर लिया गया है । शहर के मीना बाजार मोहल्ला निवास किराना दुकानदार दीपक कुमार डालमिया ने सोमवार को थाना में आवेदन देकर पुलिस की घटना की जानकारी दी है । सूचना पर पुलिस दुकान दुकान गई और मामले की जांच किया । दुकानदार को आश्वासन दिया कि जल्दी चोर को पकड़ लिया जाएगा । पीडीत दुकानदार ने पुलिस को बताया सोमवार सुबह दुकान का शटर खोला तो देखा कि अंदर का सामान बिखरा पड़ा हुआ है । दुकान का दीवार कटा हुआ है । दुकान में रखे नगदी करीब 8 हजार काजू किशमिश, कॉस्मेटिक समेत अन्य सामान जिसकी कुल अनुमानित राशि 35000 है चोरों के द्वारा चुरा ली गई है । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची**
**Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 08/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, विशेश कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–17.07.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–18.07.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–18.07.2023 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, छोटानागपुर भवन अंचल संख्या–1, भवन निर्माण विभाग, राँची। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
7. निविदाधीन कार्य का विवरण :–

| क्र. सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Deep Boring work for Laxmi Niwas, Kanke, Ranchi | 4,65,500.00 | 9,400.00 | 750.00 | 15 Days |

8. निविदा की शर्ते WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है ।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0, राँची

PR 302020 Building (23-24)_D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा।**

"भर्त्ती कैम्प, दिनांक : 13.07.2023"

–: सूचना :–

एतद् द्वारा सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को सूचित किया जाता है कि जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा कार्यालय के द्वारा दिनांक : **13.07.2023** को **जिला नियोजनालय, कोडरमा कार्यालय परिसर में** पूर्वाह्न **10:00** बजे से अपराह्न **04:00** बजे तक एक दिवसीय "भर्त्ती कैम्प" का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निम्नलिखित प्रतिष्ठान ने अपनी उपस्थिति की सहमति जताई है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

| S.N | Name of the Establishment & Address | Name of the Post | No of Post | Qualification Essential | Age | Pay & Allow. | Remarks. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | M/s. BULL FIGHTER SECURITY SERVICES, Kali Badi Road, Hazaribagh. | Supervisior | 02 | Graduate | 20-50 yrs | Ra. 10281/- PM | Place of work – Koderma. 8 hrs duty. |
| | | Driver | 05 | Non Matric Valid D. L | 20-50 yrs | Rs. 13280/- PM | Place of work – Koderma. 8 hrs duty. |
| | | Sweeper (झाड़ुकश) | 15 | Non Matric | 20-50 yrs | Rs. 9,638/- PM | Place of work – Koderma. 8 hrs duty. |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से किसी भी नियोजनालय में निबंधित नहीं है, वे जिला नियोजनालय, कोडरमा में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त "भर्त्ती कैम्प" में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। **झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में 75 % स्थानीय नियोजन निति का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक को स्थानीय आवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।** वैसे उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा।

अतः सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में भर्त्ती कैम्प में शामिल होकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठावें।

ह0/–
जिला नियोजन पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 302011 (Labour Employment and Traning) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 06/2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
2. परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि :– दिनांक 13.07.2023 से 19.07.2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 20.07.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक, जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 20.07.2023, 03:30 बजे अपराह्न में, जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
5. परिमाण विपत्र की ब्रिकी का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, राँची। (2) उप विकास आयुक्त का कार्यालय, राँची।
6. निविदा का मद :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| क0 | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू में) | परिमाण विपत्र का मुल्य(रू में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओरमांझी | चाडू | भुसूर | ग्राम भुसूर में तलाब तक 1150 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 20,92,000=00 | 42,000.00 | 5,000.00 | 5 Month |
| 2 | | जयडीहा | जयडीहा | महेश प्रजापति के घर से लेकर मुन्सी करमाली के घर तक 1500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 24,94,000=00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 5 Month |
| 3 | | जयडीहा | जयडीहा | नलदुबुआ से लेकर राजू महतो के घर से लेकर मुन्सी करमाली के घर तक 450 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 8,23,000=00 | 16,500.00 | 1,250.00 | 5 Month |
| 4 | | इचादाग | पिस्का | उकिड चेतान्वारी पथ से नाकवा टोली उकिद तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 44,07,000=00 | 88,200.00 | 5000.00 | 5 Month |
| 5 | खेलारी | लपरा | चट्टीनदी | टोला कुवार पतरा में अन्दु उरांव के घर से बुधराम उरांव के घर तक 802 मी0 पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 38,47,000=00 | 77,000.00 | 5000.00 | 5 Month |
| 6 | | बुकबुका | बुकबुका | बुकबुका पंचायत अंतर्गत खलारी शाहिद चौक मुख्य पथ से बुकबुका पंचायत भवन होते हुए डी0एस0पी0 आवास तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 35,74,000=00 | 71,500.00 | 5000.00 | 5 Month |
| 7 | | बुकबुका | बुकबुका | माली बगान के निकट मुख्य पथ से डी0ए0वी0 स्कूल खलारी होते हुए एक पुलिया के साथ श्री जानकी रमण मंदिर खलारी के निकट तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 15,30,400=00 | 30,700.00 | 5000.00 | 5 Month |
| 8 | खेलारी | लपरा | कोनका | कोंका मुख्य पथ से माईकल पार्किंग के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 14,98,000=00 | 30,000.00 | 2,500.00 | 5 Month |
| 9 | | लपरा | नावाडीह | लपरा पंचायत अंतर्गत खलारी नवाडीह मुख्य मार्ग से मौनाटोला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 16,80,200=00 | 33,700.00 | 5000.00 | 5 Month |
| 10 | | बभने | डुण्डी | गणेश महतो के घर से मेन रोड रांची सड़क तक 350 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण कार्य। | 5,50,100=00 | 11,100.00 | 1,250.00 | 5 Month |
| 11 | | बुकबुका | बुकबुका | श्री राम जानकी मंदिर से डी0ए0वी0 स्कूल होते हुए के0डी0 बैड मुख्य पथ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 8,85,500=00 | 17,800.00 | 1,250=00 | 5 Month |

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **Jharkhandtenders.gov.in** एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता हे ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची

**PR 302042 Rural Development(23-24)#D**

## रंजीत कुमार महतो के पहल पर बना मृत्यु प्रमाण पत्र

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोविंदपुर प्रखंड के सबसे सुदूरवर्ती



आदिवासी बहुल मरिचो पंचायत के नवाडीह, डिग्री, रतनपुर आदि गांवों के सनोदी देवी, सुमरी देवी, सोहानी देवी आदि महिलाओं को युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो के प्रयास से उनके पति की मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाया गया। ज्ञातव्य है कि मरिचो पंचायत के कई महिलाएं अपने पति की मृत्यु प्रमाणपत्र से वंचित थे जिसके कारण उन्हें काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों के द्वारा सुचना मिलते ही युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो के द्वारा त्वरित संज्ञान में लेकर पंचायत सेवक, गोविंदपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी और जिले के उच्च पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करके आज़ पंचायत के महिलाओं के बीच उनके पति के मृत्यु प्रमाण पत्र को उपलब्ध करवाया गया।

## 22 जुलाई को आदिवासी कुड़मी सम्मेलन को लेकर जनसंपर्क अभियान

**तोपचांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रदेश आदिवासी कुडमी



समाज के बैनर तले मानटांड, चितरपुर, अंबाडीह, केंदुआडीह, धाजाटांड, मंझलाडीह आदि कुडमी गांवो में जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान का नेतृत्व बिंदेश्वरी प्रसाद महतो ने किया। इस दौरान पूर्व घोषित कार्यक्रम 22 जुलाई को बंगाल कुडमी टाइगर अजीत महतो का धनबाद जिला के तोपचांची हटिया मैदान में आहूत सम्मान समारोह सह आदिवासी कुडमी सम्मेलन के लिए लोगों से जनसंपर्क की गई। इस दौरान सदस्यों ने कहा कि कुडमीयो के लिए झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के बाद, सबसे बड़ी आंदोलन पुनः कुडमी जाति को एसटी सूची में शामिल कराना है। इस कार्यक्रम में मधुसूदन महतो,वसुधीर महतो, विनोद महतो, गिरजा शंकर महतो, तुलाराम महतो, बालेश्वर महतो, सरस्वती देवी, मीना कुमारी, कलावती देवी, पूजा देवी, राजकुमारी देवी, पार्वती देवी आदि लोग मौजूद थे।

## विश्व जनसंख्या दिवस : जेएनएमएस स्कूल ने निकाला प्रभात फेरी

**डिगवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर




पर जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक डाक्टर आर. एन. चौबे ने हरी झंडी दिखा कर पदयात्रा को रवाना किया। बच्चे स्कूल के प्रांगण से डिगवाडीह 12 नंबर ऑफिसर कॉलोनी, गणेश पूजा मैदान होते हुए सी.एफ.आर.आई स्कूल प्रांगण पहुंचे जहां पदयात्रा समाप्त हुआ। प्रभात फेरी का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या पर नियंत्रण लगाना है। बच्चे हाथ में तख्ती और बैनर लेकर नारा लगा रहे थे। आज से यह कदम उठाओ जनसंख्या पर रोक लगाओ, हम दो हमारे एक। स्कूल की प्राचार्य रुना दुबे ने बच्चों कौ जागरूक करते हुए कहा कि बच्चे एक वृक्ष अनेक। अगर बच्चे एक रहेंगे और वृक्ष ज्यादा रहेंगे तो पर्यावरण मे सुधार और जनसंख्या मे कमी होगी।

## अरारी व चोंगाखार पंचायत के मुखिया ने बांटा गया धोती व साड़ी

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार प्रखंड क्षेत्र के अरारी एवं



चोंगाखार पंचायत के क्रमश ग्राम सिरमाटांड़ एवं ग्राम गुरहा में ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह तथा सिरमाटांड़ में जन वितरण प्रणाली दुकान हरिहर दास के यहां झारखंड सरकार की सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत बी पी एल कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया। धोती साड़ी वितरण के दौरान ग्राम गुरहा में मुखिया देवकी देवी के अलावे मुखिया प्रतिनिधि राम लखन वर्मा, सूर्यदेव तुरी, अंगद शर्मा, रामजी वर्मा, गुलाब शर्मा, डाक्टर प्राण महतो समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार का कहर : बिरनी सड़क दुर्घटना में 5 गंभीर रूप से घायल

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड क्षेत्र के राँची-दुमका मुख्य मार्ग पर ग्राम बिराजपुर में मंगलवार दोपहर लगभग 2 बजे एक टीवीएस अपाचे जिसकी गाड़ी संख्या जेएच 10 सीएम 0393 एवं एक स्कूटी में आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें पति-पत्नी समेत 5 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 3 महिला एवं 2 पुरुष शामिल हैं। जिसकी पहचान सिमराढाब निवासी 25 वर्षीय मधु देवी, गोंगरा निवासी 26 वर्षीय भारती कुमारी, कुबरीटांड निवासी 33 वर्षीय राकेश रजक, 25 वर्षीय रूपा कुमारी, एवं सरिया के परसिया निवासी 25 वर्षीय दिनेश रजक के रूप में हुई है । बता दें कि अपाचे में चालक समेत 3 लोग सवार होकर सरिया कॉलेज से बिरनी की ओर आ रहे थे। वहीं दूसरी ओर स्कूटी में पति-पत्नी सवार होकर पलौंजिया से सरिया की ओर जा रहे थे। तभी दोनों की टक्कर हो गई जिससे 5 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार किसी ने हेलमेट नही पहने थे। स्थानीय लोगों ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जिसका उपचार डॉ अंकित कुमार ने किया तथा गम्भीर हालत देखते हुए सभी को रेफर कर दिया।

## शिक्षिका व प्रधानाध्यापक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर

# शव के साथ सड़क पर उतरे परिजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तेतुलमारी :** धनबाद संत जेवियर विद्यालय तेतुलमारी के शिक्षिका शिंदू मैडम व प्रधानाध्यापक आर के सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक छात्रा के परिजन व ग्रामीण शव को विधालय गेट पर रख कर धरना पर बैठे।


वहीं आक्रोशित राजगंज कतरास मुख्य मार्ग को जाम कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सोमवार को विद्यालय के शिक्षिका शिंदू मैडम की पिटाई तथा बेज्जती से आहत कक्षा दस की छात्रा उषा कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले को लेकर मृतिका के मां वंदना देवी ने तेतुलमारी पुलिस को शिक्षिका बिंदु देवी एवं प्रधानाध्यापक आरके सिंह के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुप्रेरित करने का प्राथमिकी दर्ज कराई है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतका उषा कुमारी सोमवार को अपने माथे पर बिंदी लगाकर स्कूल गई थी जिसको लेकर शिक्षिका सिंधु मैडम ने मृतका को मारपीट कर स्कूली छात्र छात्राओं के सामने बेइज्जत किया था। साथ ही प्रधानाध्यापक ने उसे स्कूल से निष्कासित कर घर भेज दिया था जिससे क्षुब्ध होकर छात्रा अपने घर लौटी और घर में आकर फांसी लगा ली। मृतका ने अपने स्कूल के शिक्षिका के खिलाफ एक सुसाइड नोट भी छोड़ गई है।

## बाल सुधार गृह में छापेमारी : 8 मोबाइल सहित प्रतिबंधित वस्तुएं बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शहर के धनसार थाना क्षेत्र अंतर्गत भुदा बरमसिया में अवस्थित बाल सुधार गृह में मंगलवार की सुबह औचक छापामारी की गई। जिसमें कई आपत्तिजनक व प्रतिबंधित वस्तुएं बरामद हुई। बाल सुधार गृह के नोडल



अफसर कर्नल जेके सिंह ने बताया कि बाल सुधार गृह में नियमित रूप से जांच और छापामारी की जाती है। इसी के तहत मंगलवार को धनबाद के बाल सुधार गृह में छापेमारी की गई है। छापेमारी में विभिन्न वार्डो से आठ मोबाइल फोन, एक बैटरी, 3 चार्जर, वायर, रस्सी तथा कुछ प्रतिबंधित वस्तुएं बरामद हुई है। कर्नल ने बताया कि बाल सुधार गृह की सुरक्षा के लिए जैप के वरीय जवानों को जिम्मेदारी दी गई है। जिससे कि उनका अनुभव इन बच्चों के काम आ सके। वही एक सवाल के जवाब में कर्नल जेके सिंह ने बताया कि बाल सुधार गृह के बच्चे अक्सर चारदीवारी को फांदने के प्रयास में लगे रहते हैं। जिसकी निगरानी जवान मुस्तैदी से करते हैं। इसी निगरानी के क्रम में कई आपत्तिजनक चीजें बरामद हुई है। भविष्य में बाल सुधार गृह के भीतर ऐसी आपत्तिजनक वस्तुएं नहीं पहुंच सके, इसके लिए कार्रवाई की जा रही है। प्रतिबंधित वस्तुओं को पहुंचाने का माध्यम बनने वाले लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बजार के प्रतिनिधि मंडल ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के एक प्रतिनिधि मंडल ने नगर आयुक्त से मिल कर पुराना बाजार में महिला टॉयलेट एवं सुलभ शौचालय एवं सफाई के मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

चैंबर ऑफ़ कॉमर्स पुराना बाज़ार संचालन समिति के सदस्य प्रदीप नारनोली, सोहराब खान, पवन सोनी के नेतृत्व में नगर आयुक्त सतेंद्र कुमार से मिल कर पुराना बाज़ार में महिला टॉयलेट एवं सुलभ शौचालय निर्माण की बात रखी। स्ट्रीट लाइट लगाने एवं सुचारु रूप से बाज़ार की सफाई का भी आग्रह किया गया। नगर आयुक्त सतेंद्र कुमार ने चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के सदस्यों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

प्रतिनिधि मंडल में चैंबर ऑफ़ कॉमर्स पुराना बाज़ार संचालन समिति के सदस्य सोहराब खान, प्रदीप नारनोली, पवन सोनी, विजय सैनी, प्रदीप अग्रवाल, इमरान अली, नवनीत रिटोलिया एवं दीपक कुमार झा उपस्थित थे।

## एक सप्ताह से अंधेरे में राजदाह धाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** सरिया प्रखंड के प्रमुख तीर्थ स्थल राजदाह धाम में बीते एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारन अंधेरे में शिव भक्त पूजा करने को विवश है, सावन के इस पवित्र माह में हर दिन करीब हजारों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने राजदाह धाम पहुंचते है लेकिन विधुत आपूर्ति नहीं होने के कारन इन्हे अंधेरे में पूजा करना पड़ रहा है वहीं परिसर में पानी के लिये लगाया गया जलमिनार भी बिजली नहीं होने के कारन ठप्प पड़ा है लोगो को मज़बूरी में नदी का पानी पीना पड रहा है, इस सन्दर्भ में तपस्वी मौनी बाबा राजदाह धाम के अध्यक्ष सुरेश भारती ने बताया की हमने बिजली विभाग को इसकी सुचना दिया है लेकिन विभाग



के उदासीन रवैया के कारन आज तक इस पर पहल नहीं हुवा है अभी सावन का महीना चल रहा है लोग सुबह के तीन बजे से पूजा करने के लिये राजदाह धाम पहुंचने लगते है लेकिन बिजली नहीं होने के कारन श्रद्धालुओं को दिक्कत का सामना करना पड रहा है विभाग को इस पर उचित पहल करना चाहिये ताकि लोगो को दिक्कत ना हो।

## पचंबा थाना प्रभारी के खिलाफ धरना देगा किसान मंच : अवधेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** छेड़खानी का गलत आरोप लगाकर पचम्बा थाना कांड संख्या 80/2023 में विगत 30 जून को गिरफ्तार कर जेल भेजे गए यूवक दीपक गोस्वामी के साथ छीनछोर और मारपीट किए जाने का वीडियो वायरल होने एवं सैकड़ों लोगों के संयुक्त हस्ताक्षर का ज्ञापन एस पी कार्यालय में दिए जाने तथा डी एस पी द्वारा थाना प्रभारी को छिनतई करनेवाले अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करने का निर्देश देने के एक सप्ताह बाद भी थाना प्रभारी द्वारा छिनतई करनेवाले अपराधियों के विरुद्ध अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित किसान मंच के सदस्यों ने मंगलवार को दूसरी बार




झंडा मैदान गिरिडीह में धरना दिया तथा उक्त मामले में एस पी से चुप्पी तोड़ने की मांग करते हुए शहर में प्रदर्शन किया। धरना को संबोधित करते हुए किसान मंच के अध्यक्ष सह अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि छिनतई के शिकार हुए युवक दीपक गोस्वामी को पुलिस द्वारा न्याय दिलाने के बजाय उसे ही छेड़खानी के झूठे मुकदमे में गिरफ्तार कर जेल भेज देने एवं इस पुलिसिया जुल्म के खिलाफ इतना आंदोलन होने के बाद भी एस पी गिरिडीह द्वारा पूरी तरह से चुप्पी साधे जाने से यह साबित हो गया है कि गिरिडीह जिला में पुलिस अपराधियों को बचाती है और निर्दोष लोगों को जेल भेज के अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का ढोंग रचती है। किसी अपराध का उद्भेदन करने के नाम पुलिस के पदाधिकारी प्रेस वार्ता कर वाहवाही लुटते हैं निश्चित रूप से वैसे अपराधों में निर्दोष लोगों का मुंह कपड़ा से ढक के वहां खड़ा दिखाती है। इसलिए हमें लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया के बंधुओं से यह विनम्र निवेदन करना चाहिए कि इस प्रकार के प्रेस वार्ता का समाचार तभी प्रकाशित हो जब पुलिस गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को भी मीडिया में अपना पक्ष रखने का अवसर दे।

## टाटा डिविजन के मुख्य प्रबंधक के समक्ष रखी समस्याएं



**प्रभात मंत्र सवांददाता**

**झरिया :** झारखंड प्रदेश काँग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी ने झरिया टाटा डिविजन के मुख्य प्रबंधक प्रशासन कर्नल भवानी सिंह से वार्ता कर रमजानपुर आलमनगर की जन समस्याओं से अवगत कराया। मुख्य रुप से पिट वाटर, बिजली सफाई संबंधी समस्याओ पर बात रखी गई। इस दौरान पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़ लगाने के लिए भी वार्ता हुई। मुख्य प्रबंधक प्रशासन कर्नल भवानी सिंह ने अविलंब निदान करने का भरोसा दिया। मौके पर शाने रहमत, मुर्शिद अंसारी आदि मौजूद थे।

## बाल गृह में रह रहे मंद बुद्धि बालक को उसके परिवार से मिलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** बाल गृह, चास बोकारो में पिछले एक वर्ष से रह रहे 16 वर्षीय बालक को न्यायपीठ बाल कल्याण समिति बोकारो ने उसके परिवार को सौंपा। बाल गृह, चास के अधिक्षक ओम प्रकाश के अथक प्रयास से बालक को उनके परिवार से मिलाया गया है।

बालक प्रारंभ में अपना पत्ता नहीं बता पा रहा था। उक्त बालक अपना घर पुरुलिया, पश्चिम बंगाल बता रहा था, सीडब्ल्यूसी द्वारा कई बार बाल संरक्षण इकाई पुरुलिया एवं सीडब्ल्यूसी पुरुलिया को पत्रचार किया गया लेकिन कोई लाभ नहीं मिला, उक्त बालक सिंदरी, धनबाद का रहने वाला था, बालक के माता पिता सीडब्ल्यूसी बोकारो आकर अपने बच्चे को साथ में ले गया, बालक जब अपने माता पिता को देखा तो सभी का आंसु आ गया। मौके पर सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष शंकर रवानी, प्रीति प्रसाद, मो0 रजी अहमद, रेणु रंजन, बाल गृह के अधिक्षक ओम प्रकाश, प्रमर्शदात्री गायत्री कुमारी, अखिलेश पाण्डे, रोहित कुमार।

## महाप्रबंधक ने की कोल लोडिंग व कोल कनेक्टिविटी से जुड़ी परियोजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा की अध्यक्षता में आज महेन्द्रूघाट, पटना में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में कोल इंफ्रास्ट्रक्चर, महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं आदि की कार्य प्रगति पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस समीक्षा बैठक में कोयला के सुगम परिवहन एवं विद्युत घरों को कोयला की और तेजी से आपूर्ति हेतु आधारभूत संरचनाओं के विकास, मोबिलिटी, जोनल इंटरचेंज आदि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल की महत्वपूर्ण निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की एवं



आवष्यक दिषा-निर्देष दिया । बैठक में अपर महाप्रबंधक व प्रमुख विभागाध्यक्ष उपथित थे । विदित हो कि पूर्व मध्य रेल द्वारा चालू वित्त वर्ष 2023-24 के प्रथम तिमाही अर्थात जून, 2023 तक प्रतिदिन औसतन 141 रेक की लोडिंग करते हुए कुल 48 मीलियन टन की लोडिंग की गयी जिसमें कोयले की लोडिंग 44 मीलियन टन (औसतन 122 रेक प्रतिदिन) रही । जबकि पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के प्रथम 03 माह में पूर्व मध्य रेल द्वारा प्रतिदिन औसतन 135 रेक की लोडिंग करते हुए 46 मिलियन टन की लोडिंग की गयी थी जिसमें कोयले की लोडिंग 42 मीलियन टन की रही थी ।

## सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता शशिकांत दुबे की मौत, शोक की लहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** कुमारधुबी काली मंडा निवासी भारतीय जनता पार्टी एगारकुण्ड प्रखंड युवा मोर्चा अध्यक्ष शशिकांत दुबे की मंगलवार की सुबह गोविंदपुर के एनएच 2 पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शशिकांत दुबे अपने साथी के साथ धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह के जन्मदिन की बधाई देने गया था। लौटने के क्रम में गोविंदपुर थाना अंतर्गत रंगाबाद गाँव के समीप एक ट्रक ने चपेट में ले लिया। जिसमें शशिकांत दुबे की मौत हो गई। सूचना मिलते ही धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता घटनास्थल पहुंचे। दोषी पर कार्रवाई और उचित मुआवजा की मांग किया गया। बताया जा रहा है कि दुर्घटना कर भागने वाला ट्रक पकड़ा गया है।

## उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार, कई मामलों का किया गया त्वरित निष्पादन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की मौजूदगी में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 25 फरियादी उपायुक्त से मिले और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत करवाया।

मौके पर बेंगाबाद के रतनी देवी ने बिजली बिल माफी से संबंधित, नाज प्रवीण द्वारा जमीन नापी, छोटन मंडल के द्वारा जमीन विवाद सहित कइयों द्वारा अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा गया।



इसके अलावा शौचालय विवाद, बंदोबस्ती पर्चा, जमीन राशिद कटवाने, इलाज करवाने, सड़क दुर्घटना से मुआवजा, पेंशन आदि आवेदन उपायुक्त को प्राप्त हुए।

इसे लेकर उपायुक्त द्वारा सभी आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया।

कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावा डीडीसी, आईएएस प्रशिक्षु, अपर समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक निर्देशक सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरे

### भंडरा थाना पुलिस ने एक लावारिश युवती का लाश किया बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा थाना क्षेत्र के डुमरी गांव स्थित बुदू उरांव के सिंचाई कूप से मंगलवार को भंडरा थाना पुलिस ने एक लावारिश युवती का लाश बरामद किया है। हालांकि अबतक शव का पहचान नहीं हो सका है। इधर डुमरी गांव में सिंचाई कूप में बोरे में बंद युवती का शव मिलने की सूचना मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने घटनास्थल पहुंच शव को कुंआ से निकाल पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि सिंचाई कूप से बोरे में बंद संदेहास्पद स्थिति में युवती का सड़ा-गला हुआ शव बरामद किया गया है। शव की पहचान अबतक नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया था,परंतु सदर में शव का पोस्टमार्टम नहीं होने के कारण पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रेफर भेजा जा रहा है।

# हिंडालको मजदूरों का रोजगार छिनेगा, तो मजदूर कराएगा रोपवे बंद : सुखदेव भगत

➲ हिंडालको बताएं कि मजदूरों के पसीने से प्रदूषण होता है और रोपवे से हरियाली

➲ हिंडालको अनलोडिंग स्टेशन में मजदूरों का धरना प्रदर्शन का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** हिंडालको अनलोडिंग स्टेशन में मंगलवार को बॉक्साइट अनलोडर मजदूर संघ के द्वारा अपनी मांगों को लेकर अनलोडिंग स्टेशन में स्थित रोपवे के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष प्रेमचंद महतो ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक सुखदेव भगत उपस्थित थे। कार्यक्रम में जमकर हिंडालको के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मजदूरों ने अपनी चट्टानी एकता का परिचय दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि एक षड्यंत्र के तहत हिंडालको कंपनी सैकड़ों अनलोडर मजदूरों का रोजगार छीनने का कार्य करने जा रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके लिए हिंडालको के खिलाफ व्यापक जन आंदोलन किया जाएगा। हिंडालको मजदूरों के साथ दोहरा चरित्र अपना रही है एक और प्रदूषण के बहाने हिंडालको अनलोडिंग स्टेशन में ट्रक के द्वारा बॉक्साइट डंपिंग करने का कार्य बंद करना चाहती है तो दूसरी और व्यापक पैमाने पर रोपवे के द्वारा बॉक्साइट डंपिंग करना चाहती है। कंपनी मजदूरों एवं यहां की जनता को बेवकूफ समझती हैं। स्टेशन में सैकड़ों मजदूर कार्य करते हैं अगर यहां मजदूरों का काम बंद हो जाता है तो लगभग 5000 लोगों का इसका प्रभाव पड़ेगा मजदूर के परिवार के समस्त भूखों की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी तथा छोटे-छोटे दुकानों पर भी प्रभाव पड़ेगा। श्री भगत ने कहा कि पीठ में लात मारोगे तो बर्दाश्त कर लेंगे लेकिन पेट में लात मारोगे तो बर्दाश्त नहीं होगा। कंपनी अगर अनलोडिंग स्टेशन में बॉक्साइट का डंपिंग नहीं कराना चाहती है तो रोपवे को भी बंद करना होगा और मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराना होगा। श्री भगत ने कहा कि हिंडालको बताएं कि मजदूरों के पसीने से प्रदूषण होता है और रोपवे से हरियाली होती है। श्री भगत ने कहा कि वे मजदूरों के लड़ाई में उनके साथ है। मजदूरों के हक हुकूक के लिए मुख्यमंत्री,श्रम मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर मजदूरों के अधिकार दिलाने का प्रयास करेंगे। कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू ने कहा कि हिंडालको के खिलाफ यह अंगड़ाई है और आगे भी लड़ाई जारी रहेगा ।हिंडालको मजदूरों के बात को नहीं मानती है तो अगली बार व्यापक स्तर पर जन आंदोलन होगा। धरना प्रदर्शन के दौरान रोपवे बंद था और दर्जनों ट्रक कतार में खड़ी थी। धरना प्रदर्शन के उपरांत रोपवे एवं ट्रक से बॉक्साइट अलोडिंग किया गया। मौके पर आदिवासी विकास परिषद के जिलाध्यक्ष फुलदेव उरांव, अध्यक्ष प्रेमचंद महतो, सचिव अनिल उरांव,देवचरण उरांव,अनिल कुमार, शाहिद अहमद बेलू, मनोज सोन तिर्की, अनवर अंसारी, प्रदीप उरांव, रंजन उरांव, गीता उरांव, बजरंग उरांव, रोपा उरांव,बैजनाथ यादव रवि उरांव, ननका अंसारी, महेश लोहरा, राजकुमार उरांव, सधनू उरांव, संदीप उरांव, मंगल देव उरांव जोन उरांव,दीपक उरांव गंगा उरांव सहित सैकड़ों की संख्या में मजदूर उपस्थित थे। इस दौरान श्री भगत ने अनलोडिंग स्टेशन में लाइट की व्यवस्था करने एवं मजदूरों की मांगों को हिंडालको महाप्रबंधक को जानकारी देने के लिए वहां पर हिंडालको के उपस्थित पदाधिकारी को निर्देश दिए।

## छापामारी अभियान के तहत दो ट्रैक्टर पुलिस ने किया जब्त खनन अधिनियम के तहत होगी करवाई



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डांडू कोयल नदी से बालू लोड कर निकलने के दौरान बालू घाट के ऊपर पक्की सड़क पर परिवहन करते पुलिस ने दो ट्रैक्टर को जब्त कर लाया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत खनन सहायक पदाधिकारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी द्वारा शस्त्र बल के सहयोग से अवैध बालू के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाते हुए बिना नम्बर का दो स्वराज ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। बताया जाता है कि दोनों जब्त ट्रैक्टर चालक एवं मालिक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत कानूनी कारवाई किया जाएगा। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि डांडू क्षेत्र से अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन की गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था। जिसको लेकर खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद के नेतृत्व में अवैध बालू खनन को लेकर छापामारी करते हुए जब्त किया गया। इस संदर्भ में खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद ने कहा खनन मामला में विभाग के खनिज पदार्थ चोरी करने तथा राजस्व की क्षति पहुंचाने को लेकर खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जाएगा।

## ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना में नियमित जल आपूर्ति हेतु बीडीओ व उपप्रमुख ने दिये निर्देश



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 11 जुलाई मंगलवार को कैरो प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता एवं प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी मुखिया वीरेंद्र महली एवं जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणो के साथ बैठक मे ग्राम जल स्वच्छता प्रमंडल के तहत कैरो ग्रामीण पेय जल आपूर्ति योजना के नियमित सुचारु रूप से पेयजल व्यवस्थां संचालन हेतू बैठक आहुत की गयी। विदित है की इन दिनो ग्राम जल स्वच्छता विभाग की और से कैरो ग्रामीणों को नियमित रूप से जल आपूर्ति नही हो पाने के कारण उक्त बैठक की आवश्कता आन पड़ी। बैठक की चर्चा मे यह विषय खुलकर सामने आया कि पुर्व मे जल शुल्क वसूली की जिम्मेवारी संबंधित वार्ड सदस्यो को दी गई थी, वार्ड सद्स्य शुल्क वसूली के उपरांत शत प्रतिशत राजस्व विभाग को जमा नहीं कर पाये जिससे नियमित जल आपूर्ति व्यव्स्था को ठीक करने मे व्यवधान उत्पन्न हो गई। बैठक मे प्रविपदा0 पवन कुमार महतो एवं उप प्रमुख मधुलिका रानी ने कैरो ग्राम का राजस्व वसूली का जिम्मा उतका जल सहिया मनतोरनी उराँव को देते हुए यह निर्देश दिया कि ग्राम के गणमान्य लोगो का साथ लेकर नियमित रूप से राजस्व की वसूली कर पेय जल आपूर्ति व्यव्स्था का सुचारु रूप से संचालित करें, साथ ही जो एक बार भी जल शुल्क जमा नही किया है, उसका कनेक्सन हटा दिया जाये। बैठक मे उपरोक्त लोगों के अलावा प्रखंड समन्यवक खालिक अंसारी, उप-मुखिया रवि प्रजापति, कनिय अभियंता सुमन राज खलखो, विशेश्वर प्रसाद दीन, विकास उराँव इत्यादि बैठक मे उपस्थित थे।

## दीपा शिखर संयोजक और मीरा देवी सह संयोजक बनी

# सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में मातृ भारती की गोष्ठी आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में मातृ भारती गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने किया। परिचय और चर्चा सत्रों में बालक बालिकाओं के सर्वांगीण विकास में माताओं की भूमिका और शिक्षकों के साथ समन्वय को लेकर अनेकों बिंदुओं पर बातचीत हुई और कई निर्णय लिए गए। मौके पर प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि बालक-बालिकाओं के व्यक्तित्व निर्माण में माताओं की बड़ी भूमिका रहती है। माताओं और शिक्षक शिक्षिकाओं के बीच बेहतर तालमेल से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। बैठक में सर्वसम्मति से अभिभाविका दीपा शिखर को संयोजक और मीरा देवी को सह संयोजक चुना गया। इस अवसर पर दीपा शिखर ने कहा कि कक्षा बारहवीं के बच्चों के लिए कैरियर काउंसलिंग स्वागत योग्य है। मातृ भारती की गोष्ठी में सीमा देवी, रीता भगत, सुशीला कुजुर, बिरसी उरांव, अवंती देवी, पूर्णिमा उरांव, सावित्री देवी, मातृभारती प्रमुख ऋद्धि मिश्रा और सह प्रमुख रेणु कुमारी, यशोदा कुमारी, कविता कुमारी आदि भी उपस्थित थी। मातृ गोष्ठी के समापन पर सभी माताओं ने अपने पुत्र पुत्रियों और मातृभारती से जुड़ी शिक्षिकाओं एवं प्राचार्य के साथ परिसर में पौधरोपण भी किया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन प्राधिकार की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज मंगलवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा हुई जिसमें वर्ष 2023-24 के विभिन्न मामले शामिल हैं। सर्वप्रथम इस वित्तीय वर्ष में पानी में डूबने से हुई मौत पर कुल दो मृतकों के आश्रितो को मुआवजा के भुगतान करने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई। आवंटन प्राप्त होने के उपरांत आश्रितों को भुगतान किया जाएगा। इस वित्तीय वर्ष में सड़क दुर्घटना से मृत कुल 20 व्यक्तियों के आश्रितों को भुगतान किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। अतिवृष्टि से मकान क्षति के एक मामले में भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई। अतिवृष्टि के समय नदी-नालों के तट पर सुरक्षात्मक उपाय करने के संबंध में चर्चा की गई और की गई कार्रवाई से उपायुक्त को अवगत कराया गया। जिला जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से आपदा से बचाव हेतु किये गये प्रचार-प्रसार की जानकारी दी गई। सुखाड़ योजना में बाकी बचे किसानों को योजना का लाभ दिये जाने हेतु विभाग से मार्गदर्शन मांगे जाने का निदेश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया। आज की बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, सिविल सर्जन, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी, डीडीएमओ, सहायक निबंधक सहकारिता, और एपिडिमियोलॉजिस्ट उपस्थित थे।

## ट्रैफिक इंचार्ज सुजीत कुमार की अगुवाई में चला वाहन जांच अभियान, नियम विरुद्ध वाहन हुए जब्त



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो ट्रैफिक इंचार्ज सुजीत कुमार की अगुवाई में मंगलवार को कैरो थाना के समीप में वाहन जांच अभियान चलाया गया। मौके पर एएसआई सिकंदरा बेसरा एवं कैरो थाना के एएसआई अविनाश कुमार सिंह द्वारा दो पहिया वाहनों की जांच की गई। जिसमें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों के वाहनों को जप्त किया गया। जिसे लोहरदगा जिला परिवहन कार्यालय में फाइन जमा करने के पश्चात कैरो थाना से छोड़ा जाएगा। जांच के दौरान दो पहिया वाहन के सभी जरूरी कागजात ऑनर बुक, प्रदूषण, लाइसेंस सहित ट्रिपल लोडिंग आदि की जांच की गई। जिसमें उक्त सभी जरूरी कागजात नहीं रहने पर वाहनों को जप्त किया गया। मौके पर ट्रैफिक इंचार्ज ने कहा कि सभी वाहन चालक को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना जरूरी है। हमेशा हेलमेट पहनकर चलाएं। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि हेलमेट पुलिस से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के पहनें इसके बाद ही वाहन चलाएं। मौके पर ट्रैफिक इंचार्ज सुजीत कुमार, एएसआई सिकंदर बेसरा, डीटीओ के ईटी असिस्टेंन्स दुलार कुजूर एआई वर्मा उरांव, हरेन्द्र पाठक, हसबुल अंसारी, करण कुमार, राजकुमार उरांव, पप्पू कुमार बैठा समेत महिला बल मौजूद थे।

## जय श्री राम समिति ने रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जय श्री राम समिति के द्वारा दो पीड़ित मरीजों को ब्लड दिया गया जानकारी स्वरूप सदर प्रखंड के भक्सो पंचायत निवासी उदय साहू की पत्नी सुमन देवी गौतम नर्सिंग होम में एवं नगर क्षेत्र के हरिजन स्कूल रोड निवासी उमेश चरण सिन्हा की पत्नी आरती सिन्हा पतराटोली स्थित मधु केयर हॉस्पिटल में इलाजरत डॉक्टर ने दोनों को ऑपरेशन करने को कह कर खून की तत्काल व्यवस्था करने की बात कही। परिवार के लोग काफी परेशान ब्लड की व्यवस्था नहीं कर पाए तत्पश्चात इसकी सूचना जय श्रीराम समिति के पदाधिकारियों को हुई समिति के सदस्य क्रमशः रमेश सोनी ओ नेगेटिव एवं गुड्डू साहू ए नेगेटिव ब्लड तत्काल डोनेट कर मानवता का परिचय दिया। जिला कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह ने कहा आज जय श्रीराम समिति की थोड़ी सी प्रयास से पीड़ित परिवार को राहत मिली, आगे भी समिति का यह प्रयास निरंतर चलता रहेगा। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा मानवता से ऊपर कुछ नही,लोगो को बेहिचक आगे आना चाहिए जय श्रीराम समिति प्रेरणा का एक मिशाल है इस प्रेरणा को ग्रहण कर सभी को आगे आना चाहिए जिससे कई जिंदगियां बचाई जा सकती है।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में विश्व जनसंख्या दिवस का प्रारम्भ किया गया। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ दिव्या निशि, डॉ बिनोद सुरीन के द्वारा दीप प्रज्ववलन कर शुभारम्भ किया गया। मौके पर मौजूद बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि परिवार नियोजन का तरीका अपनाये और खुशहाल जीवन व्यतीत करें साथ सभी लोगों से जनसंख्या के प्रति जागरूक होने का अपील किया। वही प्रभारी चिकित्सा पदादिकारी डॉक्टर दिव्या निशि ने विश्व जनसंख्या स्थिरता कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम 11 जुलाई से 31 जुलाई तक लगातार चलेगा। साथ ही बताया कि इस दौरान जनसंख्या नियंत्रण के लिये पुरुषनशबंदी, महिला बंध्याकरण, अंतरा, आयुषिडी का कार्य होगा।

## इंद्रेदेव उरांव ने दीप प्रज्वलित कर परिवार स्वास्थ्य मेला पखवाड़ा का किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में मंगलवार को जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, भंडरा जिप सदस्य राजमनी उरांव, मुखिया परमेश्वर महली व इंद्रेदेव उरांव ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर परिवार स्वास्थ्य मेला पखवाड़ा का उद्घाटन किया। मौके पर अतिथियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में परिवार स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम के तहत लगाएं गए स्टॉल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लिया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि सरकार द्वारा परिवार स्वास्थ्य मेला पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य को सभी स्वास्थ्य कर्मी जन-जन तक पहुंचाएं। ग्रामीणों को इसकी जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। देश में बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रण करना और इस अभियान को जन-जन तक पहुंचना है, ताकि लोगों में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता आ सकें। इस दौरान उन्होंने कहा कि छोटा परिवार खुशियां अपार व हम दो हमारे दो के स्लोगन को प्रभावी बनाना है। मौके पर डा. आकाश कुमार, साजिद अहमद, मेरी बेक, वेंकट कुमार, ऋतु कुमारी सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थी।

## प्रज्ञा सेवा संस्थान ने ग्रामीणों के बीच उन्नत किस्म के बीज का किया वितरण

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखंड के उरु, मनहे, आरा और तोरार गांव में शनिवार को झारखण्ड जलछाजन योजना के तहत प्रज्ञा सेवा संस्थान लोहरदगा के द्वारा ग्रामीणों के बीच बीज का वितरण किया गया। संस्थान के परिमल कुमार मिश्रा की अगुवाई में ग्रामीणों को उन्नत किस्म के धान, मडुवा, राहर और उरद के बीज और खाद दिए गए। इस अवसर पर संस्था के सचिव दुर्गेश कुमार, विमलेश राम, अबोध कुमार, सुधीर कुमार, आशीष कुमार सिन्हा, कृषि स्थाई समिति के सदस्य, वार्ड सदस्य, ग्राम प्रधान, प्रज्ञा सेवा संस्थान के सदस्य, जलछाजन विकास दल के सदस्य और ग्रामीण मौजूद थे।

# मोदी सरकार की नीतियों के कारण भारत बना विश्व का दूसरा बड़ा स्टील उत्पादक देश : अमित

➲ भाजपा के महाजनसम्पर्क अभियान के तहत बोसा अध्यक्ष से मिले अमित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी के महाजनसम्पर्क अभियान के तहत पार्टी के नेता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री कुमार अमित ने बोकारो स्टील ऑफ़िसर्स एशोसिएशन के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार सिंह से मिलकर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पिछले नौ वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों से अवगत कराया। इस दौरान श्री कुमार अमित ने स्टील सेक्टर में प्रधानमंत्री के द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि इस नौ वर्ष के कार्यकाल में भारत जो पहले विश्व का तीसरा बड़ा स्टील उत्पादक देश था वो मोदी सरकार की नीतियों के कारण आज जापान जैसे विकसित देश को पछाड़ते हुए विश्व का दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक देश बन गया है। नई राष्ट्रीय इस्पात नीति-2017 भी इसी मोदी सरकार की देन है जिसके तहत देश में क्रूड स्टील का उत्पादन प्रतिवर्ष तीन सौ मिलियन टन करने और प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष इस्पात खपत भी 61 किलोग्राम से बढ़ाकर 160 किलोग्राम करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा सेल के पदाधिकारियों को पंद्रह प्रतिशत एमजीबी और पैंतीस प्रतिशत पर्क देने का सम्मानजनक समझौता भी इसी नौ वर्ष के कार्यकाल में हुआ। अधिकारियों के साथ-साथ मज़दूरों को भी इस सरकार में हीं तेरह प्रतिशत एमजीबी और छब्बीस प्रतिशत से ज़्यादा पर्क की सुविधा दी गई। इन नौ वर्षों के कार्यकाल के दौरान हीं सेल सहित केन्द्र सरकार के सभी सार्वजनिक लोक उपक्रम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना को भी लागू की गई है। ठेका मज़दूरों को भी न्यूनतम वेतनमान उनके उचित कार्य दिवस के साथ दिलाने हेतु वायोमेट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था भी इसी मोदी सरकार में की जा रही है। श्री कुमार अमित ने बोसा अध्यक्ष श्री अशोक कुमार सिंह से इन उपलब्धियों के आधार पर एसोसिएशन के सभी सदस्यों से टोल फ़्री नम्बर पर मिस कॉल कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नौ वर्ष के कार्यकाल को समर्थन देने की अपील भी किया। इस दौरान भाजयुमो के बोकारो नगर महामंत्री श्री लालबाबू, अध्यक्ष श्री विशाल गौतम एवं श्री चंद्रप्रकाश भी उपस्थित थे।

## आगामी 18 अगस्त से होगा टेटईटांगर में फुटबॉल का महा मुकाबला, होंगी इनामों की बौछार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ठेठईटांगर :** ठेठईटांगर प्रखंड मुख्यालय खेल मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का महाआयोजन 18 अगस्त से शुरू किया जाएगा। ठेठईटाँगर प्रखंड मुख्यालय खेल मैदान में होने वाले डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम फुटबॉल 2023 को इस साल भी सफल बनाने को लेकर प्रखंड मुख्यालय चौक में झारखंड मेडिकल के सामने अरुण कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई।बैठक में सर्वप्रथम सर्व सहमति से टूर्नामेंट का अध्यक्ष मो. क़ूयम को बनाया गया एवम् सचिव के लिये अरशद अफ़रीदी एवम् कोषाध्यक्ष साजिद आलम को सर्वसम्मति से बनाया गया है।उपाध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से पिंटू कुमार, मो. अशफाक , पावल मुण्डू एवम् उपसचिव वेद प्रकाश (राजू), मो हाशिम को सर्वसम्मति से चुना गाया है। कमीटी को मजबूत बनाने के लिए 20 सदस्यों की कार्यकारिणी टीम गठित की गई है। फुटबॉल के इस महा मुक़ाबले की शुरुआत 18 अगस्त दिन शुक्रवार से किया जाएगा। इस महामुक़ाबले को जीतने वाले टीम के लिए प्रथम पुरस्कार स्वरूप 1,01,000 रुपए के साथ जीत की ट्रॉफ़ी एवम् द्वितीय पुरस्कार 51,000 रुपए रखा गया। फुटबॉल के इस महामुक़ाबले में भाग लेने के लिये इंट्री फीस मात्र 3100रू रखा गया है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER MINOR IRRIGATION DIVISION, GIRIDIH

Quotation Inviting Notice No.– WRD/MID/Giridih/01/2023-24. Date :- 11.07.2023

Quotations are hereby invited for 5 Hp Diesel Pump set with Pipe Line Fitting accessories, 5 HP Solar Pump Set with Solar Panel, Steell Structure Complete installation and commissioning for Micro liftirrigation schemes.The Quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par lowest market rate for forming Estimates under Minor Irrigation Division, Giridih. The Quotations will be opened in the office of Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Giridih in the presence of the authorized representatives of the quotationers if any. The Undersigned reserve the right to accept or reject any or all the quotations without assigning any reason there to.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Advertiser and Mobile No. | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Giridih 7004373197 |
| 2 | Date and Time of submission of sealed quotation | 22.07.2023 05:00 PM |
| 3 | Date and time of opening of sealed quotation | 24.07.2023 up to 05:00 PM |
| 4 | Place of quotation receipt and its opening | Office of the Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Giridih |

Details :-

| SL No. | Specification | Quantity | Unit | Quoted Rate in Rs. (both in Word & Figure) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Supplying 5 H.P Diesel Pump Set (2600 RPM) of I.S.I Mark with all accessories like suction Pipe (35 Feet), tools, hose Pipe Valve and etc with trolly Complete. | 1 | Each | |
| 2 | 5 Hp DC Solar Pump Solar Panel Set, Steel Structure Supplying Installation, Commissioning. Having valid GSTIN. For respective item confirming to MNRE norms. Operation and Maintenance works. | 1 | Each | |

Terms &Conditions :-
1. Quoted Rate Shall be inclusive of all taxes.
2. Copies of Following documents to be submitted along with quotation otherwise will be rejected outright.
A. Pan Card
B. GST No. Along with upto date “3B” (GST Return)

Executive Engineer
Minor IrrigationDivision, Giridih

PR 302047 Water Resource(23-24)D

## चलते चलते एक नजर

### सरकार ने 2025 से एसी ट्रक केबिन को अनिवार्य करने की मसौदा अधिसूचना जारी की

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने ट्रकों के केबिन में एयर कंडीशनिंग (एसी) सिस्टम को अनिवार्य करने के मसौदा की अधिसूचना जारी कर दी। यह नियम 01 जनवरी 2025 से केवल एन-2 और एन-3 श्रेणी के ट्रकों पर लागू होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी मसौदा अधिसूचना में 01 जनवरी 2025 से निर्मित होने वाले एन-2 और एन-3 श्रेणियों से संबंधित मोटर वाहनों के केबिन में वातानुकूलित प्रणाली लगाने को अनिवार्य बना दिया गया है। उल्लेखनीय है कि एन-2 श्रेणी के वाहन का कुल वजन 3500-12000 किलोग्राम के बीच होता है जबकि एन-3 श्रेणी के वाहन 12000 किलोग्राम से अधिक वजन के होते हैं। वातानुकूलित प्रणाली से युक्त केबिन के प्रदर्शन का समय-समय पर संशोधित आईएस 14618:2022 के अनुसार परीक्षण किया जाएगा। अधिसूचना जारी होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर हितधारकों से टिप्पणियां एवं सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इन्हें comments-morth[at]gov[dot]in पर भेजा जा सकता है।

### नौशेरा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सुरक्षाबलों ने एक आतंकी मार गिराया

**राजौरी :** भारतीय सेना ने मंगलवार को कहा कि राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक आतंकी को मार गिराया है। एक बयान में जम्मू स्थित सेना के प्रवक्ता ने बताया कि उनके सतर्क सैनिकों ने एक बड़े आपरेशन में नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया था। उन्होंने कहा कि 10 जुलाई की आधी रात को नौशेरा में नियंत्रण रेखा पर तैनात भारतीय सेना के जवानों ने नियंत्रण रेखा के पार से अपनी सीमा की ओर संदिग्ध रूप से बढ़ रहे आतंकियों के एक समूह की संदिग्ध गतिविधि देखा। प्रवक्ता ने कहा कि निरंतर निगरानी के दौरान जब आतंकी नियंत्रण रेखा के भारतीय हिस्से में लगभग तीन सौ मीटर अंदर थे, तभी जवानों ने उन्हें चुनौती दी। इसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि जवानों की फायरिंग में एक आतंकी मारा गया। इस फायरिंग में दो अन्य आतंकी घायल हुए है, जो जंगल में छिप गए। उन्होंने बताया कि इसके बाद अतिरिक्त सैनिकों को मौके पर बुलाया गया और पूरे जंगल क्षेत्र की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया गया। इस अभियान के दौरान मारा गए एक आतंकी का शव बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि आतंकी के कब्जे और वहां से एक एके 47 राइफल, 175 राउंड के साथ तीन एके मैगजीन, एक 9 मिमी पिस्तौल, 15 राउंड के साथ दो मैगजीन, चार हैंड ग्रेनेड, संचार उपकरण, बड़ी मात्रा में खाने की चीजें और जीवनयापन के लिए कपड़े बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि जंगल में तलाशी अभियान के दौरान जमीन पर खून के निशान और घसीटे जाने के निशान नियंत्रण रेखा की ओर जाते मिले हैं। संभवतः अन्य घायल आतंकी जंगल का फायदा उठाकर नियंत्रण रेखा के पार वापस जाने में कामयाब रहे हैं।

# मंत्री मिथिलेश ने विभागीय कार्यालय का किया निरीक्षण, लगाई फटकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मंगलवार को नेपाल हाउस स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई अधिकारी और कर्मचारी ऑफिस से नहीं दिखे।

ऑफिस देर से आने के लिए मंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों को जमकर फटकार लगायी। मंत्री ने सभी को अपनी जिम्मेदारी समझने की हिदायत दी। उन्होंने विभाग के सचिव को अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



साथ ही देर से आने वाले अधिकारियों के चेंबर को बंद करने को कहा।

मंत्री ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सरकारी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी समय की पाबंदी ड्यूटी आवर खत्म होने के समय देखते हैं लेकिन दफ्तर आने के लिए ये समय की पाबंदी नहीं देखते। मंत्री ने कहा कि सभी सही टाइम पर ऑफिस आये और विभाग के विकास को गति लाने का काम करें।

**ऑफिस देर से आने के लिए मंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों को जमकर फटकार लगायी।**

# तीन दिन बाद जम्मू से अमरनाथ यात्रियों का जत्था रवाना

**एजेंसी**

**जम्मू :** जम्मू के भगवती नगर स्थित आधार शिविर से मंगलवार दोपहर बाद अमरनाथ यात्रियों का जत्था कश्मीर घाटी के लिए रवाना किया गया है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने के चलतेतीन दिन बाद श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए रवाना गया। मंगलवार को पहले जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को भी खोल दिया गया। राजमार्ग में पहले से फंसे हजारों वाहनों को निकालने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और प्रशासन के प्रयासों के बाद मंगलवार दोपहर बाद जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से अमरनाथ यात्रियों का जत्था रवाना किया गया।

उल्लेखनीय है कि बारिश के कारण रामबन में पंथयाल के पास सड़क का एक हिस्सा बह गया था। इसके कारण बेस कैंप चंद्रकोट सहित अन्य सामुदायिक केंद्र में सातवें जत्थे को रोक लिया गया था।

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक डीजीपी दिलबाग सिंह ने मंगलवार को बताया कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को पांच दिन बाद वाहनों की आवाजाही के लिए खोला गया है। उन्होंने कहा कि 5500 तीर्थयात्रियों को लेकर फंसे वाहनों को श्रीनगर की ओर जाने की अनुमति दी गई है, जबकि यातायात अधिकारियों ने राजमार्ग पर अन्य यातायात की आवाजाही के बारे में अंतिम निर्णय आज शाम तक लिया जा सकता।

# राष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन 12 से 14 जुलाई तक तिरुपति में

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन 'संस्कृत समुन्मेषः' का आयोजन 12 से 14 जुलाई तक तिरुपति में किया जा रहा है। आंध्र प्रदेश स्थित तिरुपति के राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में संस्कृत के लगभग 60 प्रमुख लेखक एवं विद्वान सहभागिता करेंगे। इस सम्मेलन का आयोजन साहित्य अकादमी, केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय, तिरुपति के राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय और संस्कृति फाउंडेशन मैसूर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव ने मंगलवार को बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन सत्र बुधवार (12 जुलाई) को सुबह 10 बजे होगा। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान होंगे। इस सत्र में विशिष्ट अतिथि



के रूप में राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति एन. गोपालस्वामी, संस्कृति मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार रंजना चोपड़ा, संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव उमा नंदूरी, तिरुमला तिरुपति देवस्थानम् के कार्यकारी अधिकारी एवी धर्म रेड्डी होंगे। आरंभिक वक्तव्य राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के उपकुलपति जीएसआर कृष्णमूर्ति और समापन वक्तव्य साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा द्वारा दिया जाएगा। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में आठ सत्रों में अष्टावधानम्, संस्कृत एवं योग, संस्कृत एवं भारतीय संगीत, संस्कृत एवं नृत्य एवं संस्कृत नाटकों पर विभिन्न सत्रों के अलावा कवि सम्मेलन, छात्रों द्वारा कथा वाचन, रामायण के सुंदरकांड पर केंद्रित सत्र होंगे एवं विभिन्न प्रस्तुतियां भी होंगी। इस सम्मेलन को और अधिक उपयोगी और सार्थक बनाने के लिए कई प्रदर्शनियों एवं संस्कृत शोभा यात्रा का भी आयोजन किया जाएगा।

# नकली दवा बनाने वाली कंपनियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डॉ. मनसुख

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत में निर्मित दवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। नकली दवा बनाने वाली कंपनियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह बात केंद्रीय डॉ. मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को एमएसएमई क्षेत्र की फार्मा कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फार्मा उत्पादों की उच्चतम गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए, नियामक अधिकारियों ने संयंत्रों का जोखिम-आधारित निरीक्षण और ऑडिट शुरू किया है। उन्होंने कहा कि 137 फर्मों का निरीक्षण किया गया और 105 फर्मों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। 31 फर्मों में उत्पादन बंद कर दिया गया है और 50 फर्मों के खिलाफ उत्पाद एवं लाइसेंस रद्द करने और निलंबन जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 73 फर्मों को कारण बताओ नोटिस तथा 21



फर्मों के विरुद्ध चेतावनी पत्र जारी किये गये हैं। इंडस्ट्री के आश्वासन के आधार पर मंत्री ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से एमएसएमई फार्मा सेक्टर के लिए शेड्यूल एम अनिवार्य किया जाएगा, जिससे दवा की गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव ने भारतीय सहिष्णुता की तारीफ की, कहा

# भारत में सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर रहते हैं



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब के मशहूर धार्मिक विद्वान और मुस्लिम वर्ल्ड लीग (राब्ता आलम-ए-इस्लामी) के महासचिव शेख मोहम्मद अब्दुल करीम अल-ईसा ने मंगलवार को कहा कि भारत हमेशा से 'अनेकता में एकता' के सिद्धांत पर चलने वाला देश रहा है। उन्होंने भारत की सहिष्णुता की तारीफ करते हुए कहा कि यहां पर सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर रहते हैं और अपने-अपने धर्म की इबादत और पूजा पद्धति पर शांतिपूर्वक अमल करते हैं। शेख मोहम्मद ने दिल्ली के इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर में आयोजित स्वागत समारोह में ये बात कही। मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव शेख मोहम्मद इन दिनों अपने छह दिवसीय भारत दौरे पर हैं। इस दौरान मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि भारत एक हिंदू बहुसंख्यक देश है लेकिन यह एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है जैसा कि इसके संविधान में वर्णित है। यहां विविधता है लेकिन लोग एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहते हैं। भारतीय मुसलमानों को अपनी राष्ट्रीयता और संविधान पर गर्व है।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस्लाम शांति और सौहार्द का संदेश देने वाला धर्म है। इस्लाम के मानने वाले हमेशा अमन-शांति की बात करते हैं और अमन के लिए ही प्रयासरत रहते हैं। दुनिया भर में जहां कहीं भी इस्लाम के मानने वाले हैं, वहां पर शांतिप्रिय तरीके से रह रहे हैं और दुनिया को हमेशा से शांति का संदेश देते रहे हैं।शेख ने कहा कि भारत में भी मुसलमान अन्य धर्मों के लोगों के साथ हमेशा से शांति और सद्भाव के साथ रहते आ रहे हैं। यही इस्लाम का सबसे बड़ा संदेश है जिसे मुसलमान हमेशा से स्थापित करने का प्रयास करते रहे हैं। दुनिया में कोई भी व्यक्ति अकेला नहीं रह सकता है। उसे अपना जीवन व्यतीत करने के लिए अपने आस पड़ोस और अन्य धर्मों के लोगों के साथ मिलकर के ही चलना पड़ेगा। तभी वह इस धरती पर आसानी से अपना जीवन व्यतीत कर सकता है।इस मौके पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि भारत विविधता में एकता का संदेश देने वाला देश है। हमने हमेशा सभी धर्मों को यहां पर सम्मान दिया है और भारत ने हमेशा से शरणार्थियों को भी शरण दी है। उन्हें मान सम्मान दिया है। भारत में हमेशा से सभी धर्मों के लोग एक दूसरे के साथ मिलकर सौहार्दपूर्वक रहते आ रहे हैं।

# कांग्रेस महाराष्ट्र में शुरु करेगी पद यात्रा : वेणुगोपाल



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों में जुट गई है। इसी क्रम में कांग्रेस संसदीय चुनाव की तैयारी महाराष्ट्र से शुरू कर चुकी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आज महाराष्ट्र कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक हुई। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस एक वरिष्ठ नेता के नेतृत्व में सितंबर से महाराष्ट्र के हर ज़िले में एक बड़ी पदयात्रा निकालेगी और नवंबर, दिसंबर में हम बस यात्रा भी करेंगे। वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा महाराष्ट्र में लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रही है। लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ईडी, सीबीआई, आईटी के दम पर दलों को तोड़ने की कोशिश कर रही है लेकिन कांग्रेस बिना डरे लड़ाई जारी रखेगी। उल्लेखनीय है आज कांग्रेस मुख्यालय में महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैठक की।इस दौरान राहुल गांधी भी मौजूद रहे।कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में दो गुट होने के बाद उपजे समस्या को लेकर भी पार्टी नेताओं ने चर्चा की है।

